Established 1865

# पायनियर

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-14 | अंक-41 | नई दिल्ली, शनिवार, 13 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)

### 2027 में होने वाली जनगणना के लिए केंद्र सरकार ने कसी कमर

# 11,718 करोड़ के बजट को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने भारत की जनगणना 2027 के संचालन के लिए 11,718 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जनगणना कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है, जो अपनी तरह की पहली डिजिटल जनगणना होगी। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके तहत अप्रैल से सितंबर 2026 तक मकानों की सूची बनाने और आवास जनगणना का काम होगा; और फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना की जाएगी।

**अपनी तरह की पहली डिजिटल जनगणना होगी**

**दो चरणों में आयोजित की जाएगी जनगणना**

उन्होंने कहा कि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके दूर दराज के क्षेत्रों के लिए जनगणना कवायद सितंबर 2026 में होगी। वैष्णव ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रारंभिक चरण में जातिगत आंकड़े भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से एकत्र किए जाएंगे। लगभग 30 लाख कर्मचारी राष्ट्रीय महत्व के इस विशाल कार्य को पूरा करेंगे। वैष्णव ने कहा कि डेटा संग्रह के लिए मोबाइल ऐप और निगरानी उद्देश्यों के लिए केंद्रीय पोर्टल का उपयोग बेहतर गुणवत्ता वाले डेटा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि डेटा का प्रसार कहीं बेहतर और उपयोगकर्ता के अनुकूल तरीके से होगा ताकि नीति-निर्माण के लिए आवश्यक मापदंडों से संबंधित सभी प्रश्नों के उत्तर एक बटन क्लिक करने पर उपलब्ध हो सकें।



### उच्च शिक्षा के लिए एकल नियामक विधेयक मंजूर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यूजीसी और एआईसीटीई जैसे निकायों की जगह उच्च शिक्षा नियामक निकाय स्थापित करने वाले विधेयक को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित विधेयक जिसे पहले भारत का उच्च शिक्षा आयोग विधेयक नाम दिया गया था, अब विकसित भारत शिक्षा अधीक्षण विधेयक के नाम से जाना जाएगा। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित एकल उच्च शिक्षा नियामक का उद्देश्य यूजीसी, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) को प्रतिस्थापित करना है।

### अनुपयोगी 71 कानूनों को निरस्त करने की कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को उन 71 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी जिनकी उपयोगिता कानून की किताबों में समाप्त हो चुकी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन 71 कानूनों में से 65 प्रमुख अधिनियमों में संशोधन हैं और छह प्रमुख कानून हैं। अधिकारियों ने बताया कि निरस्त किए जाने वाले प्रस्तावित कानूनों में से कम से कम एक कानून ब्रिटिश काल का है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित निरसन और संशोधन विधेयक का उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों को रद्द करना नहीं है, बल्कि उन अधिनियमों को हटाना है जिनकी उपयोगिता समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया, संसद द्वारा संशोधन पारित हो जाने के बाद वह मूल कानून में समाहित हो जाता है।

### परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी संबंधी विधेयक को अनुमति

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी को अनुमति देने संबंधी प्रस्तावित विधेयक पर अपनी मुहर लगा दी। इसका उद्देश्य 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को पूरा करना है। मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शांति विधेयक को मंजूरी दी गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में अपने बजट भाषण में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए खोलने की योजनाओं की घोषणा की थी। सीतारामण ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के अनुसंधान और विकास के लिए 20,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ परमाणु ऊर्जा मिशन की भी घोषणा की, और 2033 तक स्वदेश में ही विकसित पांच एसएमआर को परिचालन में लाने का लक्ष्य रखा है।

# धरती का स्वास्थ्य सही रहेगा तभी बची रहेगी सृष्टि : सीएम योगी

**पायनियर समाचार सेवा। बाराबंकी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को किसानों से कहा कि धरती का स्वास्थ्य सही रहेगा तभी सृष्टि बची रहेगी। बाराबंकी के दौलतपुर ग्राम में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन तथा खेती की बात खेत पर नामक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रबी सत्र की किसान पाठशाला की शुरूआत करते हुए कहा कि धरती माता हमारा पेट भरने के लिए अन्न उत्पन्न करती है, लेकिन इसका स्वास्थ्य भी ठीक रहना चाहिए और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो मानव ही नहीं बल्कि सारी सृष्टि बची रहेगी।

**सीएम योगी ने रबी सत्र की किसान पाठशाला की शुरूआत की**

खेत पर पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की कृषि प्रगति, बहुफसली खेती, तकनीकी नवाचार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था की पारदर्शिता और किसानों की आय वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनेक कार्यक्रम वर्तमान में चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नेशनल विजन ऑफ नेचुरल फार्मिंग के जिस अभियान को आगे बढ़ाया है ये उसी कड़ी का हिस्सा है। योगी ने कहा, वे (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) हमेशा कहते हैं कि किसान की आमदनी को बढ़ाने का पहला मंत्र है लागत कम हो तथा उत्पादन ज्यादा हो। अन्नदाता किसान को समय पर बीज, खाद, सिंचाई की सुविधाएं तथा वैज्ञानिक पद्धतियों का सहयोग मिले तो ये संभव है।



### 2017 से पहले की तुलना में हो रहा रिकॉर्ड उत्पादन

योगी के अनुसार देश की कुल कृषि योग्य भूमि में उत्तर प्रदेश का हिस्सा 11 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय खाद्यान्न आपूर्ति में प्रदेश का योगदान 21 प्रतिशत है। सरकार ने किसानों को बीज से लेकर बाजार तक आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी सुनिश्चित की है। स्वॉइल हेल्थ कार्ड, फसल बीमा, गन्ना भुगतान, कृषि मंडियों के विस्तार तथा स्टोरेज और प्रोसेसिंग सुविधाओं ने किसानों को लाभ पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नौ भौगोलिक जलवायु क्षेत्र हैं और इनके अनुरूप उन्नत बीज तथा तकनीक उपलब्ध कराने पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले की तुलना में आज रिकॉर्ड उत्पादन और पारदर्शी व्यवस्था ने प्रदेश की प्रगति को नयी दिशा दी है। कृषि विकास दर को 8.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 17.7 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है।

## सार संक्षेप

### जुबिन गर्ग मौत मामले में आरोपपत्र में चार लोगों पर हत्या का आरोप

**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग की मौत की एसआईटी ने शुक्रवार को गुवाहाटी की एक अदालत में आरोपपत्र दाखिल कर श्यामकानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा समेत चार लोगों पर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया । आरोपियों में शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत भी शामिल हैं। श्यामकानु महंत सिंगापुर में आयोजित किये गये उत्तर पूर्व भारत महोत्सव का मुख्य आयोजक था और इस कार्यक्रम में गर्ग ने भाग लिया था। इसी महोत्सव में 19 सितंबर को समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में गर्ग की मौत हो गयी थी। वकीलों ने बताया कि गर्ग के चचेरे भाई और असम पुलिस के निलंबित अधिकारी संदीपन गर्ग पर आज सुबह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दाखिल किये गये 3,500 से अधिक पृष्ठों के आरोपपत्र में गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है।

### आंध्रा में बस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत

**चिंतूरु (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में शुक्रवार को एक बस सड़क से फिसलकर नीचे गिर गई और पलट गई, जिससे कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चित्तूर से पड़ोसी राज्य तेलंगाना जा रही बस में चालक और खलासी समेत 37 लोग सवार थे। इनमें से छह लोग सुरक्षित हैं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित बरदार ने बताया कि दुर्घटना एक दुर्गा मंदिर के पास चिंतूर-मारेदुमिल्ली घाट सड़क पर सुबह करीब 4:30 बजे हुई। बरदार ने बताया, घाट रोड सड़क से बस के नीचे गिर जाने के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 687 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.03 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.88 अरब डॉलर घटकर 686.23 अरब डॉलर रह गया था। जारी आंकड़ों के अनुसार, पांच दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

### राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ का मनाया जाएगा उत्सव

# 31 दिसंबर को सात मंदिरों के शिखर पर होगा ध्वजारोहण

**पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार को कहा कि राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 31 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित सात उप-मंदिरों के शिखरों पर ध्वज/वंदन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ट्रस्ट के अनुसार इस बार वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जाएगी। शनिवार को प्रस्तावित ट्रस्ट की बैठक में प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि 31 दिसंबर को होने वाले समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने की संभावना है।

**समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी के शामिल होने की संभावना**

उन्होंने कहा कि उस दिन दोनों नेता संयुक्त रूप से सभी सात उप मंदिरों के शिखरों पर ध्वज फहरा सकते हैं। ट्रस्ट के सूत्रों ने बताया कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान, जब उन्होंने मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज फहराया था तब शिव, सूर्य, गणपति, हनुमान, भगवती, अन्नपूर्णा और शेषावतार मंदिरों के शिखरों पर भी ध्वज फहराने की योजना थी। सूत्रों ने कहा, तब इस योजना को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था। साथ ही कहा कि उस समय साज-सज्जा का कार्य अंतिम दौर में था।



### 27 दिसंबर से शुरू होंगे अनुष्ठान

सूत्रों ने दावा किया है कि सातों मंदिर अब पूरी तरह तैयार हो चुके हैं, सजावट का काम भी पूरा हो गया है। प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के दौरान ध्वज फहराने की तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि समारोह से जुड़े अनुष्ठान 27 दिसंबर से शुरू होंगे, जिनमें फहराए जाने वाले ध्वजों की पूजा भी शामिल है। इन ध्वजों के डिजाइन को पहले ही अंतिम रूप दिया जा चुका है। ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तिमाही बैठक शनिवार को होगी, जिसमें राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

# अंडमान में सावरकर की प्रतिमा का अनावरण

**एजेंसी। श्री विजयपुरम**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बेओदनाबाद में विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा को दक्षिण अंडमान जिले के एक पार्क में स्थापित किया गया है।

**अमित शाह और संघ प्रमुख भागवत ने रुद्राक्ष के पौधे लगाए**

अपराह्न तीन बजकर 15 मिनट पर प्रतिमा के अनावरण के बाद शाह और भागवत ने पार्क के भीतर रुद्राक्ष के पेड़ रोपे। कार्यक्रम स्थल पर उपराज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी (आईडीए) के उपाध्यक्ष डी.के. जोशी ने गृह मंत्री और आरएसएस प्रमुख का स्वागत किया। इसके बाद शाह और भागवत श्री विजयपुरम स्थित बी.आर. आंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान (डीबीआरएटी) के लिए रवाना हुए, जहां वे सावरकर पर आधारित एक गीत जारी करेंगे। सावरकर को अंग्रेजों ने 1911 में पोर्ट ब्लेयर (वर्तमान श्री विजयपुरम) की सेलुलर जेल में कैद किया था। अधिकारियों के अनुसार, शाह बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े 12 बजे यहां पहुंचे, जबकि भागवत शाम को ही यहां पहुंच गए थे।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल का निधन

**एजेंसी। लातूर**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार सुबह महाराष्ट्र में उनके गृह नगर लातूर में निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने बताया कि पाटिल कुछ समय से बीमार थे और उन्होंने अपने आवास देवघर पर अंतिम सांस ली। वह 90 वर्ष के थे। उन्होंने बताया कि पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। पाटिल के परिवार में बेटा शैलेश पाटिल, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं। उनकी बहू अर्चना ने पिछले साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर लातूर शहर से कांग्रेस के अमित देशमुख के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन वह हार गयी थीं। पाटिल अपने अंतिम दिनों तक कांग्रेस और नेहरूझगांधी परिवार के प्रति वफादार रहे।



# सुकमा में 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**एजेंसी। सुकमा (छत्तीसगढ़)**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शुक्रवार को कुल 33 लाख रुपये के इनामी 10 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि पुलिस की पूना मारगेम पहल के तहत आज कुल 10 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें छह महिलाएं शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित है। इन आत्मसर्पण करने वाले नक्सलियों ने एक एके-47, दो एसएलआर राइफल, एक स्टेन गन, एक बीजीएल लांचर भी सौंपा। हथियारों को जमा करने पर कुल आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से कंपनी प्लाटून कमांडर मिड़यम भीमा (30) पर आठ लाख रुपये का इनाम है। वहीं चार अन्य नक्सली गंगा कुंजाम (22), लेकाम रामा, ताती सोनी (32), और शांति सोड़ी (21) पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है।

**सभी पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम था घोषित**

### मुख्यधारा में जुड़ रहे नक्सली

पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि पिछले 11 महीनों में बस्तर रेंज में 1514 से अधिक नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर सामाजिक मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है। अधिकारी ने कहा, शेष माओवादी कैडर जिनमें पोलितब्यूरो सदस्य देवजी, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य पाप्पा राव, देवा (बारसे देवा) तथा अन्य शामिल हैं, के पास हिंसा त्याग कर मुख्यधारा में शामिल होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। पुलिस ने बताया कि पिछले दो सालों में छत्तीसगढ़ में बड़े नक्सली नेताओं समेत लगभग 2400 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। केंद्र सरकार ने मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है।

### इंडिगो संकट : प्रतिस्पर्धा मानदंडों के उल्लंघन की आशंका की जांच जारी

# सीसीआई की जांच के घेरे में इंडिगो : अधिकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई इस बात की जांच कर रहा है कि क्या देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने प्रतिस्पर्धा मानदंडों का उल्लंघन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह जानकारी विमानन कंपनी के उड़ान व्यवधानों को लेकर नियामक जांच का सामना करने के बीच सामने आई है। घरेलू बाजार में 65 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो ने दो दिसंबर से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी हुई है। अब स्थिति स्थिर हो रही है।

**सैकड़ों उड़ानें रद्द करने से हजारों यात्री हुए परेशान**

विमानन सुरक्षा नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) उड़ान व्यवधानों की जांच करने के साथ-साथ इंडिगो के परिचालन की निगरानी भी बढ़ा रहा है। वहीं कुछ हलकों में इस बात को लेकर चिंताएं हैं कि क्या विमानन कंपनी की प्रमुख स्थिति भी इसका एक कारण हो सकती है। सीसीआई आंतरिक रूप से इस बात की जांच कर रहा है कि क्या इंडिगो ने प्रतिस्पर्धा मानदंडों का उल्लंघन किया है। अधिकारी ने बताया कि समग्र प्रभुत्व की स्थिति, विशेष मार्गों पर प्रभुत्व और क्या प्रभुत्व का दुरुपयोग हो रहा है जैसे विभिन्न पहलुओं की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इंडिगो के खिलाफ अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है और सीसीआई स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच कर रही है कि क्या प्रतिस्पर्धा नियमों का उल्लंघन हुआ है। प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा-4 प्रभुत्व के दुरुपयोग से संबंधित है जो शोषणकारी या बहिष्करणकारी हो सकता है। शोषणकारी का तात्पर्य अत्यधिक मूल्य निर्धारण जैसे कृत्यों से है जबकि बाजार पहुंच से वंचित करना बहिष्करणकारी खंड के अंतर्गत आता है। नियमों के अनुसार सीसीआई सबसे पहले उपलब्ध जानकारी की विस्तृत जांच करके यह निष्कर्ष निकालता है कि क्या प्रतिस्पर्धा मानदंडों के उल्लंघन के प्रथम दृष्टया प्रमाण मौजूद हैं।




### 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर निलंबित

**मुंबई।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने इंडिगो के परिचालन में भारी व्यवधान उत्पन्न करने के आरोप में चार उड़ान परिचालन निरीक्षकों (एफओआई) को निलंबित कर दिया है। विमानन कंपनी ने शुक्रवार को बेंगलुरु हवाई अड्डे से 50 से अधिक उड़ानें रद्द की हैं। उड़ान परिचालन निरीक्षक (एफओआई), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के वरिष्ठ अधिकारी होते हैं जो इसके नियामक एवं सुरक्षा निरीक्षण कार्यों को अंजाम देते हैं और अकसर विमानन कंपनी के परिचालन की निगरानी के लिए तैनात किए जाते हैं। एक सूत्र ने बताया, इंडिगो की उड़ानों में हाल ही में बड़े पैमाने पर हुए व्यवधान के संबंध में डीजीसीए के चार उड़ान परिचालन निरीक्षकों (एफओआई)को निलंबित कर दिया गया है।

योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में हर मास - एक उपवास का संकल्प

# अध्यात्म और कर्मयोग का संगम दुनिया को देगा नया संदेश : ओम बिरला











पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें योग और उपवास के दो प्रसिद्ध संतों - योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में, एक जन आंदोलन हर मास - एक उपवास (हर महीने 7 तारीख को एक बार उपवास) शुरू किया गया। यह द्वि-दिवसीय सम्मेलन 4 सत्रों में जनमंगल की सम्यग्दृष्टि -उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन पर केन्द्रित है। दोनों युग-पुरूषों ने जनमंगल के लिए हर मास एक उपवास महाभियान से मानवता को समस्त सिद्धिदायक महामंत्र देने का संकल्प किया है। इस आंदोलन से देश के प्रमुख संतगण, राजनेता तथा विख्यात हस्तियों के साथ-साथ दुनिया भर में लाखों लोग जुड़ चुके हैं।

कार्यक्रम में अंतर्मना प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि उपवास आत्मिक ऊर्जा को जगाने वाला दिव्य साधन है। उपवास का उद्देश्य तन, मन व आत्मा को शुद्ध करना है। उपवास तन की स्वच्छता, मन के परिशोधन, जीवन के पुनर्गठन व जीवन के उत्थान का सर्वोत्तम साधन है। उपवास के दौरान भावनाएँ नियंत्रित होती हैं, क्रोध घटता है, मन शांत होता है और ध्यान गहरा होता है। व्यक्ति नकारात्मक विचारों से मुक्त होकर सकारात्मकता और मानसिक स्थिरता का अनुभव करता है। अंतर्मना ने कहा कि उपवास आत्मा का भोजन है जो साधक को आसक्ति से मुक्त करता है। उपवास शरीर को ऐसी प्राकृतिक अवस्था में ले जाता है जहां शरीर स्वयं का उपचार करता है। उपवास से प्रतिरक्षा प्रणाली भी मजबूत होती है। यह वह अवस्था है जहां शरीर बिना दवाओं के स्वयं को ठीक करता है। उन्होंने कहा कि उपवास का प्रभाव केवल शरीर तक सीमित नहीं रहता, यह मन पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

जैन मुनि पीयूष सागर जी महाराज ने उपवास स्वस्थ जीवन का आधार है। उपवास करने से प्रतिरोधक क्षमता अवश्य बढ़ जाती है, यह इम्यूनिटी बूस्टर है। युगों-युगों तक योग क्रांति के लिए लोग स्वामी रामदेव जी को जानेंगे। उपवास जीवन में तीन बातें लेकर आता है- पात्रता, पवित्रता व पावनता। स्वामी रामदेव जी महाराज सुबह उठाकर लोगों में पात्रता ला रहे हैं और निरंतर योग से उनमें पवित्रता व पावनता भी ला रहे हैं। उपवास का भी यही उद्देश्य है।

आचार्य बालकृष्ण ने आयुर्वेद में उपवास के महत्व सहित कई देशों में उपवास की महत्ता को बताया। उन्होंने रेस्टोरेंट कल्चर को रोगों की उत्पत्ति का सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा कि स्वयं कम भोजन करें अपितु भूखों को भोजन कराइएँ, यह भी उपवास ही है। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि यह भारत मण्डपम में कोई तीर्थ यात्रा चल रही है। सभी इस तीर्थ का लाभ लें। हर माह एक उपवास महायात्रा की शुरूआत महापुरुषों की उपस्थिति में हुई है लेकिन मेरा मानना है कि प्रत्येक सप्ताह एक उपवास होना चाहिए, यह हमारे और हमारे समाज दोनों के लिए यह जरूरी है। उपवास हमारे शरीर के शुद्धिकरण का सबसे बड़ा मार्ग है। वहीं सांसद श्री योगेंद्र चंदोलिया ने उपवास की महत्ता बताते हुए माह में एक दिन उपवास का संकल्प लिया।

सम्मेलन में भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन श्री एन. पी. सिंह, आचार्य लोकेश मुनि, महंत बालकनाथ योगी जी महाराज, बाबा सत्यनारायण मौर्य और पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने उपवास विज्ञान पर व्याख्यान दिए। डॉ. यशदेव शास्त्री, साध्वी देवप्रिया, बहन ऋतम्भरा भी कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

सुप्रसिद्ध लिवर विशेषज्ञ डॉ. एस. के. सरीन ने उपवास के वैज्ञानिक पक्ष को सामने रखते हुए उपवास की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उपवास से फैटी लिवर के साथ-साथ विभिन्न लिवर रोगों का उपचार संभव है। उपवास से ऑटोफेजी अर्थात शरीर में सेल्फ रिपेयर की क्षमता बढ़ती है। शतायु व स्वस्थ जीवन व डिलेइंग एजिंग के लिए उपवास सबसे सरल व प्रामाणिक तरीका है।

### हर धर्म में उपवास का समान रूप से प्रावधान और महत्व

सम्मेलन में स्वामी रामदेव ने कहा कि हर मत, पंथ, परम्परा, धर्म, अनुष्ठान और शुभ प्रसंग में उपवास का समान रूप से प्रावधान और महत्व है। उपवास से शरीर, मन और अंतःकरण की शुद्धि होती है जिससे मनुष्य जीते जी जीवन से मुक्त हो जाता है। उपवास से मनुष्य सहज योग व सहज समाधि को उपलब्ध हो जाता है। शरीर के तप, वांग्मय तप और मन के तप की सिद्धि उपवास उपासना से होती है। इसलिए सप्ताह मे न सही तो कम से कम माह में एक बार तो उपवास का संकल्प सब आज यहाँ से लेकर जाएँ। उन्होंने बताया कि आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने 557 दिवस तक निरंतर तथा अपने जीवनकाल में अभी तक 18 वर्ष उपवास करके (और अब तक 3500 से ज्यादा उपवास सिद्ध कर के) उपवास शिरोमणी की प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

### सांस्कृतिक विज्ञान का साक्षी है भारत मण्डपम की भूमि

सम्मेलन का अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा भारत मण्डपम की यह भूमि आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विज्ञान का अद्भुत साक्षी बन रहा है। पूज्य अंतर्मना ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विज्ञान, वैयक्तिक विकास व आत्म विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इनका तप-तपस्या अद्भुत है। यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संदेश देगा। देश की राजधानी दिल्ली से देश को संदेश जाएगा और देश से दुनिया तक यह बात पहुँचेगी। जहाँ एक ओर आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज आध्यात्मिक ज्ञान का दर्शन देकर आत्म विकास का मार्ग बता रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर स्वामी रामदेव जी महाराज कर्मयोग, भारतीय शिक्षा, स्वदेशी जीवन और योग विज्ञान के माध्यम से देश व दुनिया को स्वास्थ्य प्रदान कर रहे हैं।

### पूरे विश्व ने सीखा योग, प्राणायाम

कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज से हमने ही नहीं पूरे विश्व ने योग, प्राणायाम, आयुर्वेद के ज्ञान सीखा है। पूज्य स्वामी जी महाराज ने न केवल हमें योग सिखाया है अपितु मैकाले की दोषपूर्ण शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने हेतु भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना कर स्वदेशी शिक्षा के सशक्त विकल्प को जनमानस को सुलभ कराया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय शिक्षा, संस्कार व परम्पराओं पर आधारित भारतीय शिक्षा बोर्ड 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव साबित होगा।

### उपवास रखकर भी कोई भी रह सकता है स्वस्थ

इंडिया टीवी के चेयरमैन श्री रजत शर्मा ने कहा कि उन्हें स्वामी रामदेव जी महाराज पहले ऐसे महापुरुष मिले जो केवल जीने के लिए खाते हैं। अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज की तपस्या, व्यक्तित्व व उनके द्वारा किए गए कार्य किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। आज लोग खाने के विषय में ज्यादा व उपवास के विषय में कम बात करते हैं। उपवास संयम, अनुशासन व संकल्प की परीक्षा का नाम है। मन में तो भोजन की तीव्र इच्छा होती है, मन में तरह-तरह के व्यंजन के विचार आते हैं, ऐसे में संकल्प इतना मजबूत होना चाहिए की इच्छा पर नियंत्रण किया जा सके। संयम व संकल्प का सबसे बड़ा उदाहरण अंतर्मना आचार्य प्रसन्न जी महाराज व स्वामी रामदेव जी महाराज हैं।

## गुर्जर महोत्सव 2025 में सेव गुर्जर विलेज का संदेश, इतिहास और संस्कृति की रक्षा पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव 2025 में सिर्फ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लोक कला ही नहीं, बल्कि सामाजिक संदेशों ने भी अपनी छाप छोड़ी। इस अवसर पर सेव गुर्जर विलेज, सेव ऑवर कल्चर, सेव ऑवर हिस्ट्री, का संदेश प्रदर्शित किया गया, जिसने आगंतुकों का ध्यान खींचा और संस्कृति तथा ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर किया। महोत्सव में अंगपुर गांव के एक घर के सामने बल्डोजर चलाने की तस्वीरों का प्रदर्शन किया गया, जिसके माध्यम से स्थानीय समुदाय ने यह संदेश दिया कि हमारी गांवों, संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों को बचाना जरूरी है। उपस्थित दर्शकों ने इन तस्वीरों और संदेशों को देखकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी की याद दिलाई। इस प्रदर्शन का उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि आधुनिक विकास की दौड़ में हमारी संस्कृति, परंपराएं और इतिहास खोने के कगार पर हैं। गुर्जर महोत्सव के आयोजकों ने कहा कि इस तरह के संदेश बच्चों और युवाओं को भी यह सिखाने का काम करते हैं कि अपनी जड़ों और विरासत को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। महोत्सव में आगंतुकों ने न केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया, बल्कि लोकनृत्य, गीत, नुक्कड़ नाटक और हस्तशिल्प प्रदर्शन के माध्यम से गुर्जर समुदाय की विविध संस्कृति के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। अंगपुर गांव के घर की तस्वीरों ने यह भी दिखाया कि कैसे कुछ निर्माण कार्य और बुल्डोजर के चलते गांवों और स्थानीय इतिहास को नुकसान पहुँच सकता है। मुख्य आयोजक दिवाकर बिधूड़ी ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल सांस्कृतिक उत्सव मनाना नहीं है, बल्कि लोगों को यह भी दिखाना है कि गांवों, परंपरा और इतिहास को बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। गुर्जर महोत्सव के माध्यम से हम यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि विकास के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को भी संरक्षित रखना अनिवार्य है। इस प्रकार गुर्जर महोत्सव 2025 में सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक संदेश का अद्वितीय संगम देखने को मिला।

## साइबर पुलिस ने शातिर साइबर ठग को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के मध्य जिले की साइबर थाना पुलिस ने झारखंड के जामताड़ा से एक शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने बिजली मीटर का कनेक्शन काटने का डर दिखाकर एक शख्स के मोबाइल का रिमोट एक्सेस हासिल कर लिया और ठगी को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान उमेश कुमार रजक (26) के तौर पर हुई है। उसके पास से तीन हाई-एंड एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। मध्य जिला के डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया कि मिंटो रोड के एक शिकायतकर्ता ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। कॉलर ने खुद को बिजली विभाग का बताकर शिकायतकर्ता को कस्टमर सपोर्ट नाम से एकएपी के लिंक भेजा। लिंक इंस्टॉल होते ही ठग ने मोबाइल का रिमोट एक्सेस हासिल कर लिया।

## खुद को भाजपा नेता बताकर फर्जीवाड़ा करने का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नाम और पहचान बताकर खुद को फर्जी रूप से भाजपा अध्यक्ष बताने का मामला सामने आया है। आरोपी ने उनके नाम और फर्जी पहचान की मदद से यूपी सरकार से लाभ लेने की कोशिश की। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि उसने लाभ प्राप्त किया या नहीं।

हालांकि उस जालसाज के खिलाफ सेंट्रल जिले की साइबर पुलिस थाने में बीएनएस की धारा 319/336 के तहत मामला दर्ज किया है। यह शिकायत दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की तरफ से दी गई है। आरोपी लगातार उनके नाम और फर्जी तस्वीरों का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की कोशिश कर रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को 11 दिसंबर को शिकायत मिली थी कि भाजपा के एक सीनियर नेता की फर्जी पहचान बनाई गई है। जालसाज खुद को भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के तौर पर अपनी पहचान लोगों को देता है। उसने वीरेन्द्र सचदेवा का फर्जी प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री के कार्यालय में फोन किया और धोखाधड़ी के लिए लाभ प्राप्त करने की कोशिश की।

## पुरानी रंजिश में मारी बिल्डर को गोली

**नई दिल्ली।** शाहदरा थाना क्षेत्र में एक बिल्डर को गोलियां मारने का मामला सामने आया है,बिल्डर की हत्या करने के मकसद से बाइक सवार बदमाशों ने गोलियां मारी और मौके से फरार हो गए ' सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया प्रारम्भिक जांच में मामला पुरानी रंजिश का लग रहा है जिस वजह से हत्या करने का प्रयास किया गया । 10:31 बजे पुलिस स्टेशन शाहदरा में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें निशा ने बताया कि उनके पति को किसी ने गोली मार दी है और उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान, घायल व्यक्ति की पहचान जोगेंद्र राठौर उर्फ बिल्ला (50) पिता श्री काशी राम, निवासी बलबीर नगर शाहदरा के रूप में हुई। उनकी पीठ में तीन गोलियां लगी हैं और वे अस्पताल में भर्ती हैं जहां उनकी हालत स्थिर है।

## गुरुग्राम जिला स्केटिंग चैंपियनशिप में रॉयल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




स्कूल स्पोर्ट्स एजुकेशन एसोसिएशन ऑफ गुरुग्राम द्वारा आयोजित जिला स्केटिंग चैम्पियनशिप 2025 में रॉयल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल वजीरपुर सेक्टर-95 के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न श्रेणियों में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन गुरु श्री जगराज सिंह साहने जी बैंक्ड स्केटिंग ट्रैक दौलताबाद, सेक्टर-103 गुरुग्राम में किया गया। चैम्पियनशिप में अंडर-12 में हर्षित, अनुज, अंडर-15 में अंकित व अंडर-8 में परी खेत ने स्वर्ण पदक जीते। अंडर-10 में सचिन व हितेन ने रजत पदक हासिल किए। अंडर-10 में ही विराट ने व अंडर-15 में सत्यम ने कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में पीटीआई योगेश सिंह, पीटीआई संजू जाट को उनके उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए बेस्ट कोच का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डा. विजय सिंह एवं खेल प्रशिक्षकों ने सभी विजेता छात्रों और कोचों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मेट्रो में चोरी करने वाली चार महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में सक्रिय एक महिला चोर गैंग को राजा गार्डन मेट्रो थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शादीपुर मेट्रो स्टेशन पर पकड़ी गई चारों महिलाओं के पास से पुलिस ने चोरी किए गए सोने की जूलरी और नकदी बरामद की है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान कोमल (22), नेहा (22), योगिता (22), और गीता (45) के रूप में हुई है। गीता गिरोह की सरगना है और उस पर पहले से कई मामले दर्ज है। मेट्रो डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि रेवाड़ी निवासी विवेकानंद ने मेट्रो पुलिस को चोरी की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह चार दिसंबर को मेट्रो से यात्रा कर रहे थे। आरके आश्रम स्टेशन के पास उनका पर्स चोरी हो गया।

## रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना महत्वपूर्ण : राजीव रंजन

- पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के लिए गुरुग्राम में अवेयरनेस वर्कशॉप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने कहा कि प्रदेश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने तथा उद्योगों को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध होंगे और उद्योगों को कार्यबल सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। प्रधान सचिव राजीव रंजन शुक्रवार को गुरुग्राम के जीआईए हाउस स्थित सभागार में आयोजित एक दिवसीय अवेयरनेस वर्कशॉप को संबोधित कर रहे थे। यह वर्कशॉप एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट्स, एसईजेड एंटरप्राइजेज, एमएसएमई प्रतिष्ठानों तथा गुरुग्राम की विभिन्न इंडस्ट्रियल एसोसिएशनों के लिए आयोजित की गई थी। राजीव रंजन ने वर्कशॉप में उपस्थित नियोक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजना को एक अगस्त 2025 से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के रूप में लागू किया गया है। विकसित भारत पहल के अनुरूप तैयार की गई यह योजना देशभर में समावेशी एवं स्थायी रोजगार अवसरों के सृजन में सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान उन्होंने योजना के संदर्भ में नियोक्ताओं से सुझाव भी मांगे। प्रधान सचिव ने यह योजना विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगारों को प्रोत्साहित करेगी तथा विनिर्माण सेक्टर पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगी। योजना के दो प्रमुख भाग निर्धारित किए गए हैं। पीएफओ में पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को लक्षित करते हुए, इस भाग में एक महीने का ईपीएफ वेतन, अधिकतम 15,000 रुपये दो किश्तों में दिया जाएगा। एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे। पहली किश्त 6 महीने की सेवा के बाद और दूसरी किश्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। बचत की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए बचत साधन या जमा खाते में रखा जाएगा और कर्मचारी बाद में इसे निकाल सकेगा। यह भाग सभी सेक्टरों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को कवर करेगा, जिसमें विनिर्माण सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## परियोजनाओं को लेकर विभागों में समन्वय जरुरी : राव नरबीर

- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जिला के विकास व नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। साथ ही जिले में चल रहे सभी विकास कार्यों के दौरान पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां संभव हो पेड़ों को नहीं काटा जाए और अधिकतम संख्या में उन्हें बचाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने यह बात शुक्रवार को गुरुग्राम के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जिला में जारी विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा व अंतर विभागीय विषयों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने जीएमडीए द्वारा विभिन्न सेक्टर्स में सडकों के सुधारीकरण के बारे में जानकारी ली। बैठक में जीएमडीए अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-58/61, 59/61 डिवाइडिंग रोड, सेक्टर-28/43 रोड, सेक्टर-58 से 67, एमजी रोड तथा 62/65 रोड पर फुटपाथ और साइकिल ट्रैक निर्माण के दौरान बिजली के खंभे अड़चन बने हुए हैं। मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई शुरू करने और फरवरी माह के अंत तक सभी खंभों के स्थानांतरण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। वन विभाग से जुड़े मामलों पर मंत्री ने कहा कि कई सडकों पर निर्माण कार्य बाधित होने के बावजूद पेड़ों को अनावश्यक रूप से न काटा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो पेड़ों को बचाया जाए और विकल्प तलाशे जाएं। राव नरबीर सिंह ने जिला में ड्रेनेज की सफाई के बारे में भी विभागवार समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्ग की सरफेस ड्रेनों की सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके साथ ही जहां नई ड्रेनेज कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, उसे मानसून से पहले ही पूरा करने के निर्देश दिए गए। नरसिंहपुर के पास प्रस्तावित कल्वर्ट निर्माण कार्य को भी जल्द शुरू करने पर जोर दिया गया।

### सडकों के रख-रखाव और एक्सीलेटर संचालन पर चर्चा

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के एक्सीलेटर शुरू करने, 24 मीटर सडकों की मरम्मत और नियमित रख-रखाव पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने संबंधित विभागों को सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही नई सडक परियोजना का काम शुरू करने से पहले फुटपाथ और ड्रेनेज का कार्य पूरा होना चाहिए और निर्माण करने वाली एजेंसी को भुगतान करने के लिए संबंधित आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों की सहमति ली जाए। राव नरबीर सिंह ने आदेश दिए कि सभी ग्रीन बेल्ट सडकों के लेवल से नीचे रखी जाएं, सभी स्लिप रोड रेड लाइट से 50 मीटर पहले बनाई जाएं। उन्होंने सडकों की डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड को बढ़ाकर पाँच वर्ष करने की बात भी कही, ताकि निर्माण गुणवत्ता में सुधार हो।

## धोखाधड़ी के लिए ऐप तैयार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के कई मामलों में इस्तेमाल किए गए रिमोट-एक्सेस मोबाइल एप्लिकेशन को कथित तौर पर तैयार करने और ठगों को उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति को झारखंड के जामताड़ा इलाके से हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उमेश कुमार राजक (26) को पांच दिसंबर को देवघर से हिरासत में लिया गया। यह कार्रवाई दिल्ली के एक निवासी से 1.2 लाख रुपये की साइबर ठगी की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच के आधार पर की गई। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वाल्सन ने बताया, मिंटो रोड निवासी शिकायतकर्ता को 29 जुलाई को एक व्यक्ति ने खुद को बिजली विभाग का अधिकारी बताकर फोन किया और चेतावनी दी कि उसका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बाद उसने कस्टमर सपोर्ट नाम की एक एपीके फाइल भेजकर उसे फोन में इंस्टॉल करने को कहा। डीसीपी के अनुसार, फाइल इंस्टॉल होने के बाद ठगों ने पीड़ित के मोबाइल फोन का रिमोट एक्सेस हासिल कर लिया, जिससे उन्होंने डिजिटल भुगतान ऐप के माध्यम से पीड़ित के खाते से रुपये अंतरित कर लिये।

सार्वजनिक सूचना

Name change

I, Yashali Malik W/o Sh. Manish Sehgal R/o H.No.5J-112, 2nd Floor, Faridabad do have changed my name to YASHALI SEHGAL.

# सिख दंगों से पीड़ित 36 परिवारों को मिली नौकरी

## सीएम रेखा गुप्ता ने प्रभावित परिवारों के सदस्यों को सौंपे नियुक्ति पत्र

- गुप्ता ने 1984 में हिंसा से जुड़ी अपने बचपन की यादों को साझा किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से प्रभावित परिवारों के 36 सदस्यों को शुक्रवार को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हालांकि कोई भी सरकारी सहायता पीड़ितों के आघात को मिटा नहीं सकती, फिर भी उनका प्रशासन उन्हें सम्मान और न्याय के साथ सहायता प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध है।

इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए 1984 में हिंसा से जुड़ी अपने बचपन की यादों को साझा किया। गुप्ता ने कहा, "जब 1984 में दंगे हुए थे, तब मैं लगभग 10 साल की थी। हर कोई डरा हुआ था। लोग अपनी पहचान छिपा रहे थे। हम सबने वो भयानक दृश्य देखे हैं। गुप्ता ने कहा कि उन दृश्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, "कोई भी सहायता उन दिनों के दर्द को पूरी तरह से कम नहीं कर सकती, लेकिन सरकार को पीड़ितों के साथ खड़ा होना चाहिए।" मुख्यमंत्री ने दंगों से संबंधित कानूनी कार्यवाही में हुई प्रगति का श्रेय केंद्र सरकार को दिया। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा एसआईटी गठित किए जाने के बाद ही मामले दोबारा खुले और दोषियों को जेल भेजा जाने लगा।" गुप्ता ने कहा कि वह खुद को पीड़ितों को उनका हक दिलाने में मदद करने वाला एक माध्यम मात्र मानती हैं। उन्होंने कहा, "हम सिर्फ दिल्ली के उन परिवारों के दर्द को कम करना चाहते हैं, जो लंबे समय से इस दर्द को झेल रहे हैं। हम इन परिवारों के लिए पूरी ईमानदारी से काम करना चाहते हैं।" सिरसा ने काफी समय से लंबित पुनर्वास उपायों को प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि पीड़ित परिवारों ने 1984 के दंगों का दर्द दशकों तक सहा है, और यह कदम कुछ हद तक उनके घावों पर मरहम लगाने का काम करेगा।

## दिल्ली सरकार ने 11 को 13 जिलों में पुनर्गठित करने को मंजूरी दी

नई दिल्ली। दिल्ली की रेखा सरकार ने 11 राजस्व जिलों को 13 नए जिलों में पुनर्गठित करने की मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय राजधानी में शासन को सरल और नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम के तहत दिल्ली सरकार ने यह निर्णय लिया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिया गया। इसमें कहा गया है कि पुनर्गठन के बाद, सभी 13 जिलों की सीमाएं पूरी तरह से एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली छावनी बोर्ड के साथ संरेखित हो जाएंगी, जिससे शासन में स्पष्टता आएगी और अंतर-विभागीय समन्वय में सुधार होगा। गजट अधिसूचना 15 दिनों के भीतर जारी की जाएगी और सरकार इस महीने के अंत तक नए जिलों को कार्यान्वित करने पर विचार कर रही है। नई संरचना के तहत, जिलों की संख्या 11 से बढ़कर 13 और उप-मंडलों की संख्या 33 से बढ़कर 39 हो जाएगी, जिससे अधिकारियों के कार्यभार को संतुलित करने और नागरिकों को अधिक तेजी से सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कई वर्षों तक, राजस्व जिलों की सीमाएं दिल्ली नगर निगम, एनडीएमसी और दिल्ली छावनी बोर्ड के साथ संरेखित नहीं थीं, जिससे बार-बार सेवा वितरण में देरी, भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन में कठिनाइयां और विभागीय अधिकार क्षेत्र में विसंगतियां पैदा हुईं।

## भारत गौरव अवार्ड-2025 से सम्मानित हुए वरिष्ठ पत्रकार के.पी. मलिक



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश के प्रतिष्ठित संस्थान काली रमन फाउंडेशन द्वारा इंडियन इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित 11वें रहबर-ए-आजम सर छोटू राम मेमोरियल भारत गौरव अवार्ड-2025 समारोह में इस वर्ष विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया।

शिक्षा, राजनीति, स्वास्थ्य, खेल और समाजसेवा के साथ-साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तित्व भी इस सम्मान के पात्र बने। इन्हीं में शामिल रहे वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक भास्कर के राजनीतिक संपादक के.पी. मलिक, जिन्हें उनकी बेबाक और निर्भीक पत्रकारिता के लिए भारत गौरव सम्मान-25 से नवाजा गया। समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए के.पी. मलिक ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज और देश के प्रति कर्तव्य निर्वहन की नई प्रेरणा है। उन्होंने आयोजक संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज की सच्ची आवाज बनना और पीड़ितों की बात सत्ता के केंद्र तक पहुँचाना है, जिसे वह हमेशा निभाते रहेंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शामली जिले के आदमपुर गांव में जन्मे कुंवर पाल मलिक, जिन्हें पत्रकारिता जगत में के.पी. मलिक के नाम से जाना जाता है, ने अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद दिल्ली को कर्मभूमि बनाया। गांव के संस्कारों और किसान परिवार की सादगी से निकला यह युवा धीरे-धीरे देश के प्रमुख मीडिया संस्थानों का जाना-माना नाम बन गया। मलिक के लेखों और रिपोर्ट्स में किसानों, गरीबों, मजदूरों और वंचितों की समस्याएं लगातार प्रमुख स्थान पाती रही हैं, जिसके चलते उन्हें जनपक्षधर पत्रकार माना जाता है।

अपने बेबाक लेखन और निर्भीक रिपोर्टिंग के कारण के.पी. मलिक न केवल दिल्ली की पत्रकारिता दुनिया में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त और सम्मानित आवाज बन चुके हैं। संसद की रिपोर्टिंग में उनका लंबा अनुभव है और वर्ष 2001 में हुए संसद हमले की कवरेज के दौरान वह चश्मदीद गवाह भी रहे।

मीडिया के अधिकारों और पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दों पर भी वह हमेशा अग्रसर रहते हैं। कैरियर के शुरूआती दिनों में उन्होंने दूरदर्शन, बीबीसी टीवी, जी न्यूज, सहारा समय और हिंदुस्तान टाइम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम किया। बाद में दैनिक भास्कर से जुड़कर उन्होंने राजनीतिक संपादक के रूप में अपनी पहचान को और अधिक मजबूत किया। पिछले वर्ष उन्हें अटल रत्न लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और मुंशी प्रेमचंद सम्मान से भी नवाजा गया था।

## पुलिस ने 11 साल पुराना मर्डर केस सुलझाया, आरोपी को यूपी से दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 11 साल पुराने एक मर्डर केस को सुलझाते हुए आरोपी लखन सिंह उर्फ अंश कुमार को उत्तर प्रदेश के कासगंज से गिरफ्तार किया है। लखन सिंह वर्ष 2014 में दर्ज पुलिस स्टेशन रानहोला के मर्डर केस में लंबे समय से वांछित चल रहा था और उसे 2015 में अदालत की ओर से भगोड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंस्पेक्टर पुखराज सिंह के नेतृत्व में हत्या और गंभीर मामलों को सुलझाने में जुटी टीम ने इस पुराने केस पर दोबारा काम शुरू किया। आरोपी के राजस्थान, हरियाणा और यूपी के कई स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान इंस्पेक्टर पुखराज और एएसआई प्रदीप को आरोपी की मौजूदगी से जुड़ी अहम जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने बड़े स्तर पर रिकॉर्ड की जांच और तकनीकी सर्विलांस के जरिए आरोपी का पता कासगंज में लगाया। इसके बाद टीम ने उत्तर प्रदेश में कासगंज में समन्वित ऑपरेशन चलाया और 11 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था, ताकि वह गिरफ्तारी से बच सके, लेकिन इंस्पेक्टर पुखराज सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि यह मामला 21 नवंबर 2014 को सामने आया था, जब रानहोला थाना क्षेत्र में होली कॉन्वेंट स्कूल के पास खेड़ी बाबा पुल के नाले के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। शव पर चेहरे, सिर के पीछे और शरीर के हिस्सों पर गहरे घाव पाए गए थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बाद में मृतक की पहचान राकेश भगत के रूप में हुई। पुलिस ने जब मामले की जांच की तो हत्या के आरोप में लखन सिंह का नाम सामने आया, लेकिन अपराध के बाद वह फरार हो गया और पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी। जांच में पता चला था कि लखन सिंह का जन्म राजस्थान के करौली में हुआ था और वह शुरूआती पढ़ाई के बाद नजफगढ़ आकर मजदूरी का काम करता था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह 11 वर्षों तक अलग-अलग राज्यों में छिपता रहा।

## सैनिक फार्म क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सैनिक फार्म क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने शुक्रवार को एक बंगला गिराना शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई सुबह करीब छह बजे शुरू हुई, जिसमें ढांचे को गिराने के लिए कई मशीनें तैनात की गईं। अधिकारी के अनुसार, यह भवन कथित रूप से सरकारी भूमि पर निर्मित था। उन्होंने बताया कि कार्रवाई स्थल पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई। बंगले के मालिक के अनुसार, मामला अदालत में लंबित है। उन्होंने बताया कि यह भूखंड 1993 में खरीदा गया था और मकान 2000 में बनाया गया था।

## बदरपुर में खोली जाए एम्स की नई शाखा : बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- एनटीपीसी पावर हाउस बंद होने से खाली पड़ी है जमीन

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एम्स के लिए जमीन की कमी की गंभीर समस्या का हल सुझाया है। उन्होंने लोकसभा में सुझाव दिया है कि बदरपुर के पावर हाउस की खाली पड़ी लगभग 400 एकड़ जमीन पर एम्स का नया अस्पताल खोला जाए।

उन्होंने इस खाली पड़ी जमीन पर कॉलेज और स्टेडियम बनाने की मांग भी सरकार से की है और वहां चल रहे केंद्रीय विद्यालय को जारी रखने का आग्रह किया। आज लोकसभा में यह मामला उठाते हुए बिधूड़ी ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स दिल्ली का ही नहीं बल्कि देश का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित अस्पताल है लेकिन इस अस्पताल को अब जमीन की कमी के कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि अस्पताल में कई विभागों के लिए अब स्थान उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों को एम्स में इलाज के लिए सालों इंतजार करना पड़ता है। अस्पताल मरीजों की इस भीड़ को झेलने में भी असमर्थ हो चुका है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो एम्स में जमीन का अभाव है और दूसरी तरफ बदरपुर में एनटीपीसी के बंद हो चुके पावर हाउस की लगभग 400 एकड़ जमीन सरकार के पास उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस जमीन पर एम्स का विस्तार किया जाए और यहां अस्पताल खोला जाए। इससे यहां के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी और एम्स की जमीन की समस्या का भी निवारण हो जाएगा।

## एनडीएमसी का विशेष धूल-नियंत्रण अभियान, आवासीय क्षेत्रों में व्यापक सफाई कार्य तेज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





नई दिल्ली क्षेत्र में स्वच्छता स्तर को मजबूत करने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने गुरुवार को अपने चुनिंदा आवासीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में विशेष धूल-नियंत्रण तथा गहन सफाई अभियान चलाया। यह अभियान बड़े पैमाने पर संयुक्त प्रयास के रूप में संचालित किया गया, जिसमें परिषद के स्वच्छता, बागवानी तथा नागरिक अभियंत्रण विभागों ने मिलकर भागीदारी निभाई।

अभियान के दौरान परिषद की टीमों ने मशीनों की सहायता से सड़कों और गलियों की सफाई की, साइड चैनलों से जमाव हटाया, आवश्यक मरम्मत कार्य किए तथा हरित क्षेत्रों के रखरखाव हेतु ब्लोअर मशीनों का उपयोग किया। इन सभी कदमों का मुख्य उद्देश्य धूल से उत्पन्न प्रदूषण को नियंत्रित करना और क्षेत्र की समग्र पर्यावरणीय स्थिति को बेहतर बनाना रहा। विशेष सफाई अभियान में काका नगर, पश्चिम किदवई नगर, जोर बाग, सीपीएच कॉलोनी तथा शाहजहां रोड स्थित अधिकारियों के आवासों सहित कई प्रमुख आवासीय कॉलोनियों को शामिल किया गया।

परिषद ने इन क्षेत्रों में सड़क, पार्कों के आसपास, सार्वजनिक परिसरों तथा संवेदनशील मार्गों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया। इसके अतिरिक्त अनेक सर्किल क्षेत्रों में भी गहन सफाई कार्य किए गए। इसमें काका नगर (लाइब्रेरी क्षेत्र), पश्चिम किदवई नगर, सीपीएच क्वार्टर, ए एवं बी बंगला क्षेत्र, शाहजहां रोड, कॉनॉट प्लेस, केजी मार्ग से टॉल्स्टॉय मार्ग, बाराखंभा मार्ग से टॉल्स्टॉय मार्ग, मौलाना आजाद मार्ग (अकबर रोड से जनपथ तक), जोर बाग कॉलोनी, जी एवेन्यू रोड तथा केंद्र सरकार कर्मचारी आवासों की डिवाइडिंग रोड, बीकेएस मार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग सम्मिलित रहे। एनडीएमसी ने कहा है कि राजधानी आने वाले नागरिकों और यहां निवासरत लोगों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यकर वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। परिषद का मानना है कि सम्मिलित प्रयासों से न केवल क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि वायु की गुणवत्ता में सुधार भी प्रभावी रूप से सामने आएगा।

## पुरानी रंजिश में व्यक्ति को मारी गोली

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शाहदरा में मोटरसाइकिल सवार दो हमलावरों ने पुरानी रंजिश के कारण 50 वर्षीय एक व्यक्ति को गोली मार दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार रात 10 बज कर 31 मिनट पर एक महिला की पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) कॉल आयी। महिला ने बताया कि उसके पति को गोली मार दी गई है और उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान शाहदरा के बलबीर नगर निवासी जोगेंदर राठौर उर्फ बिल्ला के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उसे पीठ में तीन गोलियां लगी हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, परिवार के सदस्य उसे (बिल्ला को) अस्पताल ले गए। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, मोटरसाइकिल पर आए दो अज्ञात हमलावरों ने राठौर पर नजदीक से गोलियां चलाईं और फिर फरार हो गए।

## निजी स्कूलों की फीस के विनियमन का नया कानून किया अधिसूचित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 अधिसूचित करते हुए निजी विद्यालयों में शुल्क विनियमन के लिए एक नयी व्यवस्था लागू की है। विधानसभा से पारित होने के चार महीने बाद इस कानून को उपराज्यपाल वी के सक्सेना की मंजूरी के बाद बुधवार को अधिसूचित किया गया।

इस अधिनियम में अनुमत शुल्क मदों एवं लेखांकन प्रथाओं पर विस्तृत प्रावधान हैं और अतिरिक्त शुल्कों पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह कानून कैपिटेशन फीस और कानून के तहत अनुमोदित राशि से अधिक किसी भी प्रकार के शुल्क के संग्रह पर भी रोक लगाता है। अधिसूचना में कहा गया है कि स्कूलों को शुल्क के घटकों को स्पष्ट रूप से प्रकट करना होगा और प्रत्येक श्रेणी के लिए अलग-अलग खाते बनाए रखने होंगे। इस अधिनियम के तहत, निजी गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों को केवल पंजीकरण, प्रवेश शुल्क, शिक्षण शुल्क, वार्षिक शुल्क और विकास शुल्क जैसे विशिष्ट मदों के तहत मदवार शुल्क लगाने की अनुमति होगी।

पंजीकरण शुल्क 25 रुपये, प्रवेश शुल्क 200 रुपये और सुरक्षा जमा राशि 500 रुपये निर्धारित की गई है, जो ब्याज के साथ वापसी योग्य होगी। विकास शुल्क वार्षिक ट्यूशन शुल्क के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता। कानून में यह भी अनिवार्य है कि उपयोगकर्ता-आधारित सभी सेवा शुल्क सख्ती से लाभ-हानि रहित आधार पर ही लिये जाने चाहिए। ये शुल्क उन विद्यार्थियों पर नहीं लगाए जा सकते जो सेवा का उपयोग नहीं करते हैं। अधिनियम में स्पष्ट रूप से अनुमत न किया गया कोई भी शुल्क अनुचित शुल्क मांग माना जाएगा। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कैपिटेशन फीस लेना सख्त रुप से निषिद्ध है। अधिनियम के तहत विद्यालयों को पारदर्शी लेखा मानकों का पालन करना होगा, अचल संपत्तियों की पंजी बनाए रखना होगा और कर्मचारियों के लाभों के लिए उचित प्रावधान सुनिश्चित करना होगा।

## भाजपा विधायक सूर्य प्रकाश खत्री का मनाया जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री का जन्मदिन गुरुवार को अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही मुखर्जी नगर स्थित किंग्सवे कैम्प के हरि मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों का तांता लगा रहा।

ढोल-नगाड़ों की गूँज और जयकारों के बीच लोगों ने अपने प्रिय जनप्रतिनिधि का भव्य स्वागत किया। सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक तथा राजनीतिक संस्थाओं के सदस्यों ने विधायक श्री खत्री को फूलमालाओं से सम्मानित किया और जन्मदिन की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। पूरे कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनसमर्थन और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। जन्मदिवस के अवसर पर तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र में कई सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सामाजिक संस्था जम-जम फाउंडेशन ने इन्द्रा बस्ती में नेत्र जाँच शिविर लगाया, जिसमें स्थानीय निवासियों को निःशुल्क जाँच सुविधा प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त भाजपा उत्तर-पूर्वी दिल्ली ज़िला व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा हरि मंदिर परिसर में माता की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इस अवसर पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह भी हरि मंदिर पहुँचे और विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने विधायक के जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु और सफल भविष्य की कामना की।

### दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1280 वीं बैठक का आयोजन

## डीयू के आर्ट्स फैकल्टी में बनेगा सेंटर फॉर उड़िया स्टडीज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- 28 फरवरी को डीयू के 102 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे उप राष्ट्रपति
- आर्ट्स फैकल्टी में नवीनीकृत हाल का नाम होगा वंदे मातरम हाल



दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1280 वीं बैठक का आयोजन शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025 को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। बैठक के आरंभ में अपने संबोधन में कुलपति ने बताया कि 28 फरवरी 2026 को होने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय की 102 वें दीक्षांत समारोह में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि उससे पहले 30 जनवरी को नशा मुक्ति अभियान को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भी माननीय उपराष्ट्रपति डीयू में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

बैठक के दौरान चीफ इंजीनियर अशोक सैनी ने विश्वविद्यालय में जारी निर्माण एवं नवीनीकरण कार्यों पर जानकारी प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि करीब 2000 करोड़ रुपए की लागत से विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्य प्रगति पर हैं। इनमें से अधिकतर निकट भविष्य में पूर्ण होने वाले हैं। इस दौरान कुलपति ने प्रस्ताव रखा कि आर्ट्स फैकल्टी में स्थित कन्वेंशन हाल का नाम नवीनीकरण के बाद वंदे मातरम हाल रखा जाए। सभी ईसी सदस्यों ने इस बारे अपनी सहमति जताई। दिल्ली विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर उड़िया स्टडीज बनाने के लिए बनी कमेटी की सिफारिशों पर विचार के उपरांत उन्हें भी मंजूरी दे दी गई है। यह सेंटर डीयू की आर्ट्स फैकल्टि में बनाया जाएगा। इसके साथ ही कुलपति ने बताया कि 12 से 14 फरवरी, 2026 को दिल्ली विश्वविद्यालय लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि यह देश का सर्वोत्तम समारोह हो। डीयू ईसी की बैठक के आरंभ में डीयू कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता ने पिछली ईसी बैठक के मिनट्स और एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। गत 05 दिसंबर को आयोजित हुई डीयू एकेडमिक काउंसिल की बैठक में की गई सिफारिशों पर विचार करने के उपरांत उन्हें भी स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में शून्य काल के दौरान सदस्यों ने अपने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बिल्डिंग कमेटी ने दिल्ली विश्वविद्यालय की वाइस रीगल लॉज बिल्डिंग के पास एक ब्रॉडकास्टिंग स्टूडियो बनाने के प्रपोजल को मंजूरी दी है जिसकी अनुमानित लागत.2,32,08,537 रुपए है। डीयू ईसी ने इस प्रोजेक्ट को भी मंजूरी प्रदान की। डीयू ईसी की इस बैठक में फाइनेंस कमेटी की 09 दिसंबर 2025 को आयोजित हुई बैठक में की गई सिफारिशों पर विचार करने के उपरांत उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के संसोधित बजट अनुमान और वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान पर भी विचार करने के उपरांत उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। संसोधन के पश्चात वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट अनुमान 1664.74 करोड़ रुपए से घटाकर अब 1312.33 करोड़ रुपए रखा गया है इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1651.42 करोड़ रुपए का बजट अनुमान पेश किया गया है।

### सेंटर फॉर उड़िया स्टडीज बढ़ाएगा भाषा, साहित्य, संस्कृति का दायरा

डीयू में सेंटर फॉर उड़िया स्टडीज बनाने के लिए बनी कमिटी की सिफारिशों पर विचार के उपरांत इसे मंजूरी दे दी गई है। यह सेंटर दिल्ली विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ आर्ट्स का हिस्सा होगा। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि यह सेंटर उड़िया भाषा, साहित्य, संस्कृति, सभ्यता और रीति-रिवाजों पर आने वाली पीढ़ियों और आज के नजरिए से भी विचार-विमर्श का दायरा बढ़ाएगा ताकि इस ज्ञान के क्षेत्र को बेहतर ढंग से समझा जा सके। यह सेंटर करिकुलम डिजाइन और एकेडमिक प्रोग्राम को लागू करने के साथ-साथ डॉक्टोरल स्टडीज के लिए विद्यार्थियों के एनरोलमेंट को आसान बनाने के लिए फैकल्टी ऑफ आर्ट्स का हिस्सा होगा। कुलपति ने बताया कि इस सेंटर द्वारा सेमेस्टर मोड में दो साल के पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम के तौर पर उड़िया में एमए शुरू की जाएगी। एनईपी 2020 के अनुसार, चार साल के अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के हिसाब से एक साल के पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम के बारे में आगे के तरीके ऑपरेशनल जरूरत के आधार पर बाद में तय किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्राओं ने नशे के खिलाफ रैली निकाली

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीही सेक्टर-8 में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चौथे दिन मुख्य अतिथि



मिशन जागृति मंच की अध्यक्ष भावना चौधरी और सर्वोदय अस्पताल से राकेश त्यागी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश वैष्णव व कार्यक्रम अधिकारी रोहित कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने स्वच्छता, सेवा और नशामुक्ति का संदेश दिया। बाद में छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर नशा विरोधी रैली रवाना की गई। छात्राओं ने नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में निशा और देवलता सहित स्टाफ का सहयोग रहा।

### होमर्टन ग्रामर स्कूल में होमर्टन एनुअल फेस्ट-किडप्रेन्योर्स स्पेशल का आयोजन



**फरीदाबाद।** होमर्टन ग्रामर स्कूल में होमर्टन एनुअल फेस्ट-किडप्रेन्योर्स स्पेशल का आयोजन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। विद्यालय प्रांगण नवाचार, रचनात्मकता, उद्यमिता और युवा प्रतिभा की ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने शिरकत की। फरीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस के मुख्य संरक्षक टी.एस. दलाल, उपाध्यक्ष बी.डी. शर्मा, कोषाध्यक्ष भारत भूषण, तथा कार्यकारिणी सदस्य वाई.के. महेश्वरी, नारायण दागर और मनीष डंगवाल सहित कई गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में एडवोकेट खेतरपाल खटाना, मोहित शर्मा (निदेशक, तक्षक-शिला मॉडल स्कूल) तथा प्रयास दलाल (निदेशक, दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल) उपस्थित रहे। अमृत गुरदेव एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष राजदीप सिंह और विद्यालय प्रबंधन ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स रहे, जहाँ बच्चों ने अपने नवोन्मेषी उत्पाद, रचनात्मक व्यवसाय मॉडल और परियोजना-आधारित शिक्षण से जुड़ी अवधारणाएँ प्रस्तुत कीं।

### छात्र जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में चमके



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कुरुक्षेत्र स्थित गीता ज्ञान संस्थानम में 7 दिसंबर से आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सराय ख्वाजा के जूनियर रेडक्रॉस एवं सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के मार्गदर्शन में विद्यालय का दल शिविर की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि विद्यालय के पांच जेआरसी सदस्य छात्र और प्राध्यापक पवन कुमार शिविर में भाग ले रहे हैं। छात्र लघु नाटिका, प्रश्नोत्तरी, सोलो एवं ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग और लक्की स्टार जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखा रहे हैं। परिणाम समापन सत्र में घोषित किए जाएंगे। विद्यालय परिवार ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण शिविर में रेडक्रॉस की शिक्षाओं और सामाजिक दायित्वों को समझने के लिए प्रेरित किया। छात्र यहां कुरुक्षेत्र के दर्शनीय स्थलों ज्योतिसर, पैनोरमा आदि का भ्रमण कर ऐतिहासिक विरासत से भी रूबरू हो रहे हैं।

### विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस द्वारा ड्रग्स छोड़ो जागरूकता रैली आयोजित




**फरीदाबाद।** ड्रग्स मुक्त भारत अभियान के तहत गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सराय ख्वाजा में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के मार्गदर्शन में जूनियर रेडक्रॉस, विधिक सेवा प्राधिकरण और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा ड्रग्स छोड़ो जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में जेआरसी और एसजेएबी सदस्य छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से एडवोकेट अर्चना अग्रवाल सहित टीम ने रैली का नेतृत्व किया, जो सराय ख्वाजा मुख्य बाजार, आस-पास की कॉलोनियों और जीटी रोड टोल प्लाजा मार्ग से निकाली गई। छात्राओं ने 'ड्रग्स को कहें ना, जीवन को कहें हाँ ', 'नशा करना नहीं है कूलइ जैसे स्लोगन गाकर लोगों को जागरूक किया।

## 15 प्रॉपर्टी सील, मौके पर ही 14.34 लाख टैक्स जमा



**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के निर्देश पर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। निगम की टीमें लगातार बकाया धारकों के पास जाकर प्रॉपर्टी टैक्स वसूली और सीलिंग की कार्रवाई कर रही हैं। अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि सभी बकाया धारकों को पहले ही नोटिस भेजे जा चुके हैं। यदि कोई प्रॉपर्टी मालिक मौके पर अपना बकाया टैक्स जमा करता है, तो निगम की टीम ऑनलाइन पोर्टल या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से तत्काल राशि निगम खाते में जमा कर देती है।

कार्रवाई के मुख्य बिंदुः नगर निगम ने आज 15 प्रॉपर्टी को सील किया, जिन पर कुल 27 लाख 19 हजार रुपये से अधिक बकाया था। इसके अलावा मौके पर 14 लाख 34 हजार रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया गया। बल्लभगढ़ के रिहायशी क्षेत्रों में 65 से अधिक गेस्ट हाउस और ओयो होटलों को चेतावनी दी गई है। इन प्रतिष्ठानों को एक हफ्ते में कमर्शियल आईडी पर अनुमति लेने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा इनके खिलाफ भी सीलिंग कार्रवाई की जाएगी। निगम की कार्रवाई में विभिन्न टीमों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में दौरा किया।

## पुल से 20 फुट नीचे गिरे डंपर में लगी आग

# जलकर कंकाल बने चालक और हेल्पर

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को तेज रफ्तार डंपर पुल की दीवार तोड़ता हुआ 20 फुट नीचे नाले में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि डंपर के नीचे गिरते ही उसमें आग लग गई। जिसमें ड्राइवर और हेल्पर की जलकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को डंपर से बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे डंपर फिरोजपुर झिरका से दिल्ली की तरफ जा रहा था। डंपर जब दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर गांव गुर्जर नगला के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार होने के कारण डंपर पुल की दीवार तोड़ते हुए नीचे गिर गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नीचे गिरते ही डंपर का डीजल का टैंक फट गया और तेज धमाके के साथ आग



- नीचे गिरते ही डीजल टैंक फटा, लग गई आग
- रफ्तार के कारण पुल की दीवार तोड़ते हुए नीचे गिरा

लग गई। चालक और हेल्पर दोनों डंपर में आग की लपटों में आ गए। पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक ड्राइवर और हेल्पर जिंदा जल चुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हेल्पर बुरी तरह जल गया था, जिसका कंकाल ही बचा था।

हादसे के बाद पुलिस ने ड्राइवर और हेल्पर के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अलआफिया अस्पताल मांडीखेड़ा भिजवा दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक ड्राइवर की पहचान रंजीत पुत्र रमजु निवासी निमली जिला अलवर राजस्थान के रूप में हुई है, लेकिन अभी हेल्पर की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस हेल्पर की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारी का प्रदर्शन तेज

**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन (हेड ऑफिस भिवानी-292) की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर तकनीकी कर्मचारियों के लिए जबरन लागू की जा रही ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ फरीदाबाद सर्कल में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया गया। सभी 24 सबडिवीजनों में बिजली कर्मचारियों ने यूनियन के बैनर तले कार्यालयों के बाहर दो-दो घंटे का प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

सर्कल सचिव विनोद शर्मा के नेतृत्व में चारों डिवीजनों में कर्मचारी एकजुट रहे। एनआईटी फरीदाबाद जोन में प्रधान लेखराज चौधरी और सचिव मुकेश शर्मा के नेतृत्व में जवाहर कॉलोनी सहित सबडिवीजन 1, 2, 3 और 5 में कर्मचारियों ने विरोध जताया।

ओल्ड फरीदाबाद जोन में प्रधान मुकेश शर्मा और सचिव सत्यवान लोहचब के नेतृत्व में ईस्ट, वेस्ट, मथुरा रोड व नंबर-4 सबडिवीजनों में रैली निकाली गई। ग्रेटर फरीदाबाद जोन में प्रधान सुनील चौहान व सचिव रविदत्त शमा के नेतृत्व में विभिन्न सबडिवीजनों पर जोरदार प्रदर्शन हुआ।

## मिनट्स ने दर्ज की तेज रफ्तार, बढ़ा ग्राहकों का भरोसा

**फरीदाबाद।** फ्लिपकार्ट की क्विक कॉमर्स सेवा फ्लिपकार्ट मिनट्स ने वर्ष 2025 में उल्लेखनीय विकास दर्ज किया है। प्लेटफॉर्म पर 2025 की दूसरी छमाही में सालाना आधार पर ऑर्डर्स में 16 गुना वृद्धि हुई, जबकि इस दौरान 5.3 करोड़ से अधिक यूनिक विजिटर्स जुड़े। जेन-जी और छात्र वर्ग ने सबसे अधिक अपनाया, वहीं 6 लाख से ज्यादा ग्राहक ऐसे रहे जिन्होंने सात दिनों के भीतर दोबारा ऑर्डर कर प्लेटफॉर्म पर भरोसा जताया।

इस वर्ष फ्लिपकार्ट मिनट्स ने 30 नए शहरों में विस्तार किया, जिनमें प्रमुख फोकस टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों पर रहा। इससे कंपनी के स्पीड, आसान पहुंच और किफायत वाले फुलफिलमेंट नेटवर्क को मजबूती मिली है।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मिनट्स के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा कि 'फ्लिपकार्ट मिनट्स सिर्फ विकास नहीं कर रहा, बल्कि भारत में क्विक कॉमर्स को नई परिभाषा दे रहा है।

## गुर्जर महोत्सव 2025 : सांस्कृतिक गौरव का भव्य उत्सव, किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

सूरजकुंड मेला परिसर में तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव 2025 (12, 13 और 14 दिसंबर) का भव्य शुभारंभ खाद एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह महोत्सव हमारी लोक-संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस मेला के माध्यम से हमारे पूर्वजों के रहन-सहन, खान-पीन और सांस्कृतिक जीवन को प्रदर्शित किया जाता है।

इस महोत्सव का आयोजन गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट ने अपने मुख्य ट्रस्टी दिवाकर बिधूड़ी की अगुवाई में किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से गुर्जर समुदाय के प्रतिनिधि पहुंचे और अपनी परंपराओं, कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। यहाँ नागड़े और लोकवाद्य यंत्रों की प्रस्तुति के साथ नृत्य, नुक्कड़ नाटक और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



- खाद एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि यह महोत्सव हमारी लोक-संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है

किए गए, जिनमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मंच पर आयोजित प्रस्तुतियों में गुर्जर संस्कृति की लोक नृत्य, गीत, लोक नाटक और हस्तशिल्प प्रदर्शित किए गए। इसके अलावा, मेले में व्यापारिक स्टॉल्स भी लगाए गए, जहाँ पारंपरिक व्यंजन, हस्तकला और औद्योगिक उत्पादों को जनता के सामने रखा गया। इस प्रकार महोत्सव ने न केवल संस्कृति को जीवंत रखा, बल्कि समुदाय की सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को भी उजागर किया।

मंत्री राजेश नागर ने इस अवसर पर कहा, गुर्जर महोत्सव हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का अवसर है। यह हमें हमारे पूर्वजों की जीवनशैली, रीति-रिवाज और कला को समझने का अवसर प्रदान करता है।

## सिकंदरपुर में छापेमारी में दो क्विंटल प्लास्टिक जब्त, 25 हजार के चालान



**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नगर निगम गुरुग्राम एवं राइजिंग फाउंडेशन के सहयोग से गांव सिकंदरपुर में स्वच्छता अभियान एवं सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान संयुक्त टीमों ने बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में निरीक्षण कर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। इस अभियान में कुल दो क्विंटल छह किलो प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 25 हजार के चालान किए गए।

अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा नागरिकों में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था। निरीक्षण टीम ने पर्यावरण हित में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान करते हुए यह भी संदेश दिया कि यह निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। निरीक्षण टीम में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से क्षेत्रीय अधिकारी गुरुग्राम (उत्तर) अंकाक्षा तंवर, सहायक पर्यावरण अभियंता कामेश, एमसीजी से सहायक स्वच्छता निरीक्षक भूपेंद्र व सहायक पर्यावरण अभियंता आरशि शामिल रहे।

## लंबित शिकायतों का तुरंत करें समाधान

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से आज आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी और जनसंवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त आयुष सिन्हा ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का प्रभावी, दीर्घकालिक और संतोषजनक समाधान किया जाए। शिकायतों की एंट्री सही और वास्तविक स्थिति के अनुरूप हो, ताकि मुख्यालय स्तर पर वे दोबारा न खुलें।



- रिओपन शिकायतों पर भी दें विशेष ध्यान : डीसी

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों की पूरी जानकारी रखें और प्रगति की नियमित समीक्षा करें। समाधान शिविरों में यदि कोई शिकायत अन्य विभाग से संबंधित हो तो संबंधित विभाग को तत्काल अवगत कराकर आपसी समन्वय से उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इन पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं और नियमित रूप से जिला स्तर पर समीक्षा की जा रही है। इसलिए सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तय समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करें।

डीसी ने यह भी कहा कि समाधान प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक या विधिक पहलुओं पर ही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और व्यावहारिक दृष्टिकोण को भी महत्व दिया जाए, ताकि जनता को वास्तविक राहत मिल सके।

## डेरा सच्चा सौदा में 34वें याद-ए-मुर्शिद फ्री आई कैंप, पहुंचे लोग

**पायनियर समाचार सेवा। सिरसा**

परम पिता शाह सतनाम जी महाराज की पावन स्मृति में आयोजित 34वां याद-ए-मुर्शिद फ्री आई कैंप शुक्रवार को शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा में विधिवत रूप से शुरू हो गया।

पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की प्रेरणा से राष्ट्रीय अंधता एवं दृश्य हानि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगाए गए इस कैंप का शुभारंभ प्रबंधकीय समिति के सदस्यों, शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकों, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से पहुंचे नेत्र रोग चिकित्सकों और शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने अरदास बोलकर किया।

शुभारंभ के तुरंत बाद महिला और पुरुषों के लिए बनाए गए अलग-अलग वार्डों में मरीजों की आंखों की जांच शुरू हो गई। कैंप में मरीजों को मुफ्त दवाइयां और चश्मे भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। शनिवार 13 दिसंबर से शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में चयनित मरीजों के ऑपरेशन शुरू होंगे। इसमें सफेद मोतिया के लेंस वाले ऑपरेशन और काला मोतिया के लेजर विधि द्वारा ऑपरेशन पूरी तरह निशुल्क किए जाएंगे।



## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर विशेष बैठक आज

**फरीदाबाद।** मंडल रोजगार अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि 13 दिसंबर को प्रातः 11 बजे फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन सभागार में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन करेंगे। इसमें जिले के लगभग 100 प्रमुख नियोक्ता भाग लेंगे। उद्देश्य है–नियोजकों को योजना के लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में अवगत कराना।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत यह योजना 1 अगस्त 2025 से लागू है और देश में समावेशी व स्थायी रोजगार अवसर बढ़ाने पर केंद्रित है। दो वर्षों में 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल से जुड़ेंगे।

## पाम सोसायटी में 14वीं मंजिल से कूदकर छात्र ने की आत्महत्या, मोबाइल जब्त कर जांच तेज

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

खेड़ीपुल थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-75 की पाम सोसायटी में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहाँ बीए द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने 14वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। घटना रात करीब आठ बजकर तीस मिनट की बताई जा रही है। हादसे के वक्त छात्र घर पर अकेला था, जबकि उसके माता-पिता दिल्ली स्थित अपनी निजी कंपनी की नौकरी पर गए हुए थे।

मृतक छात्र मानव (नाम बदला हुआ), समीर का बेटा था और एक निजी संस्थान से बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। परिजनों के अनुसार वह पढ़ाई में मेधावी था और किसी तनाव में होने की जानकारी नहीं दिखी



थी। बुधवार सुबह भी उसकी अपने पिता से सामान्य बातचीत हुई थी।

घटना की जानकारी सबसे पहले सोसायटी निवासियों ने दी। सूचना मिलते ही समीर और उनकी पत्नी तुरंत फरीदाबाद पहुंचे और बेटे को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समीर का कहना है कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि मानव ने ऐसा कदम क्यों उठाया, क्योंकि वह पढ़ाई में अच्छा था और किसी मानसिक दबाव के संकेत भी नहीं मिले थे।

खेड़ीपुल थाना पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर छात्र का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मोबाइल का लॉक तोड़कर यह जांच की जाएगी कि कहीं छात्र किसी प्रकार के ऑनलाइन दबाव, परेशानियों या मानसिक तनाव से तो नहीं गुजर रहा था।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारीयों का कहना है कि मोबाइल की फॉरेंसिक रिपोर्ट और परिजनों व दोस्तों से पूछताछ के बाद ही आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता चल सकेगा।

## गुरुग्राम में लोक अदालत आज, निपटाएं अपने लंबित मामले

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम ने न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय और कार्यकारी अध्यक्ष हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता और वाणी गोपाल शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम के दिशा-निर्देश अनुसार जिला न्यायालय में 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।



मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम राकेश कादियान ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 27 जजों की बेंचेज गठित की गयी हैं, जिनमे नौ बेंचेज केवल ट्रैफिक चलान के निपटारों के लिए लगाई गई हैं। चेक बाउंस केसों के निपटारे के लिए 10 बेंचेज लगाई गई हैं।

उप मंडल सोहना एवं पटौदी में भी लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उप मंडल सोहना में एक बेंच और पटौदी में एक बेंच बनाए गए हैं। ट्रैफिक चालान के भुगतान के लिए भी ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से दो हेल्प डेस्क लगाई गयी है। यह हेल्प डेस्क कोर्ट के गेट नंबर-2 के पास स्थित मध्यस्थता केंद्र में लगी हुई है और एक कोर्ट परिसर में।

## ईएसआई में सैलरी कटौती पर हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

एनआईटी-3 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कर्मचारियों की सैलरी में कटौती को लेकर हंगामा मच गया। कर्मचारी अपनी सैलरी में अचानक हुई कटौती के विरोध में कई घंटे काम बंद करके अस्पताल परिसर में प्रदर्शन करते रहे। उच्च अधिकारियों के आश्वासन मिलने के बाद ही सभी कर्मचारी काम पर लौटे।

कर्मचारी नरेश ने बताया कि उनकी सैलरी से 8,000 रुपये कट गए हैं। इसी प्रकार नर्सिंग स्टाफ और अन्य विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों से भी पैसे काटे गए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सैलरी से पैसा काटने से पहले उन्हें किसी भी प्रकार का नोटिस या सूचना नहीं दी गई। उनका कहना था कि यह पूरी तरह से अनुचित और अवैध है।

- अचानक हुई कटौती के विरोध में काम बंद करके प्रदर्शन करते रहे कर्मचारी

कर्मचारियों ने कहा कि पिछले कई महीनों से उनकी सैलरी में कटौती हो रही है और उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। कर्मचारियों ने काम बंद कर हंगामा करते हुए कहा कि उनकी काटी गई राशि फौरन वापस की जाए।

विभाग की तरफ से बताया गया कि कर्मचारियों की सैलरी थर्ड पार्टी के माध्यम से दी जाती है और श्वस्थ्ढ्ढश्वस्ट द्वारा पूरी सैलरी कंपनी को भेजी जाती है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि पैसे क्यों काटे गए। मामले की जांच की जाएगी।

मौके पर उच्च अधिकारी भी पहुंचे और कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी कटौती की गई राशि जल्द ही वापस कर दी जाएगी। इसके बाद कई घंटे के बाद सभी कर्मचारी वापस काम पर लौट आए।

इस मामले को लेकर ईएसआई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के डीन, कालीदास दत्तात्रेय से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

कर्मचारी अब राहत की सांस ले रहे हैं, लेकिन उन्होंने आगे से ऐसी कटौती को रोकने और भविष्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। इस घटना ने अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों के बीच विश्वास और संवाद की आवश्यकता को फिर से उजागर किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### होटल में व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नोएडा।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर 121 में स्थित होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार को एक व्यक्ति की लाश मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। थाना फेस-3 के थाना प्रभारी पुनीत कुमार ने बताया कि सेक्टर 121 में स्थित मूनलाइट होटल में एक व्यक्ति का शव मिला । उसकी पहचान बिहार राज्य के रहने वाले कारी शाह (45) के रूप में हुई है। होटल कर्मचारियों ने बताया कि दो दिनों सह वह होटल में आकर रुके हुए थे। आज सुबह बेहोशी हालत में उन्हें देखा तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने कारी शाह को सेक्टर 71 स्थित कैलाश अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया, जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बारे में परिवार को जानकारी देते हुए मामले की जांच की जा रही है।

### पार्क बंद करने का समय न बदलने से नाराजगी

**नोएडा।** गौर सिटी वन टाउनशिप के लोगों में पार्क बंद करने के समय में बदलाव न करने पर नाराजगी है। इसे लेकर वह शनिवार को बैठक कर आगे की रणनीति बनाएंगे और प्रदर्शन की तैयारी करेंगे। टाउनशिप बनाने वाले अमरजीत ने बताया कि परिसर में राधा कृष्ण, दादा दादी और लेक व्यू पार्क बने हुए हैं। इनमें लोग शाम के समय टहलने जाते हैं। एक महीने पहले बिल्डर प्रबंधन ने तीनों पार्कों को शाम 7:30 के बाद बंद करना शुरू कर दिया। इसका लोगों ने विरोध जताया। बिल्डर प्रबंधन के साथ बैठक की। लोगों ने पार्क का समय 7:30 बजे से बढ़ाकर रात 11 बजे तक करने की मांग की। वहीं, बिल्डर प्रबंधन का कहना है कि जब तक टाउनशिप की सभी सोसाइटी मेंटेनेंस शुल्क नहीं देते, पार्क के समय में बदलाव नहीं किया जाएगा।

### क्रिसमस सप्ताह में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई

**ग्रेटर नोएडा।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में क्रिसमस सप्ताह मनाया गया। इस दौरान प्री नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन किया। क्रिसमस ट्री की सजावट, क्रिसमस कैरोल, क्रिसमस की कहानी, खेल, डांस, क्रिसमस कार्ड बनाना आदि गतिविधियों में बच्चों ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. रेनू सहगल ने बच्चों की सराहना की और उन्हें क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्रिसमस सप्ताह के दौरान बच्चों का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा। उन्हें आगे भी ऐसे ही उत्साह और आनंद के साथ गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### गैराज में चोरी कर रहे दो बदमाश दबोचे

**मोदीनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राज चौपला स्थित मोटर गैराज में चोरी कर रहे दो बदमाशों को पकड़कर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया गया। राज चौपला में इरफान का मोटर गैराज है। शुक्रवार सुबह दो युवक आए और गैराज से सामान चोरी करने लगे। इसी बीच लाइव फुटेज देखकर गैराज के मालिक ने आसपास के लोगों को सूचना दी। सूचना मिलते ही लोगों ने बदमाशों को पकड़कर उनकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### व्यापार के नाम पर कारोबारी से साढ़े नौ लाख रुपये ठगे

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में रहने वाले कारोबारी ने मुरादाबाद के फर्म संचालक पर सामान देने के नाम पर साढ़े नौ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेज सोसाइटी में रहने वाले सुबोध कुमार सारस्वत ने कोर्ट के आदेश पर मुरादाबाद के गांव रागीनावाला निवासी आरिफ और उसके सहयोगी ललित के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर नंदग्राम थाने में अमानत में ख्यानत का केस दर्ज कराया है।

### कराटे प्रतियोगिता में नौ खिलाड़ियों ने जीते पदक

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित पारस पब्लिक स्कूल के नौ खिलाड़ियों ने काइकन कप ओपन कराटे चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक समेत नौ पदक हासिल किए। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का शुक्रवार को स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत कर सम्मानित किया गया। स्कूल के स्पोर्ट्स अध्यापक राजू कुमार ने बताया कि काइकन कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से हाल ही में नोएडा के सेक्टर 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम के इंडोर स्टेडियम में पांचवीं काइकन कप ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शेफाली, श्रेया, दक्ष यादव, अनिकेत यादव ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

# बीएलओ-बीएलए की बैठक, मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को गति

- जिलाधिकारी मेधा रूपम ने जिले के कई बूथों का किया औचक निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



गौतमबुद्ध नगर के सभी मतदान केंद्रों पर शुक्रवार बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें बीएलओ द्वारा बीएलए को मृतक, अनुपलब्ध व अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं की सूची प्रदान की गई। यह अभियान नोएडा और ग्रेटर नोएडा मण्डल के सभी बूथों पर सुचारू, प्रभावी और समयबद्ध तरीके से संचालित रहा है। 26 दिसंबर 2025 तक कार्यक्रम को पूर्ण करने का संकल्प सभी में स्पष्ट रूप से दिखा।

वहीं विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में और तेजी लाने के मकसद से जिलाधिकारी मेधा रूपम द्वारा जिले के कई बूथों का औचक निरीक्षण कर सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने पर विशेष जोर दिया।

एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत मृतक, अनुपलब्ध व अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं के खोज तथा सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जनपद के सभी बूथों पर बीएलओ एवं बीएलए की बैठक हुईं। इस बैठक में बीएलओ द्वारा बीएलए को मृतक, अनुपलब्ध व अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराई गई, ताकि उनका सत्यापन व खोज कार्य तेजी से किया जा सके।

इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी मेधा रूपम ने शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, सूरजपुर ग्रेटर नोएडा के मतदान बूथ पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ, बीएलए एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि मृतक, अनुपलब्ध व अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं को खोजने में आप सभी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे।

> जिलाधिकारी ने अब तक बीएलओ एवं बीएलए द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि टीम के निरंतर प्रयासों से विशेष पुनरीक्षण अभियान को गति मिली है और अपेक्षा है कि आगे भी इसी समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस अभियान को भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें तथा यदि उनका नाम सूची में नहीं है या किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक है, तो संबंधित बीएलओ से संपर्क अवश्य करें।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सहयोग दें : पंकज सिंह

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह के जन्मदिन पर प्रदेश भर से कार्यकर्ता बधाई देने उनके आवास पर पहुंचे। उन्हें फूलमालाएं पहनाईं और मिठाइयों का वितरण कर जन्मदिन की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, पुस्तकें, तलवार, मूर्तियां और शुभकामना संदेश देकर उन्हें बधाइयां दीं। विधायक पंकज सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी से मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सहयोग देने की अपील की।

भारी भीड़ के बीच पंकज सिंह ने अपने समर्थकों एवं आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह स्नेह और विश्वास उन्हें प्रदेश और क्षेत्र के हितों में काम करने की निरंतर प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करना ही उनका प्राथमिक लक्ष्य है। इसके साथ ही उन्होंने सभी कार्यकताओं एवं नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में विशेष सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर जागरूकता बढ़ाने का आग्रह किया।

## दहेज में स्कॉर्पियो व 21 लाख की मांग

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना रबूपुरा में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बेटी के ससुराल पक्ष के लोग दहेज में स्कॉर्पियो कार और 21 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर ये लोग उसके साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना रबूपुरा के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि विजेंद्र सिंह पुत्र सोरन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सिकंदराबाद जनपद बुलंदशहर के रहने वाला है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी शिवानी भाटी की शादी 6 फरवरी वर्ष 2024 को सचिन पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम मिजार्पुर थाना रबूपुरा के साथ की थी। पीड़ित ने थाने में दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी बेटी की शादी में टाटा पंच कार, 11 लाख रुपए नकद, 10 तोला सोना सहित अन्य कीमती सामान दिया था, लेकिन शादी के बाद से उसकी बेटी के ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। वे लोग दहेज में स्कॉर्पियो कार और 21 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने उसकी बेटी को परेशान करना शुरू कर दिया तो दबाव में आकर उन्होंने पांच लाख रुपए दे दिया, लेकिन उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने उत्पीड़न जारी रखा। उन्होंने बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों ने 26 नवंबर को उसके साथ मारपीट कर उसे अधमरा कर दिया। सूचना पाकर वह अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे तथा बेटी को बेहोशी की हालत में उठाकर जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए नोएडा के जिला अस्पताल में रेफर किया गया।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को तीन बार तलाक बोला



**मुरादनगर।** दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी न होने पर महिला को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आदर्श नगर कॉलोनी निवासी महिला सहाना परवीन की शादी बुलंदशहर निवासी मोहम्मद परवेज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही कम दहेज लाने पर परेशान करने लगे। ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपए नकद और कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर यातनाएं देने लगे। महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस कमिशनर को दी। पुलिस कमिशनर ने मुरादनगर थाने को जांच करने के आदेश दिए।

### हर्ष फायरिंग के मामले में आरोपी बिचौलिया गिरफ्तार

**दादरी।** नरौली गांव में दो दिन पहले बरात चढ़त के दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान 16 वर्षीय छात्र गोली लगने से घायल हो गया था। मामले में पुलिस ने दूल्हे समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही पुलिस ने आरोपी बिचौलिये को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगी है। जारचा कोतवाली क्षेत्र के नरौली लतीफपुर गांव में 10 दिसंबर को गाजियाबाद के मेवला भट्टी गांव से दूल्हे निखिल की बारात आई थी। बरात में चढ़त के दौरान हर्ष फायरिंग की जा रही थी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हर्ष फायरिंग करने वाले लगभग 10 लोग थे। फायरिंग के दौरान 16 वर्षीय तनिष के पैर में गोली लग गई थी जिससे वह घायल हो गया था। घायल का उपचार ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में चल रहा है। जो खतरे से बाहर है। पुलिस ने दूल्हे निखिल, बिचौलिया गौरव और दूल्हे के पिता समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## नोट दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नोट दोगुना करने के का लालच देकर ठगी करने वाले 6 टप्पेबाजों को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना बिसरख पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने करीब 5 लाख 75 हजार रुपए नकद, नोट गिगने की मशीन, 2 कार, फर्जी आधार कार्ड, 6 मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किया है।

ये बदमाश लोगों को नोट दुगना करने का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं, तथा नोट की नकली गड्डी जिसमें ऊपर और नीचे असली नोट लगे होते हैं, उसे पकड़ाकर ठगी करते हैं। बदमाशों ने अब तक दर्जनों लोगों के साथ ठगी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस बदमाशों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम शुभम तिवारी, नवीन सिंह, इंद्रमणि, गौरव गुप्ता, रितेश तथा चंचल है। उन्होंने बताया कि इंद्रमणि के खिलाफ पूर्व में तीन, चंचल के खिलाफ दो, रितेश के खिलाफ एक, शुभम के खिलाफ एक, नवीन के खिलाफ एक, गौरव के खिलाफ एक मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने कुल 5,75,000 रुपए नकद, एक नोट गिनने की मशीन, एक ग्राइंडर, 6 मोबाइल फोन, तीन ट्रॉली बैग जिनमें नोटनुमा कागज की गड्डी भरी हुई थी, 5 फर्जी कूट रचित आधार कार्ड, दो इंटरनेट गूगल, घटना में प्रयुक्त 2 कार बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में एमकॉम, इंजीनियर, रैपीडो ड्राइवर तथा 12वीं पास हैं।

## अखलाक हत्याकांड: केस वापसी पर 18 को सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा**

ग्रेटर नोएडा के बिसाहड़ा गांव में हुए चर्चित अखलाक मॉब लिंचिंग मामले में मुकदमा वापसी की अर्जी पर सुनवाई के दौरान शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में महत्वपूर्ण कार्यवाही हुई।

मुकदमे को वापस लेने के संबंध में अभियोजन पक्ष की ओर से दायर की गई अर्जी पर अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 18 दिसंबर निर्धारित कर दी है। सुनवाई में अभियोजन ने मामले पर पक्ष रखने के लिए अतिरिक्त समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए अगली तारीख दे दी।

गौरतलब है कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा वर्तमान में विचाराधीन है और कुछ गवाहों की गवाही भी अदालत में चल रही है। इस बीच उत्तर प्रदेश शासन की ओर से मामले को वापस लेने की पहल की गई है। शासन ने सामाजिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था की दृष्टि से इस मुकदमे को वापस लेने की सिफारिश की है।

सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश शासन के न्याय अनुभाग-5 (फौजदारी) लखनऊ द्वारा 26 अगस्त 2025 को एक शासनादेश जारी किया गया था, जिसमें इस केस को वापस लेने को मंजूरी दी गई।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- लालकुआं के पास एनएच-नौ पर हुआ हादसा आरोपी चालक डंपर समेत मौके से फरार हुआ

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



लालकुआं के पास एनएच-नौ पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से रंगाई-पुताई का काम करने वाले ठेकेदार की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के चार मूर्ति चौक स्थित आम्रपाली विलेज सोसाइटी के पास रहने वाले 58 वर्षीय मोहम्मद हुसैन रंगाई-पुताई के ठेके लेने का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी,दो बेटे और एक बेटी है। बेटे आलमगीर ने बताया कि उनके पिता ने गाजियाबाद में पुताई का ठेका लिया हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे वह बाइक लेकर काम पर निकले थे। बताया गया कि एनएच-नौ पर लालकुआं के ऊपर पहुंचने पर तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। पुलिस द्वारा दी गई सूचना के बाद वह मोर्चरी पर पहुंचे। आलमगीर का कहना है कि उनके पिता ने हेलमेट लगाया हुआ था, लेकिन डंपर द्वारा कुचल दिए जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर डंपर का नंबर ट्रेस करने का प्रयास कर रही है।

### कार डिवाइडर से टकराई, दो लोग घायल

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस -3 क्षेत्र में एक कार शुक्रवार तड़के डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में कार में आग लग गई। कार पूरी तरह से जल गई है। थाना फेस -3 के प्रभारी पुनीत कुमार ने बताया कि सुबह 5 बजे के करीब पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कार में बैठे आयुष गुप्ता पुत्र कौशल गुप्ता निवासी जागृत विहार मेरठ तथा डोली पत्नी शिखर निवासी टेलीकॉम सोसाइटी सेक्टर-62 अपनी मारुति अल्टो कार में सवार होकर जा रहे थे। मेट्रो स्टेशन के ग्लोबल तिराहे के पास मुड़ते समय उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में उनकी कार में आग लग गई। कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है।

### नोएडा पुलिस का बड़ा फेरबदल

## 11 चौकी प्रभारियों के तबादले पांच अधिकारी लाइन हाजिर

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

डीसीपी नोएडा ने शहर में कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से 11 चौकी प्रभारियों का तबादला किया है। जबकि पांच चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर किया गया है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के मकसद से उप निरीक्षक पंकज शहरावत को चौकी प्रभारी सेक्टर-41 बनाया गया है। उपनिरीक्षक दीपांशु शर्मा को चौकी प्रभारी सेक्टर-44, उप निरीक्षक शिशुपाल को चौकी प्रभारी सलारपुर, उप निरीक्षक अजय कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर-12-22, उप निरीक्षक विकास कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर-54, उप निरीक्षक प्रताप सिंह को चैकी प्रभारी हरिदर्शन, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी अरावली, उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी सेक्टर-6, उप निरीक्षक अमित कुमार को चौकी प्रभारी गोल चक्कर, उपनिरीक्षक पवन कुमार को चौकी प्रभारी झुंडपुरा, उप निरीक्षक राम मेंहर सिंह को चौकी प्रभारी बरौला बनाया गया है। इसके अलावा उप निरीक्षक सचिन तोमर को पुलिस लाइन, उप निरीक्षक शिवांग को पुलिस लाइन, उप निरीक्षक आयुष मालिक को पुलिस लाइन, उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह को पुलिस लाइन, धर्मवीर सिंह को थाना फेस वन, तथा राहुल प्रताप को पुलिस लाइन में तैनात किया गया है।

### गोवा अग्निकांड के बाद गाजियाबाद में सख्ती

## फायर विभाग का सघन निरीक्षण अभियान जारी

- फायर स्टेशन की टीमों ने कुल 11 प्रमुख स्थलों पर अग्निशमन सुरक्षा उपायों का परीक्षण किया

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित एक नाइट क्लब में हाल ही में हुई अग्निकांड की घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क हो गई है। अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन एवं आपात सेवा, उ.प्र., लखनऊ तथा पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशानुसार जिले में संचालित क्लबों, बार, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर फायर सुरक्षा की व्यापक जांच का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गाजियाबाद के विभिन्न इलाकों में सघन चेकिंग अभियान के तहत फायर स्टेशन की टीमों ने कुल 11 प्रमुख स्थलों पर अग्निशमन सुरक्षा उपायों का परीक्षण किया।

जिन स्थलों की जांच की गई, उनमें होटल वाईसीआर इन (इंद्रपुरी, लोनी), वाईपीआर बैंक्वेट एवं रेस्टोरेंट (मोदीनगर), होटल ड्रीम हाउस (मोदीनगर), माउंट ग्रीन फार्म हाउस (राजनगर एक्सटेंशन), रेड कांटिनेंटल बैंक्वेट हॉल (राजनगर एक्सटेंशन), रेड कारपेट बैंक्वेट हॉल (राजनगर एक्सटेंशन), वेलवेट लीफ बैंक्वेट हॉल (राजनगर एक्सटेंशन), मैकडोनाल्ड (वसुंधरा सेक्टर-1), मोहन ढाबा एवं रेस्टोरेंट (वैशाली सेक्टर-5), पैपर्स पिज्जा (वसुंधरा सेक्टर-2ए) और भाटी ढाबा एवं रेस्टोरेंट (मेवाड़ कॉलेज के निकट, वसुंधरा) शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान फायर अधिकारियों ने प्रत्येक स्थल पर मौजूद कर्मियों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का अल्प प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्हें आग लगने की स्थिति में शुरूआती प्रतिक्रिया, आग से होने वाली संभावित जन-धन हानि की रोकथाम और बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त भवनों में स्थापित विद्युत सुरक्षा प्रणाली का परीक्षण कर अधिकारियों ने सभी संबंधितों को नियमित इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराए जाने की कड़ी सलाह दी।

फायर विभाग ने सभी भवन स्वामियों को निर्देशित किया है कि वे अपने परिसर में स्थापित अग्निशमन प्रणालियों को सदैव ऑटो मोड पर रखते हुए पूरी तरह कार्यशील स्थिति में बनाए रखें।

गाजियाबाद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का उद्देश्य किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोकना और गोवा हादसे जैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति से बचना है। फायर विभाग का यह विशेष अभियान आगामी दिनों में और भी स्थानों पर जारी रहेगा, जिससे पूरे जिले में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## हरियाणा के राज्यपाल ने एमिटी विवि को 'जूरी स्पेशल मेंशन अवॉर्ड' से किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**




हरियाणा के पंचकूला में हुए 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आईएसएफ 2025) में एमिटी विश्वविद्यालय पंजाब को अनुसंधान और नवाचार में विशेष योगदान के लिए हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने 'जूरी स्पेशल मेंशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया। इस अवार्ड को एडिशनल प्रो. वाइस चांसलर डा. पुनित शर्मा और विज्ञान के डीन अनिल कुमार शर्मा द्वारा प्राप्त किया गया।

'जूरी स्पेशल मेंशन अवॉर्ड' कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में शिक्षण संस्थानों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में इस प्रकार विज्ञान उत्सव में आये शिक्षण संस्थानों को छात्रों को अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित करते हुए अन्य संस्थानों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

वहीं 'जूरी स्पेशल मेंशन अवॉर्ड' मिलने पर एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. अशोक कुमार चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा को एकीकृत करके विश्व में सार्थक प्रभाव डालने के हमारे मिशन का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि एमिटी में हम उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने, युवाओं को पोषित करने और उन्हें 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र और वैश्विक महाशक्ति बनाने के मिशन में योगदान देने के लिए प्रेरित करने में विश्वास करते हैं। यह सम्मान हमें अनुसंधान विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा और एमिटी की प्रतिभाओं को पोषित करने और अनुसंधान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूती भी प्रदान करेगा।

# राहुल फिर घेरे में
## संसद में कांग्रेस की किरकिरी

राहुल गांधी एक बार फिर घेरे में आ गए हैं। अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा के साथ विवादों में रहने वाले राहुल गांधी को भाजपा ने निशाने पर लिया है। भाजपा ने यह प्रहार गांधी द्वारा संसद में दोनों विषयों पर हुई बहसों के दौरान अपनी पार्टी के सदस्यों के प्रदर्शन की सराहना किये जाने और सत्ता पक्ष के घबराने के दावे के बाद किया। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'झूठ की दुकान' करार देते हुए कहा कि वह और उनके अन्य साथी संसद में वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सत्ता पक्ष द्वारा विपक्षी कांग्रेस का पर्दाफाश किए जाने पर नजरे चुरा रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, 'राहुल गांधी कहते हैं कि विपक्ष ने भाजपा सदस्यों की धज्जियां उड़ा दीं। इसके विपरीत, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सत्ता पक्ष के सदस्यों ने वंदे मातरम और चुनाव सुधारों पर हुई बहसों के दौरान कांग्रेस को सबूतों के साथ बेनकाब किया, तब राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य सदस्य नजरे चुरा रहे थे।' भाजपा प्रवक्ता ने सीधे तौर पर कहा कि देश ने यह भी देखा कि जैसे ही शाह ने मोदी सरकार के देश से 'घुसपैठियों' को बाहर निकालने के 'संकल्प' को 'दोहराया', पूरा विपक्ष लोकसभा से 'भाग गया'। इतना ही नहीं चुनाव सुधारों पर सदन में चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के आरोपों का ''तर्कों और सबूतों'' के साथ खंडन किया।

इसके चलते विपक्ष की बोलती बंद हो गई। भाजपा ने दावा किया, 'कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है जिसके बचने की कोई संभावना नजर नहीं आती। सभी कांग्रेस नेता पार्टी के भविष्य के बारे में बात करते रहते हैं। मामले ने तब तूल पकड़ा जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्ष संसद में सत्तापक्ष पर हावी रहा। संसद में राहुल गांधी के बयान पर जो ती खी प्रतिक्रि या हुई उससे विपक्ष सकते में आ गया। भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि देश ने यह भी देखा कि जैसे ही शाह ने मोदी सरकार के देश से 'घुसपैठियों' को बाहर निकालने के 'संकल्प' को 'दोहराया', पूरा विपक्ष लोकसभा से 'भाग गया'।उन्होंने कहा, 'पूरे देश ने देखा कि 'घुसपैठियों' के मुद्दे पर राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों को किस तरह कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा।'इस दौरान अमित शाह ने संसद में दोनों विषयों पर बहस के दौरान 'सबूतों के साथ' बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रगीत के मूल संस्करण में वंदे मातरम की पंक्तियों को लेकर कैसे 'समझौता' किया था।चुनाव सुधारों पर सदन में चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के आरोपों का 'तर्कों और सबूतों' के साथ खंडन किया।

# डिजिटल अरेस्ट ठगीः लाखों लोगों के जीवन में अंधेरा

**मनोज कुमार अग्रवाल**

लाखों लोगों व परिवारों के जीवन भर की कमाई को डिजिटल अरेस्ट के जरिए लूट कर उनके जीवन में अंधेरा कर दिया गया। यह कैसी विडंबना है कि जब तक देश में कथित डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अनुमानित तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक ठगी की जा चुकी है, कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, की साल से यह सिलसिला जारी है तब सरकार और जिम्मेदार सिस्टम की नींद खुली है और अपराधियों पर शिकंजा कसने की बड़ी मुहिम शुरू हो पा रही है। वह भी सरकार के बजाय शीर्ष अदालत की पहल पर।



इन दिनों देश में डिजिटल अरेस्ट के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं. सरकार के तमाम प्रयास के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के कारण बुजुर्गों बड़ी संख्या में ठगी का शिकार हो रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि इस मामले में अदालत जरूरी निर्देश जारी करेगी. न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि हर हैरानी की बात है कि देश में पीड़ितों से लगभग 3000 करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगे जा चुके हैं. यह सब हमारे देश में ही हो रहा है. अगर हम इस मामले में ठोस और सख्त आदेश नहीं देंगे तो समस्या और गंभीर हो जाएगी>आपको बता दें कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य साइबर अपराधों की जांच बाद में करें, डिजिटल अरेस्ट की जांच को अपनी प्राथमिकता बनाए। कोर्ट ने केंद्रीय बैंक से पूछा है कि क्या एआई की मदद से साइबर ठगों के खाते फ्रीज हो सकते हैं? कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि यदि किसी गंभीर डिजिटल अपराध का दायरा भारत से बाहर को सीमा में हो तो वह इंटरपोल की मदद ले सकती है। दुखद है कि साइबर अरेस्ट के मामलों में सबसे अधिक निशाना बुजुर्गों को ही बनाया जाता है, जिन्हें डिजिटल लेन-देन को गंभीर जानकारी नहीं होती। बुजुर्गों को निशाना बनाने का यह प्रतिशत 78 से 82 फीसदी बताया जाता है। कई जगह यह प्रतिशत 99 फीसदी तक है। वहीं जनवरी से अप्रैल 2024 में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के 46 फीसदी मामलों के तार म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से जुड़े रहे हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में डिजिटल गिरफ्तारी साइबर अपराध के सबसे कुटिल रूप में बनकर उभरी है। यह अपराध न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये, बल्कि कानून प्रवर्तन तंत्र में जनता के विश्वास के लिये भी बड़ा खतरा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन घोटालों की देशव्यापी जांच सीबीआई को सौंपने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय समय के अनुरूप सार्थक हस्तक्षेप है। इसी क्रम में कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अपराधों की जांच के लिये सीबीआई को सहमति दें। दरअसल, न्यायालय ने इस हकीकत को स्वीकार किया है कि साइबर अपराधी राज्यों की सीमाओं का लाभ

उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर टुकड़ों-टुकड़ों में जांच सीमा पार के साइबर अपराधियों के नेटवर्क को बढ़ावा देती है दरअसल, साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिये भोले-भाले लोगों व बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वे कानून प्रवर्तन अधिकारी पुलिस और जज बनकर मोटी रकम देने के लिये उन्हें ब्लेकमेल और आतंकित करते हैं।हालांकि अदालत ने कहा कि इस मामले से निपटने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी हो गया है. सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने एक अलग यूनिट की स्थापना की है और इस मामले से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाया जा रहा है. साथ ही डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए कई अन्य कदम उठाए गए हैं. डिजिटल अरेस्ट को लेकर हुई सुनवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय और सीबीआई ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी. केंद्र सरकार की ओर से पेश दलील के सुनने के बाद अदालत ने कहा कि मामला काफी गंभीर है और इस मामले में अदालत उचित आदेश पारित करेगी. मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी. गौरतलब है कि एक वरिष्ठ नागरिक दंपति ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के पत्र लिखकर बताया था कि 1 से 16 सितंबर के बीच उनसे 1.5 करोड़ रुपए की ठगी सीबीआई, इंटेलिजेंस ब्यूरो तो कभी न्यायपालिका के अधिकारी बनकर की गयी. धोखेबाजों ने फोन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपर्क किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे वसूलने का काम किया. इतना ही नहीं उन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश दिखाए. मामला सामने आने के बाद अंबाला में दो एफआईआर दर्ज की गयी. जांच में पाया गया कि वरिष्ठ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने के लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है. अदालत ने 17 अक्टूबर को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की और केंद्र सरकार और सीबीआई से जवाब देने को कहा. अदालत ने इस मामले में अटार्नी जनरल से भी सुझाव लेने का आदेश दिया।उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति से एक करोड़ रुपये कीठगी के बाद अदालत ने इस व्यापक समस्या का स्वतः संज्ञान लिया। उन्हें धमकाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेशों का इस्तेमाल किया गया। यह बेहद परेशान करने वाली स्थिति है कि साइबर अपराधी सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को खतरे में डाल रहे हैं।तभी शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है, देश की केंद्रीय एजेंसी को इस मामले की तह तक तुरंत पहुंचना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों में एफआईआर दर्ज करने और धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज करने की पूरी छूट दी गई है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत बैंक अधिकारियों की कथित मिलीभगत की जांच का अधिकार भी दिया गया। इसके अलावा दूरसंचार विभाग को भी सिम कार्ड के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिये कहा गया है। निश्चित रूप से कोर्ट की सार्थक पहल के बाद यदि ये सभी उपाय सिरे चढ़ते हैं तो इस गंभीर अपराध के खिलाफ एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दे पाना संभव होगा। कोर्ट ने विश्वास जताया है कि केंद्रीय एजेंसी बिना किसी भय या पक्षपात के जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। इसमें राज्य सरकारों की सक्रियता व सजगता भी सीबीआई को अपराध की तह तक पहुंचने में मददगार साबित हो सकती है। यह भी जरूरी है कि एजेंसी की कार्रवाई में लालफीताशाही और राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। इसके साथ ही नागरिकों को भी ऐसे अपराधों के प्रति सजग रहना होगा। जागरूकता सतर्कता उन्हें अपराधियों के चंगुल में फंसने से बचा सकती है। ऐसी किसी कॉल के आने पर उन्हें रुककर विचार करना चाहिए और हड़बड़ी में बैंक से जुड़ी कोई जानकारी देने से बचना चाहिए।

ठग खुद को केंद्रीय एजेंसियों या पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर पीड़ितों को फर्जी आरोपों में फंसाने की धमकी देते थे। इसके बाद डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर उनसे बैंक खातों से बड़ी रकम ट्रांसफर कराई जाती थी। साइबर सेल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अब तक 35 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये आरोपी गुजरात, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पकड़े गए हैं। राजनांदगांव की 79 वर्षीय शीला सुवाल को आरोपितों ने सीबीआई अधिकारी और जज बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से डराया। मनी लॉन्डिंग केस में फांसाने की धमकी दी। निर्दोष साबित करने रकम जज के खाते में ट्रांसफर करने को कहा। महिला ने उगों के बताए गए विभिन्न खातों में 79,69,047 रुपये ट्रांसफर कर दिए। एक अन्य मामले में ठगों ने फारेक्स व ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताकर व्यापारी को फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग साइट का लिंक भेजा। पहले 15 हजार का छोटा मुनाफा देकर व्यापारी का विश्वास हासिल किया, फिर बड़े मुनाफे का लालच देकर 1,21,53,590 रुपये निवेश के नाम पर जमा कराए। दोनों मामलों में तीन आरापितों को पकड़ा गया है। पुलिस का कहना है कि अधिकांश मामलों में उप विदेशी कॉल सेंटरों की तरह काम करते हुए इंटरनेट कालिंग और फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करते थे। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी संदिग्ध काल या डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों पर विश्वास न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सीजेआई ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में एससी ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट मामलों में लगभग 3 का पता चला है।

अभी तक डिजिटल अरेस्ट कर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है आज भी लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रहीं हैं जिनमे लोगों को मोबाइल काल पर तरह तरह से धमका कर पैसा ठगी किया जा रहा है लोग जीवन भर की खून पसीने की कमाई चंद मिनटों में गंवा कर सुसाइड करने के लिए विवश हो रहे हैं। सरकार को ऐसे अपरोक्ष हत्यारों ठगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# कोर्टेवा ने जलवायु दबावों के बीच भारत में बायोलॉजिकल्स पर जोर बढ़ाया

**कनिंघम ने कहा- 'बायोकंट्रोल्स वह समाधान हैं जिसकी किसानों को सबसे अधिक आवश्यकता है। अभी तक किसी ने इसे बड़े पैमाने पर हल नहीं किया है।' उन्होंने बताया कि कंपनी ऐसे माइक्रोबियल समाधानों पर निवेश बढ़ा रही है जो या तो कीटों पर सीधे हमला करते हैं या पौधों की रक्षा क्षमता को मजबूत बनाते हैं।**

**को**र्टेवा भारत को बायोलॉजिकल्स के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार मानती है, खासकर प्राकृतिक खेती और जीन-एडिटिंग प्रौद्योगिकियों के लिए सरकारी समर्थन को देखते हुए, कोर्टेवा की एशिया-पसिफ़िक अध्यक्ष

कॉर्टेवा एग्रीसाइंसभारत में अपने बायोलॉजिकल्स पोर्टफोलियो का विस्तार तेज कर रही है। जलवायु परिवर्तन और कीट-प्रतिरोध की बढ़ती चुनौतियों के बीचबायोकंट्रोल्सऔरबायोस्टिमुलेंट्सजैसे प्राकृतिक फसल सुरक्षा समाधानों की मांग बढ़ रही है, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा।कंपनी मानती है कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और जीन-संपादन तकनीकों के लिए सरकारी समर्थन के कारण भारत बायोलॉजिकल्स के लिए एक प्रमुख बाज़ार है। एशिया-पसिफ़िक अध्यक्षब्रूक कनिंघमने भारत दौरे के दौरान पीटीआई को यह जानकारी दी।

कनिंघम ने कहा, ''बायोकंट्रोल्स वह समाधान हैं जिसकी किसानों को सबसे अधिक आवश्यकता है। अभी तक किसी ने इसे बड़े पैमाने पर हल नहीं किया है।''उन्होंने बताया कि कंपनी ऐसे माइक्रोबियल समाधानों पर निवेश बढ़ा रही है जो या तो कीटों पर सीधे हमला करते हैं या पौधों की रक्षा क्षमता को मजबूत बनाते हैं।

**जलवायु परिवर्तन से बायोलॉजिकल्स की मांग में तेजीः** जलवायु परिवर्तन के चलते कीटों की तेजी से आवाजाही और सूखा, बाढ़ तथा गर्मी जैसे तनाव बढ़ रहे हैं। ऐसे मेंबायोस्टिमुलेंट्स, जो मिट्टी से लेकर पौधों को मजबूत बनाते हैं, भारतीय किसानों के लिए महत्वपूर्ण उपकरण बन रहे हैं।कनिंघम ने कहा, ''यह रसायनों का विकल्प नहीं, बल्कि एकीकृत कीट प्रबंधन का हिस्सा है।''उन्होंने बताया कि रासायनिक समाधान आज भी फलों में 80% और सब्जियों में 50% तक नुकसान को रोकते हैं।कंपनी बायोलॉजिकल्स को पारंपरिक फसल सुरक्षा का पूरक मानती है, ताकि कीट-प्रतिरोध और पर्यावरणीय स्थिरता-दोनों चुनौतियों का समाधान हो सके।



**भारत के लिए बायोलॉजिकल्स क्यों महत्वपूर्णः**भारत के किसानदुनिया की 1.4 अरब आबादीकोसिर्फ 2.4% वैश्विक कृषि भूमिपर भोजन उपलब्ध कराते हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा और निर्यात लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बायोलॉजिकल्स को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।ब्राज़ील फिलहाल तीव्र कीट दबाव के कारण बायोलॉजिकल्स के अपनाने में सबसे आगे है, लेकिन भारत अपनी नीतिगत दिशा के चलते विशेष अवसर प्रदान करता है। प्राकृतिक खेती और जीन-संपादन तकनीकों को समर्थन देकर भारत देश को उन्नत बीज, फसल सुरक्षा और बायोलॉजिकल्स तकनीकों के लिए तैयार कर रहा है।कनिंघम ने कहा, ''भारत दुनिया को भोजन और ऊर्जा देने के लिए एक निर्णायक मोड़ पर है।''उन्होंने बताया कि देश के15 करोड़ छोटे किसान, जिनके पास अक्सर 2 हेक्टेयर से कम भूमि होती है, बायोलॉजिकल्स से औसतन15-20% अधिक उत्पादनप्राप्त कर सकते हैं-विशेषकर वे किसान जिनके पास केवल0.3 हेक्टेयरभूमि है।

भारत में1,500-2,000 करोड़ रुपयेका कारोबार करने वाली कंपनी अपने2026 के 4.1 अरब डॉलर ऑपरेटिंग एइक्लळऊअ लक्ष्यको हासिल करने में भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण मानती है। एशिया-प्रशांत में भारत कॉर्टेवा का सबसे बड़ा बीज बाज़ार है, और यह क्षेत्र कंपनी की वैश्विक आय में लगभग 10% योगदान देता है।

**साझेदारियांः** कनिंघम ने बताया कि कॉर्टेवा अपने राजस्व का8%शोध एवं विकास में लगाती है-जो वार्षिक रूप से लगभग1.4 अरब डॉलर, यानीप्रतिदिन 4 मिलियन डॉलरहोता है। कंपनी नई बायोलॉजिकल्स तकनीकें विकसित करने में लागत और समय कम करने के लिएअकका उपयोगकर रही है।

1972 से भारत में मौजूद कोर्टेवाकंपनी तेलंगाना में दो प्रमुख शोध हब संचालित करती है, जो भारतीय किसानों के लिए विश्व-स्तरीय तकनीक विकसित कर रहे हैं। कंपनी बायोलॉजिकल्स के अपनाने को तेज करने के लिए स्थानीय नवोन्मेषकों के साथवितरण समझौतों, संयुक्त फ&ऊ इक्विटी निवेश और संयुक्त उद्यमोंके माध्यम से साझेदारी कर रही है। कनिंघम ने कहा, ''1 अरब डॉलर से अधिक फ&ऊ होने के बावजूद हम अकेले नवाचार नहीं कर सकते। इसलिए विशेषज्ञता, नियामक ज्ञान और विनिर्माण क्षमता के लिए हम स्थानीय इनोवेटर्स के साथ साझेदारी कर रहे हैं।''

**नियामकीय अड़चनें अब भी चुनौतीः** भारत मेंउर्वरक नियंत्रण आदेश (ऋछड) के तहत अनुमोदन की प्रक्रिया अभी भी धीमी है, जबकि ऑस्ट्रेलिया जैसे बाज़ारों में यह तेज़ है। कनिंघम ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर समरूप विनियमों की कमी बड़ी चुनौती है। हमें विज्ञान-आधारित, डेटा-चालित और पूर्वानुमेय ढांचे की ज़रूरत है। गैर-विज्ञान आधारित या अप्रत्याशित निर्णय फ&ऊ निवेश को औचित्यपूर्ण बनाना मुश्किल करते हैं।''कंपनी निवेश आकर्षित करने और किसानों तथा स्थानीय नवाचार की सुरक्षा-दोनों के बीच संतुलन बनाने वाले विनियमों की वकालत करती है। वह एशिया-पसिफ़िक के 17 बाज़ारों में सरकारों व नियामकों के साथ मिलकर समान ढांचे विकसित करने पर काम कर रही है।

**भारत में विकास रणनीति का केंद्रः बायोलॉजिकल्सः**कंपनी की बायोलॉजिकल्स रणनीति उसके व्यापकएकीकृत कीट प्रबंधन (क्ढट) दृष्टिकोण का हिस्सा है। कॉर्टेवा ने मक्का और सरसों में जलवायु-सहिष्णु हाइब्रिड पेश किए हैं और धान व मोटे अनाज में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। फसल सुरक्षा में कंपनी पारंपरिक रसायन और बायोलॉजिकल्स-दोनों समाधान देती है, ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें।

कंपनी का अनुमान है कि उसके नवाचार किसानों की 20-30% तक आय बढ़ासकते हैं, वह भी बिना लागत बढ़ाए। कनिंघम ने कहा, ''उपज जैसे लाभों का 'पाई' सभी पक्षों में इस तरह बांटना होता है कि सबको फायदा हो। इसके बिना न किसानों के लिए गणित बैठता है, न हमारे लिए।'' कनिंघम, जो 2022 के अंत में कॉर्टेवा से जुड़ीं और जून में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की ज़िम्मेदारी संभाली, ने कहा कि उन्होंने अपने पहले छह महीनों में भारत के विभिन्न हिस्सों का विस्तृत दौरा किया है। उन्होंने कहा, ''यह टेक्नोलॉजी के लिए निर्णायक समय है। अगले 25 वर्षों में दुनिया में 2 अरब और लोग जुड़ेंगे, साथ ही जलवायु परिवर्तन और कीट-प्रतिरोध-इन सबके बीच तकनीक ही एकमात्र समाधान है।''कृषि क्षेत्र में आने से पहले कनिंघम 15 वर्ष निवेश बैंकिंग में कार्य कर चुकी हैं। कॉर्टेवा भारत और एशिया-पसिफ़िक में बायोलॉजिकल्स को अपनी विकास रणनीति का केंद्रीय स्तंभ बना रही है।

## आप की बात

### डबल इंजन सरकार की मदद से चमक रहा है उत्तर प्रदेश, विकास की रफ्तार हुई तेज

उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। इस दौरान मोदी सरकार के कार्यकाल में और योगी सरकार की बेहतर नीतियों ने 11 सालों में इस राज्य को चमका दिया है। कानून व्यवस्था से लेकर आर्थिक प्रगति की जो झलक अब प्रदेश में देखने को मिल रही है वह काहिबलेतारीफ है।प्रदेश उर्वर भूमि, पर्याप्त जल संसाधन और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण राज्य कृषि और अवसंरचना के क्षेत्र में अग्रणी बना है। देश की कुल कृषि योग्य भूमि में उत्तर प्रदेश का हिस्सा 11 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय खाद्यान्न आपूर्ति में प्रदेश का योगदान 21 प्रतिशत है। उधर राज्य में पिछले आठ वर्षों में एमएसपी का भुगतान सीधे किसानों को मिल रहा है जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। सिंचाई के क्षेत्र में हर खेत को पानी उपलब्ध कराने, माइक्रो इरीगेशन, नहरों के नेटवर्क, सौर पंप और जल संरक्षण के अभियानों को गति दी गई है। ड्रोन डोजिंग, खरपतवार नियंत्रण, स्वॉइल टेस्टिंग और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ा गया है। किसानों को उद्यमिता से जोड़ने के लिए फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल मंडी और ई नाम जैसे प्रयासों ने बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। एक्सप्रेसवे और लॉजिस्टिक्स पार्कों के माध्यम से राज्य विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। इसके लिए डबल इंजन सरकार के प्रयासों की सराहनान बेझिझक की जा सकती है।

**प्रांजल, लखनऊ**

### खात्मे की ओर है नक्सलवाद ध्वस्त होता जा रहा नेटवर्क

केंद्र व राज्य सरकार के प्रयासों और संकल्प ने अब नक्सलवाद को खात्मे के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। पिछले छह महीनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में नक्सलियों के गुट ने ताबड़तोड़ जिस अंदाज में खुद घुटने टेके उससे साबित हो गया कि केंद्र सरकार अब इस तरहल उग्रवाद को जड़ से खत्म करने पर आमादा है। नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले छत्तसगढ़ और झारखंड इलाके में लगातार चल रहे अभियानों ने लाल सलाम के इस नेटवर्क की धज्जियां उड़ाकर रखी दीं। इसीक्र म में पिछले एक सप्ताह से चल रहे सरेंडर सीन के बीच सुकमा जिले में शुक्रवार को कुल 33 लाख रुपये के इनामी 10 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। ए इस तरह से क्षेत्र में सुरक्षाबलों के लिए नक्सवादियों के स्लीपर सेल की तलाश है। उसका मानना है कि जब तक स्लीपर सेल नेटनर्क को पूरी तरह मटियामेट नहीं कर दिया जाता नक्सलवाद के समूल नाश का दावा बेमानी होगा। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले कई महीनों के दौरान अपने हर बयान में नक्सलवाद को पूरी तरह मिटाने की बात कही और दोहराई भी।

**सुरेंद्र सिन्हा, रायपुर**

### वित्त मंत्रालय का प्रयास सराहनीय लेकिन जागरूकता भी बेहद जरूरी

वित्त मंत्रालय ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समय पर निपटान के आधार पर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों की रैंकिंग शुरू की है। इस पहल का मकसद शिकायत निवारण व्यवस्था में सुधार लाना है। जून में शुरू की गई इस पहल से इन वित्तीय संस्थानों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैंकों और बीमा कंपनियों द्वारा शिकायत निपटान में लगने वाले समय पर ध्यान देकर ग्राहक और संबंधित संगठनों के बीच पारदर्शी संचार और संगठनों में ग्राहक सेवा प्रशिक्षण में वृद्धि के माध्यम से शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया गया है। साथ ही,वित्तीय सेवा विभाग ने दिसंबर 2025 से 'वित्तीय संस्थान संवाद कार्यक्रम' शुरू किया है, जिसके अंतर्गत प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (सीपीजीआरएएम) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर चुनी गई संस्थाओं के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इस सराहनीय प्रयास का लाभ आम आदमी को मिलेगा लेकिन इसको लेकर जागरूकता भी जरूरी है।

**सुकृति, नई दिल्ली**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 13 दिसंबर 2025



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 112 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

# उत्तराखंड में रिवर्स पलायन 44 प्रतिशत बढ़ा

- सीएम धामी बोले–उत्तराखंड में नहीं पनपेगी कट्टर सोच, विकास के नए कीर्तिमान स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। लेटीबुंगा/मुक्तेश्वर/नैनीताल





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को जनपद नैनीताल के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री लेटीबुंगा मैदान, ग्राम पंचायत शशबनी पहुंचे, जहां उन्होंने 112 करोड़ 34 लाख रुपये की कुल 17 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और स्थानीय जनता को संबोधित किया। भीमताल विधानसभा सहित पूरे नैनीताल जिले के समग्र विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

क्षेत्रीय विधायक द्वारा उठाए गए मुख्य मार्ग-10 की खराब स्थिति पर तत्काल संज्ञान लेते हुए लगभग 9.5 करोड़ रुपये सड़क पुनर्निर्माण हेतु स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में उत्तराखंड आज विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैंची धाम, नैनादेवी मंदिर, मुक्तेश्वर धाम सहित सभी पौराणिक मंदिरों का पुनरोद्धार कार्य मिशन मोड में चल रहा है। पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए एक जनपद-दो उत्पाद, हाउस ऑफ हिमालयाज, स्टेट मिलेट मिशन, होमस्टे, ह्वेड इन उत्तराखंड जैसी योजनाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दे रही हैं। पलायन आयोग की नवीन रिपोर्ट में रिवर्स पलायन में 44% की बढ़ोतरी, बेरोजगारी दर में 4.4% कमी, तथा नीति आयोग के एसडीजी इंडेक्स में देश में प्रथम स्थान उत्तराखंड को प्राप्त हुआ है। राज्य में नकल माफियाओं पर लगाम कसने के लिए देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्षों में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है और 100 से अधिक नकल माफिया जेल भेजे गए हैं। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत 200 से अधिक भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है। कार्यक्रम के दौरान विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा ने माननीय मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति पर आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। अपने संबोधन में उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर महिला स्वयं सहायता समूहों एवं विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण कर महिला उत्पादों की सराहना की।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख धारी भावना आर्या, ओखलकांडा केडी रूबाली, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसपी यातायात जगदीश चंद्र सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनता आदि मौजूद रही।

### सीएम द्वारा शिलान्यास की गई 9 योजनाएं (41 करोड़ 60 लाख)

- राजकीय महाविद्यालय लालकुआं में परीक्षा भवन।
- लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में चाहरदीवारी।
- गौलापार स्टेडियम में पूल कवरिंग व सुरक्षा कार्य।
- बेतालघाट, पंगोट-दैचौरी, ओखलकांडा सभागार आदि।

### मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रमुख घोषणाएं

- भीमताल क्षेत्र के कई गांवों–भीड़ापानी, नाई, डालकन्या, देवनगर, सिलौटी, सुन्दरखाल में मिनी स्टेडियम का निर्माण।
- ओखलकांडा के करायल बैण्डझटकुरा वन चौकी रोड का डामरीकरण।
- भीमताल बाईपास नहर कवरिंग का शेष कार्य पूर्ण कराया जाएगा।
- भीमताल में नई पार्किंग और नया रोडवेज बस स्टेशन स्थापित होगा।
- भीमताल नगर में अग्निशमन केंद्र खोला जाएगा।
- नौकुचियाताल–खड़की खरौला रोड का मिलान।
- कसियालेख–काफली–पदीकनाला रोड का डामरीकरण।
- बडोन–सिमलिया–साननी मोटर मार्ग का मिलान।

### मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित 8 योजनाएं (70 करोड़ 73 लाख)

- भवाली बाईपास पार्ट–1 और 2 सुधारीकरण।
- भीमताल बाईपास सड़क सुधार।
- 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट, नैनीताल।
- हल्दूचौड़ एलबीएस कॉलेज में पुस्तकालय व बहुउद्देश्यीय हॉल।
- पुछड़ी में गौशाला निर्माण।
- राजकीय विद्यालय जाडापानी में पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला।

---

जिला बॉर्डर पर चला पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

## वाहनों में लगी काली फिल्म उतरवाई





पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी

- यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध हुई कार्यवाही

एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. ने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्धों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। जिसके क्रम में पुलिस ने शुक्रवार सुबह जनपद में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की।

इस दौरान कोतवाली हल्द्वानी पुलिस टीमों एवं लालकुआं कोतवाली पुलिस टीमों ने अपने क्षेत्र की चेक पोस्ट, बैरियरों से जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को बॉर्डर पर रोक कर चेक किया। वहीं पुलिस ने संदिग्धता प्रतीत होने पर वाहन में लगी काली फिल्म को उतारने की कार्यवाही भी की। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही भी की गई।

## नर्सिंग अधिकारियों का आंदोलन आठवें दिन भी जारी

**देहरादून।** नर्सिंग भर्ती में अनियमितताओं और अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत बेरोजगार नर्सिंग अधिकारियों का धरना शुक्रवार को आठवें दिन भी एकता विहार में जारी रहा। नर्सिंग एकता मंच के बैनर तले जुटे अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ कड़े नारे लगाए और चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना स्थल पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष नवल पुंडीर ने कहा कि आठ दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक शासन या प्रशासन का कोई भी प्रतिनिधि हाल-चाल जानने तक नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं से अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार उदासीन बनी हुई है।

**अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ कड़े नारे लगाए**

---

नैनीताल घूमने जा रहे गाजियाबाद के पर्यटकों की कार हादसे का शिकार

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, दो की मौत

- पांच लोग हो गए घायल, घायलों में दो छोटे बच्चे भी हैं शामिल

पायनियर समाचार सेवा। कालाढूंगी



नैनीताल घूमने जा रहे गाजियाबाद के पर्यटकों की कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच घायल है। शुक्रवार को गाजियाबाद से नैनीताल जा रहे एक परिवार के पर्यटकों की कार बाजपुर रोड में धुंध के बीच सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में परिवार के दो सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार हादसा शुक्रवार सुबह करीब 7.30 बजे बाजपुर मार्ग पर गडप्पू चेक पोस्ट से लगभग दो किलोमीटर आगे हुआ। टाटा टियागो कार संख्या यूपी 14 एसी 4349 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चीख-पुकार मच गई। वहीं आस-पास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर पुलिस व 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

पुलिस के अनुसार, सभी लोग गाजियाबाद के सिहानी क्षेत्र के निवासी हैं और शुक्रवार तड़के नैनीताल घूमने के लिए निकले थे। कार में चार वयस्क और दो बच्चे सवार थे।

### घायलों के परिजन गाजियाबाद से हो चुके हैं रवाना

हादसे में प्रदीप यादव (28) और राहुल (18) निवासी सिहानी, थाना नंदग्राम, की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को पहले उपचार के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों में विवेक यादव (23), दीपांशु (निवासी नगला सुदमा, थाना बेवर, मैनपुरी), ज्योति (27) पत्नी प्रदीप, तथा दो मासूम बच्चे अन्नईया उर्फ परी (3.5 वर्ष) और किट्टू (1.5 वर्ष) शामिल हैं। सभी का इलाज बाजपुर के एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने कार मालिक व पड़ोसी को घटना की जानकारी दे दी है। घायलों के परिजन गाजियाबाद से रवाना हो चुके हैं।

---

## नगर निगम की दुकानों का किराया बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू, बनाई गई रणनीति



**हल्द्वानी।** नगर निगम ने अपने स्वामित्व वाली दुकानों के किराये में वृद्धि की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान में नगर निगम सीमा क्षेत्र में कुल 1250 दुकानें नगर निगम के स्वामित्व में हैं, जिन्हें किराये पर आवंटित किया गया है। वर्ष 2016-17 में इन दुकानों को चार जोन में विभाजित कर किराया निर्धारित किया गया था। उस समय दुकानों का अधिकतम किराया 8 रुपये प्रति वर्गफिट प्रतिमाह और न्यूनतम 6 रुपये 02 पैसे प्रति वर्गफिट प्रतिमाह तय किया गया था। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि शहरी विकास सचिव द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार स्थानीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि उनकी स्वामित्व वाली संपत्तियों का किराया बाजार मूल्य से कम दरों पर आवंटित नहीं किया जाएगा।

कड़ाके की सर्दी, 10 डिग्री पहुंचा तापमान

## जमने लगे झरने व गदेरे, पर्यटक रोमांचित

- सर्दियों में नीती घाटी के ग्रामीण अपने पैतृक घरों को छोड़कर निचले क्षेत्रों में जाते हैं चले

पायनियर समाचार सेवा। चमोली





चमोली जिले की नीती घाटी इस समय भीषण ठंड की चपेट में है। रात का तापमान माइनस 10 डिग्री तक पहुंच गया है, जिससे घाटी में बहने वाले गाड-गदेरे और झरने पूरी तरह जम गए हैं। पानी के जमने से बनने वाली बर्फ की अनोखी आकृतियां पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से यहां पहुंच रहे पर्यटक इन प्राकृतिक नजारों को मोबाइल कैमरे में कैद करते दिख रहे हैं। बारिश न होने के कारण क्षेत्र में कोरी ठंड पड़ रही है।

लगातार पाला गिरने से तापमान में और गिरावट आ रही है। माइनस तापमान के चलते छोटे नाले, झरने और बहता पानी मोम की तरह जमकर सफेद चादर ओढ़े दिखाई दे रहा है। सर्दियों में नीती घाटी के अधिकांश ग्रामीण अपने पैतृक घरों को छोड़कर निचले क्षेत्रों में चले जाते हैं। हालांकि, अब घाटी के कुछ स्थानीय युवक होम स्टे चलाकर पर्यटकों को ठहरने और खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। ठंड के बावजूद घाटी की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को बेहद आकर्षक अनुभव दे रही है।

## देहरादून में मंडल स्तर पर 46 प्रतिभागी चुने गए

**देहरादून।** फ्रांस के लियोन में सितंबर 2026 में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड में मंडल स्तर की चयन प्रक्रिया संपन्न हो गई। देहरादून के विभिन्न केंद्रों सेलाकुई स्थित शिवालिक इंजीनियरिंग कॉलेज, तिब्बती प्राइवेट आईटीआई, डीएनए लैब्स, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और एरिना मल्टीमीडिया में आयोजित प्रतियोगिताओं में गढ़वाल और कुमाऊं सहित राज्यभर से आए 53 प्रतिभागियों ने 26 विधाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कुकिंग, बेकरी-कन्फैक्शनरी, ऑटोमोबाइल, हेयर ड्रैसिंग, होटल रिसेप्शन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग और इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन प्रमुख प्रतियोगिता रहीं। प्रतिभागियों को समिति की ओर से आवागमन, आवास व टी-शर्ट, टोपी, बैग और वाटर बॉटल जैसी एक्सेसरीज उपलब्ध कराई गईं। विभागीय सचिव सी. रवि शंकर ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## ट्यूशन को निकली दो नाबालिग किशोरी लापता, महिला आयोग ने लिया संज्ञान

- पुलिस को त्वरित कार्रवाई के आदेश, मामले में मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। ऋषिकेश



जिला पौड़ी लक्ष्मण झूला ऋषिकेश से ट्यूशन के लिए निकली 13 और 14 वर्ष की दो किशोरियां अचानक लापता होने के मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वतः संज्ञान लिया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस को तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने सीओ ऋषिकेश को भी त्वरित कार्रवाई करने और हर सूचना पर तुरंत फॉलोअप लेने के निर्देश दिए हैं। नाबालिग लड़कियों को जल्द से जल्द सकुशल बरामद करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि मामले में मुकदमा दर्ज है। जानकारी के अनुसार मामले में सामने आया है कि नाबालिग किसी लड़के के संपर्क में थीं। पुलिस उसकी लोकेशन और कॉल डिटेल्स भी ट्रेस कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों नाबालिग जानकी पुल से विक्रम में बैठकर रेलवे स्टेशन पहुँचीं और हरिद्वार जाने वाली ट्रेन में कपड़े बदले। उनकी अंतिम लोकेशन रामनगर में मिली है, जहां पुलिस टीमें सक्रिय रूप से तलाश में जुटी हैं। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और नाबालिग लड़कियों को जल्द से जल्द सकुशल बरामद करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। नाबालिग लड़कियों का किसी के बहकावे में घर से निकल जाना गंभीर चिंता का विषय है। आयोग ने अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों और उनकी ऑनलाइन-ऑफलाइन मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। इधर, पुलिस का कहना है कि तकनीकी सर्विलांस जारी है और दोनों को शीघ्र ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

---

भवाली के पास दो नाली में बनी मस्जिद ने 43 नाली भूमि कब्जाई

## वन विभाग, प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल

- सीएम के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने भी इस मामले में नैनीताल जिला प्रशासन से की है बात

पायनियर समाचार सेवा। नैनीताल



भवाली क्षेत्र में भूमियाधार रोड पर बनी मस्जिद ने करीब 43 नाली सरकारी भूमि पर अपना कब्जा कर उसकी चार दीवारी बना ली है? इस मामले में वन विभाग और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे है कि आखिर आरक्षित वन क्षेत्रों में ये संरचनाएं कैसे और क्यों बन रही है और इनका विस्तार भी कैसे हो रहा है ? जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें ये कहा जा रहा है उक्त मस्जिद जंगल की भूमि पर बनाई गई है और धीरे धीरे मस्जिद प्रबंधन ने आसपास की भूमि पर कब्जा कर लिया है।

नैनीताल जिला प्रशासन ने इस मामले के संज्ञान में आने के बाद उक्त मस्जिद स्थल पर राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम भेजी और पाया कि करीब 45 नाली भूमि पर चारदीवारी कर मस्जिद का परिसर बनाया हुआ है इस मामले में वन विभाग ने अपने नक्शे देखने के बाद बताया कि उक्त मस्जिद के लिए वन विभाग द्वारा 1924 में 5016 वर्गफुट( दो नाली पांच मुट्ठी ) जमीन लीज पर दी गई थी। खास बात ये कि उक्त लीज अवधि भी कई साल पहले समाप्त हो चुकी है। लेकिन वर्तमान में ये 45 नाली से अधिक बताई गई है , यानि करीब 43 नाली सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा स्पष्ट दिखाई दे रहा है ? इस क्रम में जब राजस्व विभाग के दस्तावेज देखे गए तो 45 नाली भूमि नगर पालिका के दस्तावेजों में दर्शाइ गई है।

### बड़ा सवाल ये है 2 नाली से 45 नाली कैसे हो गई?

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के मुताबिक इस विषय पर अभी और जांच पड़ताल की जा रही है कि कितनी और कब कब ये संरचना बनी और परिसर ने कैसे विस्तार पाया ? हम ने वन विभाग के डीएफओ को समस्त भू दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट देने को कहा है। बरहाल नैनीताल जिले में सरकारी भूमि अवैध धार्मिक संरचनाओं को लेकर प्रशासनिक जांच पड़ताल का सिलसिला जारी है। जानकारी के मुताबिक सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने भी इस मामले में नैनीताल जिला प्रशासन से बात की है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनी धार्मिक संरचनाएं हटाई जा रही है। हम इस देवभूमि के देव सांस्कृतिक स्वरूप को किसी भी हाल में बदलने नहीं देंगे।

## डायलिसिस ऑपरेटर न होने से मरीज परेशान, नियुक्ति की मांग

- जिला पंचायत सदस्य ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी अल्मोड़ा को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। रानीखेत





अल्मोड़ा जिले के रानीखेत विधानसभा क्षेत्र में गोविन्द सिंह महरा राजकीय चिकित्सालय में कई महीनों से डायलिसिस मशीन के लिए ऑपरेटर न होने से मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऑपरेटर के अभाव में स्थानीय लोगों को डायलिसिस उपचार के लिए हल्द्वानी जैसे दूरदराज अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है।

डायलिसिस ऑपरेटर की नियुक्ति की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी अल्मोड़ा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि रानीखेत का यह एकमात्र बड़ा चिकित्सालय है, लेकिन ऑपरेटर न होने से मरीजों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अल्मोड़ा ने आश्वासन दिया कि अस्पताल में जल्द ही डायलिसिस ऑपरेटर की नियुक्ति की जाएगी, ताकि स्थानीय जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ मिल सके।

### कपड़ा व्यापारी के बेटे को बंधक बनाकर बदमाश ने की बड़ी लूट

# सीसीटीवी में कैद आरोपी की तलाश तेज

- नकदी और जेवरात ढूंढकर अपने कब्जे में ले गए चोर

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर





शहर की शांत मानी जाने वाली गांधी कॉलोनी बीती देर रात उस समय दहशत में आ गई, जब कपड़ा व्यापारी विक्की ढींगरा के घर में एक अज्ञात बदमाश घुसकर लूटपाट कर फरार हो गया। बदमाश ने व्यापारी के बेटे को बंधक बनाकर नकदी और जेवरात लूट लिए। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से कैद हुई है, जिसके आधार पर नई मंडी पुलिस आरोपी की पहचान में जुट गई है।

गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसायटी निवासी कपड़ा व्यापारी विकास ढींगरा उर्फ विक्की अपने परिवार के साथ गुरुवार को हरिद्वार में एक शादी समारोह में गए हुए थे। घर में केवल उनका बेटा मौजूद था।रात करीब 9:45 बजे एक युवक ढींगरा निवास में प्रवेश करता हुआ सीसीटीवी में दिखा। उसी दौरान व्यापारी का बेटा घर को ताला लगाकर भोजन करने बाहर गया हुआ था। लगभग 10 बजे वह वापस लौटा। घर में मौजूद होने के बावजूद बदमाश कुछ समय तक शांत बैठा रहा। करीब आधे घंटे बाद उसने व्यापारी के बेटे पर हमला कर उसे मारपीट करते हुए टॉयलेट में बंद कर दिया। इसके बाद आरोपी ने घर में रखी नकदी और जेवरात ढूंढकर अपने कब्जे में ले लिए। लगभग 11:30 बजे बदमाश जेवरात लेकर घर से बाहर निकलता दिखा। घटना की जानकारी मिलते ही सोसायटी के सभापति पवन छाबड़ा और पुलिस टीम रात में ही मौके पर पहुँच गई। कपड़ा व्यापारी विकास ढींगरा भी आधी रात के बाद हरिद्वार से लौटकर घर पहुँचे। सूचना मिलने पर पहुंची नई मंडी कोतवाली पुलिस ने व्यापारी के बेटे से विस्तृत पूछताछ की। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लिया। वारदात के दौरान बदमाश की गतिविधियों का टाइमलाइन तैयार किया।

> सीसीटीवी में कैद आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस सभी कोणों से जांच कर रही है। जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया जाएगा।
> **सत्यनारायण प्रजापत**
> **एसपी सिटी**

### मुजफ्फरनगर जिले के 59 हजार से अधिक मतदाता लापता

**मुजफ्फरनगर।** जिले की छह विधान सभा क्षेत्रों में चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। करीब 59,443 ऐसे मतदाता लापता मिले हैं, जिन्होंने 2022 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट डाला था, लेकिन अब मतदाता सूची से गायब हैं। स्थानीय लोगों से पूछताछ में भी इनके बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। अभियान के दौरान 52,542 मतदाता मृत पाए गए हैं, जबकि 1.28 लाख लोग एक पते से दूसरे पते पर शिफ्ट हुए हैं। चुनाव आयोग ने एसआईआर की समय सीमा को 26 दिसंबर तक बढ़ाया है, ताकि मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध किया जा सके। पुरकाजी विधानसभा में सर्वाधिक 19,237 लापता मतदाता मिले हैं। बुढ़ाना में 10,224, सदर में 10,736, चरथावल में 9,263, खतौली में 5,535 और मीरांपुर में 4,448 मतदाता सूची से नदारद हैं।

# मिल के अधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष को दिया भुगतान का आश्वासन

- पिछले पेराई सत्र का समस्त भुगतान 31 दिसंबर तक,चालू वर्ष का 1 जनवरी 2026 से भुगतान में तेजी लायेगा मिल-यूनिट हेड

पायनियर समाचार सेवा। नागल



जनपद में किसानों के गन्ने का समय पर भुगतान न करने वाली शुगर मिलों पर किसान संगठनों की चेतावनी और जिलाधिकारी मनीष बंसल की शुगर मिलों को मिली फटकार का असर देखने को मिल रहा है। हिन्दुस्तान शुगर मिल के यूनिट हेड भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष के आवास पहुंचकर दिसम्बर के अंत तक किसानों का भुगतान करने का आश्वासन दिया है।

भाकियू टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने एक प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि नागल क्षेत्र की बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल पर अभी भी गत वर्ष के पेराई सत्र का करीब 50 करोड़ रुपया बकाया है। जबकि चालू वर्ष को करीब एक माह का समय बीत चुका है अभी तक भी मिल द्वारा किसानों का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व वह जिला अधिकारी मनीष बंसल से मिलकर किसानों के गन्ने का भुगतान करने की गुहार लगायी थी। जिसके चलते बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल के यूनिट हेड रामवीर सिंह खोखर अपने शुगर मिल अधिकारियों के साथ उनके आवास पर पहुंचे और गत वर्ष के पेराई सत्र का समस्त भुगतान 31 दिसंबर तक करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने चालू वर्ष का भी 1 जनवरी 2026 से भुगतान में तेजी लाने का आश्वासन दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने कहा कि यदि शुगर मिल किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं करता तो जल्द ही शुगर मिल के विरुद्ध संगठन एक बड़ी पंचायत करेगा और अपना विरोध जतायेगा। इस दौरान वहां गन्ना महाप्रबंधक सिताब सिंह, सिक्योरिटी इंचार्ज महेश्वर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस की सतर्कता से बची युवती की जान



**कैराना।** महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का वादा कर रही शामली पुलिस ने शुक्रवार को अपनी तत्परता और संवेदनशीलता का ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। थाना कैराना पुलिस और मिशन शक्ति टीम की सतर्कता ने एक युवती का जीवन बचाकर न सिर्फ एक परिवार को टूटने से बचाया, बल्कि यह साबित कर दिया कि पुलिस संकट की घड़ी में नागरिकों की सबसे बड़ी सहायक है। मिली जानकारी के अनुसार अर्शी पुत्री आबिद निवासी मोहल्ला दरबार खुर्द थाना कैराना परिजनों के बीच हुए मामूली विवाद के बाद मानसिक तनाव में घर से बिना बताए निकल गई थी। मन में गहरे आघात के चलते वह यमुना नदी के पास पहुंची और वहां से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान चौकी यमुना ब्रिज पर तैनात पुलिसकर्मियों की नजर युवती पर पड़ी। युवती की हालत और उसकी गतिविधियों को देखकर पुलिसकर्मी तुरंत हरकत में आ गए। सतर्कता और संवेदनशीलता दिखाते हुए जवानों ने उसे नदी में कूदने से ठीक पहले पकड़ लिया। पुलिस की यह त्वरित प्रतिक्रिया एक गंभीर हादसे को टालने में निर्णायक साबित हुई। युवती को सुरक्षित चौकी लाने के बाद मामला मिशन शक्ति केंद्र कैराना को सौंपा गया। प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी और उनकी टीम ने युवती की विस्तार से काउंसलिंग की। परिजनों को बुलाया गया और पारिवारिक मतभेद के कारणों को समझा गया। संवाद के माध्यम से समस्या को हल कराया गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के प्रभावी निर्देशन में किया गया, जो जिले में महिला सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से संवेदनशील माने जाते हैं। उनके मार्गदर्शन में पुलिस बल समय-समय पर मिशन शक्ति के तहत प्रशिक्षण व सतर्कता बढ़ाने के प्रयास भी करता रहा है।

### महिलाओं को किया गया जागरूक

**सहारनपुर।** जिला मुख्यालय स्थित महिला थाना की एंटी रोमियो टीम द्वारा



शहर के व्यस्त एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं एवं स्कूली बच्चों को जागरूक करने हेतु व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन उ.नि.मुकेश कुमार, हे.का. रीता, कांस्टेबल वर्षा, पूनम एवं रूबी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एंटी रोमियो टीम द्वारा कई महत्वपूर्ण स्थान जैन कॉलेज, मल्हीपुर रोड, बीजोपुरी, दयाल कॉलोनी, साकेत नगर, रेलवे स्टेशन, गिल कॉलोनी, दारा शिवपुरी, चंद्रनगर, कोर्ट तिराहा, हाथी गेट, रामलीला ग्राउंड, प्रद्युम्ननगर, हकीकत नगर, कोर्ट रोड, सिविल लाइन चौक, मिशन कंपाउंड, लकड़ी का पुल, खलासी लाइन आदि स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

झारखंड महादेव मंदिर गेट पर बढ़ा अतिक्रमण व अवैध पार्किंग

### असामाजिक तत्वों के उत्पीड़न से परेशान श्रद्धालु, कमेटी ने कोतवाल को सौंपा ज्ञापन



**खतौली।** नई आबादी स्थित झारखंड महादेव मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार किए जा रहे अतिक्रमण, अवैध पार्किंग और उत्पीड़न से स्थानीय नागरिकों व श्रद्धालुओं का सब्र अब टूट गया है। शुक्रवार को झारखंड महादेव समिति नई आबादी के सदस्यों ने समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल को ज्ञापन सौंपा। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मंदिर के मुख्य गेट पर कुछ असामाजिक तत्व प्रतिदिन अवैध पार्किंग कर अतिक्रमण कर रहे हैं। यही नहीं, मंदिर के ठीक सामने वाहन खड़े होने से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विरोध करने पर दबंगई, गाली-गलौज, धमकी और अभद्र व्यवहार तक किया जाता है। कई बार मारपीट जैसी घटनाएँ भी हो चुकी हैं। मंदिर समिति के मुताबिक, स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि मंदिर गेट पर नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों का जमावड़ा रहता है, जो अभद्र टिप्पणियाँ करते हैं, जिससे धार्मिक परिसर का पवित्र वातावरण बाधित हो रहा है। इससे क्षेत्र में तनाव, भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत दर्ज कराने और पुलिस चौकी को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# भाकियू रक्षक की बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा

- राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महानगर अध्यक्ष को प्रदेश में कार्यकारिणी में दी जगह

पायनियर समाचार सेवा। नागल



कस्बे के खंड विकास कार्यालय प्रांगण में भाकियू रक्षक की मासिक बैठक आयोजित हुई जिसमें किसानों तमाम समस्याओं पर चर्चा और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष पद पर सुनील राणा का मनोनयन किया।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में किसानो की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि कस्बे के बस अड्डे पर अतिक्रमण बढ़ने से दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है और उनका संगठन वर्षों से फ्लाई ओवर की मांग करता चला रहा है लेकिन शासन प्रशासन द्वारा कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओ की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जो किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है जिस पर लगाम लगाया जाना बहुत जरूरी है। चौधरी वीरेंद्र सिंह कस्बे के वन चेतना पार्क का भी मुद्दा उठाते हुए उसके जिर्णोद्धार करने की मांग की । इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महानगर अध्यक्ष सुनील राणा को प्रदेश पद की जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें मनोनीत पत्र सौपा। इसके बाद थाना प्रभारी राजकुमार चौहान को भी सुरक्षा से संबंधित ज्ञापन सौंपा।बैठक का संचालन गजेंद्र नौसरान ने किया। बैठक में जितेंद्र चौधरी, सुबे सिंह मलिक, रविंद्र सैनी, अजीत सैनी, राहुल फौजी, सुनील शास्त्री, अमरीश मलिक, रूपक चौधरी, अमित गर्ग, विपिन हांडा, संजीव विश्वकर्मा ,अनमोल वत्स, बिल्लू त्यागी, अमित औहलान, उदित चौधरी आदि मौजूद रहे।

### खतौली सीएचसी में जल्द शुरू होगी मुफ्त सीटी स्कैन सेवा

**खतौली।** क्षेत्र के हजारों मरीजों को राहत मिलने जा रही है। खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अब आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होने की ओर बढ़ रहा है। अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन स्थापित कर दी गई है। मशीन पूरी तरह तैयार है, लेकिन प्रशिक्षित टेक्नीशियन की नियुक्ति न होने के कारण इसे अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है। स्वास्थ्य विभाग ने टेक्नीशियन नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज कर दिया है और जल्द ही मरीजों को यहां मुफ्त सीटी स्कैन की सुविधा मिलने लगेगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सीटी स्कैन सुविधा शुरू होने के बाद स्थानीय मरीजों को अब मुजफ्फरनगर, मेरठ या अन्य निजी अस्पतालों में महंगा खर्च नहीं करना पड़ेगा। सीएचसी में यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

# पुलिस ने चोरी की दो वारदातों का किया खुलासा

- गैस सिलेंडर समेत चोरी का सामान बरामद, एक चोर गिरफ़्तार

पायनियर समाचार सेवा। कैराना



थाना कैराना क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी की दो बड़ी वारदातों का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान और वारदात में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं।

बता दें कि थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मलकपुर में गत 24 अक्टूबर को चोरी की घटना सामने आई थी। वहीं गत 7 नवंबर की रात ग्राम गाजीपुर स्थित ट्यूबवेलों से अज्ञात चोर सामान लेकर फरार हो गए थे। दोनों मामलों में थाना कैराना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को पूरे जनपद में संदिग्ध वाहन व व्यक्ति चेकिंग अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कैराना पर तैनात उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, उपनिरीक्षक दुर्गपाल सिंह, हे.का. गौरव कुमार व का. अरुण कुमार जब गश्त पर थे, तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया।

# बिना मान्यता प्राप्त स्कूल, मदरसे नहीं होंगे संचालित



पायनियर समाचार सेवा। बेहट

- विकास खंड साढौली में मान्यता प्राप्त विद्यालय, मकतब व मदरसों की बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने दिया सख्त आदेश

क्षेत्र में अमान्य विद्यालय,मदरसे व मकतब किसी भी स्थिति में संचालित नही होने दिये जायेंगे। अगर कोई विधा मान्यता के संस्थान संचालित करता पाया गया जायेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। विकास खंड साढौली में मान्यता प्राप्त विद्यालय, मकतब व मदरसों की बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सोमवीर सिंह ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अमान्य विद्यालय, मकतब व मदरसे तथा अतिरिक्त कक्षाएं किसी भी सूरत में संचालित नही होने दी जायेंगी। यदि कोई अमान्य संस्थान संचालित करता पाया गया तो विभागीय स्तर पर सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि आईटीई पोर्टल पर मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालय, मकतब व मदरसों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही यू डायस पोर्टल का कार्य समय से पूर्ण करना जरूरी है। बैठक में पंजीकृत बच्चों की अपार आईडी के सम्बंध में ए.बी.एस ए. ने कहा कि सभी इस कार्य को पूरा करने तत्काल सहयोग करे।

### धमकी देने वाले मौलाना पर मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने लाउडस्पीकर हटाने के विवाद के दौरान पुलिस को धमकी देने वाले मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेने के बाद की है। घटना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित एक धार्मिक स्थल से लाउडस्पीकर हटाने को लेकर सामने आई थी। मौलाना ने पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था, जिसके बाद जमीयत उलेमा और एआईएमआईएम के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधिकारियों से मिलकर नाराजगी जताई थी।

इस दौरान मौलाना का पुलिस को खुले तौर पर धमकी देने वाला वीडियो वायरल हो गया। वीडियो की सत्यता की जांच करने के बाद पुलिस ने मौलाना के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ सिटी एसके मिश्रा ने बताया कि वायरल वीडियो और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुरूप आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# खेलकूद से होता है युवाओं का सर्वांगीण विकासः नगर मजिस्ट्रेट

- विधायक खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया जलवा
- नगर विधायक ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ,वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती खेल की प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर



विधायक खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। विधायक खेल स्पर्धा में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती खेल की प्रतियोगिता का आयोजन सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्गो मे किया गया। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में विधानसभा सहारनपुर नगर की विधायक खेल स्पर्धा 2025-26 का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे किया गया। खेल स्पर्धा का शुभारंभ नगर विधायक राजीव गुम्बर के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने बुके देकर नगर विधायक राजीव गुम्बर का स्वागत किया तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास कुमार ने बैज लगाकर व कैप पहनाकर नगर विधायक राजीव गुम्बर का सम्मान किया। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि सरकार द्वारा विधायक खेल स्पर्धा के आयोजन का उद्धदेश्य न केवल युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास करना है, बाल्कि राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ना भी है। नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने खेलकूद को युवाओं का सर्वांगीण विकास का साधन बताया। क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास कुमार ने खेलकूद को भारत का भविष्य बताया। खेल स्पर्धा मे आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ सब जूनियर बालिका वर्ग में मायरा प्रथम, गौरी द्वितीय व निशा तृतीय रहीं। जबकि बालक वर्ग में वैभव प्रथम, अमित द्वितीय व शुभ तृतीय रहे। इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. शाह, प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग), लाल धर्मेन्द्र प्रताप, आदेश कुमार, ईश्वरपाल सिंह मुखिया, जयेन्द्र कुमार, पुनीत कुमार, रवि कोरी, दीपक शर्मा, रविकान्त धीमान, प्रियंका चौहान आदि मौजूद रहे।

### बढ़ती ठंड देख जिला प्रशासन सतर्क, जारी किए दिशा- निर्देश

# रैन बसेरे में अलाव, कंबल की व्यवस्था के निर्देश

- शीत लहर और ठंड से बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने का दिया गया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर



बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए बेघर, बुजुर्ग, असहाय, गरीब व्यक्तियों को राहत प्रदान करने की मंशा से रैन बसेरों का संचालन किये जाने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। ज्ञातव्य हो कि बढ़ती ठंड से इन दिनों पूरा जिला परेशान हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल ने कहा कि निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों के लिए ठण्ड एवं शीतलहर से बचाव हेतु रैन बसेरों में सुविधाएं अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण होने के साथ-साथ गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल एवं व अलाव आदि की व्यवस्था की जाये। ठण्ड से किसी प्रकार की कोई समस्या व जनहानि न हो इसके लिए व्यापक व्यवस्था रैन बसेरों में किया जाना चाहिए। ए.डी.एम सलिल पटेल ने कहा है कि समूचे जनपद में रैन बसेरे में सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, महिलाओं एवं पुरूषों के सोने व शौचालय की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया है। इसका उच्चाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया है कि सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कर सुनिश्चित किया जाये कि निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के व्यक्ति खुले में न सोयें और यदि भ्रमण के दौरान ऐसे व्यक्ति पाये जाते है तो उन्हें तत्काल रैन बसेरों में पंहुचाया जाये। ठंड के दौरान बनाये गये रैन बसेरों में अब केयर टेकर के नाम, पदनाम एवं मो.नं. डिस्पले पर लायें जायेंगे ।जिला प्रशासन की ओर से यह कहा गया है कि शीतलहर के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में जनजागरूकता अभियान चलाया जाये।। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पशुधन को शीतलहर एवं अत्याधिक ठण्ड से राहत प्रदान किये जाने हेतु आश्रय स्थलों की स्थापना की जाए।

### कलेक्ट्रेट मे कन्ट्रोल रुम स्थापित

सहारनपुर। जनपद में लागों को शीतलहर से बचाव हेतु कन्ट्रोल रूम की स्थापना जिलाधिकारी कार्यालय में की गयी है जो 24 घण्टे संचालित है। इस कन्ट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारी तैनात किये गये है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल ने बताया कि जनपद में किसी भी व्यक्ति को रैन बसेरे की आवश्यकता होती है तो सीधे नजदीकी रैन बसेरे में जा सकता है अथवा अपने मोबाईल फोन से कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 0132-2723971 या टोल फ्री नम्बर 1077 पर सम्पर्क कर अपने आस-पास के रैन बसेरे की जानकारी प्राप्त कर मदद ले सकता है।

# बीस लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

- एसएसपी ने एसपी ट्रैफिक को दिए जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। कैराना



नशे के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत कैराना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस ने छापेमारी कर 104 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब बीस लाख रुपये बताई जा रही है।

अभियान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत पूरे परिक्षेत्र में नशे के जाल को तोड़ने के लिए लगातार कड़ी कार्रवाई हो रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कैराना पर तैनात उपनिरीक्षक विनोद राघव, हे.का. प्रमोद व का. सोनू भाटी ने मुखबिर की सूचना पर नशा तस्कर माजिद को 104 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं।

# योगी सरकार के विजन से यूपी बन रहा वैश्विक निवेश का नया गंतव्य

- आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण सेक्टर में रोजगार और कौशल विकास को नई दिशा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ग्लोबल ब्रांड्स के निवेश का पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। यह परिवर्तन प्रदेश सरकार की पारदर्शी और सक्षम औद्योगिक नीति का परिणाम है। वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अपने निवेश के लिए सुरक्षित और मजबूत बाजार की तलाश कर रही हैं, ऐसे में उत्तर प्रदेश अपनी विशाल जनसंख्या, मजबूत उपभोक्ता आधार, बेहतर कनेक्टिविटी और लगातार सुधरते इंफ्रास्ट्रक्चर के बल पर इनके लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। इसी माह प्रदेश में विदेशी निवेश को नई गति देने के लिए चल रहे प्रयासों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा था कि 'उत्तर प्रदेश अब सिर्फ निवेश की संभावना नहीं, बल्कि निवेश के भरोसे का राज्य बन गया है'।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में निवेशकों के लिए जो वातावरण तैयार किया है, उसने विदेशी कंपनियों को न केवल प्रदेश की ओर आकर्षित किया है बल्कि उन्हें लखनऊ, नोएडा, कानपुर और ग्रेटर नोएडा जैसे शहरों में विनिर्माण और सेवा आधारित इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रेरित किया है। विदेशी प्रतिनिधिमंडलों की लगातार बढ़ती विजिट्स और विभिन्न देशों द्वारा प्रदेश को निवेश योग्य श्रेणी में रखा जाना यह प्रमाणित करता है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने धरातल पर क्रन्तिकारी काम किया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने सत्ता में आने के बाद से हर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर काम किया। उद्योग अनुकूल नीतियों और सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उन हर एक बाधाओं को दूर किया जो पहले निवेश की रह में रोड़े का काम कर रहीं थी। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में उत्तर प्रदेश की गति उल्लेखनीय है। वैश्विक चेन की सक्रिय भागीदारी ने नोएडा को इलेक्ट्रॉनिक्स हब का दर्जा दिलाया है बड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनियां यहां मोबाइल निर्माण, कंपोनेंट निर्माण और डेटा आधारित सेवाओं में निवेश कर रही हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में तैयार हो रहे अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग गलियारे ने प्रदेश को एशिया के प्रमुख तकनीकी केंद्रों की कतार में ला खड़ा करने का काम किया है। निवेश के साथ रोजगार और कौशल विकास में भी प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के आगमन ने स्थानीय युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों में बड़ी वृद्धि की है। पिछले वर्षों में लाखों युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी लॉजिस्टिक्स और ग्लोबल सप्लाई चेन से जुड़े उद्योगों में प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया गया है। सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास मिशन ने विदेशी कंपनियों की मांग के अनुसार प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में प्रदेश को भारत का सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बनाया जाए और इसी दिशा में तेजी से काम चल रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितंबर 2025 तक की अवधि में उत्तर प्रदेश को 683 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है। प्रदेश का कुल संचयी विदेशी निवेश अक्टूबर 2019 से अब तक 2,754 मिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंच चुका है। अधिकारियों का कहना है कि जारी अवधि में प्रदेश को 5,963 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश प्रवाह मिला है, जो पिछले वर्षों की तुलना में तीव्र वृद्धि को दर्शाता है।

# आईटीआई व पॉलिटेक्निक में तकनीकी शिक्षा की पहल

- विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विजन के लिए योजना भवन में राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यूपी को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ड्रोन जैसे भविष्यगत क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने की दिशा में बड़े पैमाने पर कदम उठाए जा रहे हैं।

कपिल देव शुक्रवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन में भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल रोजगार पाने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसी उद्देश्य से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों को बाज़ार की मांग के अनुरूप नए कोर्सों से सशक्त किया जा रहा है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से भारत की 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य मजबूत होगा और उत्तर प्रदेश देश के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में सबसे महत्वपूर्ण स्तम्भ बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि विकसित भारत के विजन में विकसित उत्तर प्रदेश की केंद्रीय भूमिका है, इसलिए इस दिशा में कोई भी बजट कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मजबूत मानव पूंजी, उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण और विश्वस्तरीय कौशल विकास से ही प्रदेश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री के सलाहकार जेएन सिंह ने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थान विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की नींव हैं। इन संस्थानों की मान्यता और एफिलिएशन प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाएगा, ताकि युवा वैश्विक तकनीकी माहौल के अनुरूप दक्ष बन सकें। उन्होंने कहा कि तकनीकी दक्षता, कौशल विकास और औद्योगिक तालमेल ही उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर अग्रणी बनाएगा। अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, नरेन्द्र भूषण ने बताया कि प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने के लिए एकेडमिक कैलेंडर को राष्ट्रीय स्तर पर एकरूप किया गया है। साथ ही 121 पॉलिटेक्निक संस्थानों को टीटीएल के सहयोग से इंडस्ट्री 4.0 मॉडल के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 बनाने की दिशा में विभाग बड़े पैमाने पर आईटीआई प्रशिक्षण को आधुनिक स्वरूप दे रहा है। उन्होंने बताया कि 212 आईटीआई को टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से अपग्रेड किया गया है, जहां पिछले दो वर्षों में लगभग 24 हजार युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश में प्रतिवर्ष 7 लाख प्रशिक्षार्थी आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा कौशल विकास मिशन के माध्यम से लगभग 70 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन, एआई, ब्लॉकचेन तथा आईओटी जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उत्तर प्रदेश देश और दुनिया में तकनीकी नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में फ्रंटियर टेक्नोलॉजी, नवाचार, शिक्षा में गुणवत्ता, उद्यमिता संवर्द्धन और रोजगार सृजन पर विस्तृत चर्चा हुई।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथन में आरुषि वशिष्ठ की टीम प्रथम

लखनऊ। मेरठ। पश्चिम बंगाल के एनआईटी दुर्गापुर में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथन के साफ्टवेयर एडीसन में मेरठ की आरुषि वशिष्ठ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम में शामिल इस मेधावी छात्रा और उसकी टीम ने ऑल इण्डिया लेवल पर आयोजित इस स्पर्धा में देश भर के प्रतिभागियों को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं एमओई इनोवेशन सैल द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित एनआईटी कैंपस में इसका आयोजन किया गया था जिसमें देश भर के इंस्टीट्यूट् और इंजीनियरिंग कॉलेज के हजारों छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। गाजियाबाद के अजय कुमार इंजीनियरिंग कॉलेज की तरफ से सात सदस्यीय टीम ने स्मार्ट इण्डिया हैलाथन 2025 में भाग लिया। बीटैक कम्प्यूटर सांइस की युगटॉक टीम के मैन्टर मनीष वर्मा थे जबकि आरुषि वशिष्ठ, तन्वी सक्सेना, अभयदीप इन्दीवर, अर्जुन गुप्ता, तनीषा जैन व ज्योत्सना भारतीय शामिल थी।

# 1090 चौराहे पर कॉम्पलेक्स, गोमती नगर विस्तार में बनेंगी ग्रुप हाउसिंग

- एलडीए इस बार के ई-ऑक्शन में लगाएगा शहर के सबसे प्राइम लोकेशन के भूखण्ड
- डालीबाग में बटलर पैलेस रोड पर ग्रुप हाउसिंग के 2 भूखण्ड भी ऑक्शन में लगाये जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

1090 चौराहे पर कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, हॉस्पिटल और गोमती नगर विस्तार में ग्रुप हाउसिंग बनेंगी। एलडीए इस बार अपनी व्यावसायिक सम्पत्तियों के ई-ऑक्शन में शहर के सबसे प्राइम लोकेशन के भूखण्ड लगाने जा रहा है। जहां लोगों को सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के साथ ही काफी बड़ा ग्रीन एरिया मिलेगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में पुलिस मुख्यालय के पीछे 43.051 एकड़ भूमि पर ग्रुप हाउसिंग के 11 भूखण्ड व 1 व्यावसायिक भूखण्ड नियोजित किया गया है। हाल ही में हुयी एलडीए की बोर्ड बैठक में योजना का ले-आउट पास किया गया है, जिसमें भूमि का 15 प्रतिशत क्षेत्र ग्रीन एरिया के लिए सुरक्षित किया गया है। ये सभी भूखण्ड इस बार के ई-ऑक्शन में लगाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रुप हाउसिंग के भूखण्ड 5,295 वर्गमीटर से लेकर 11,934 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हैं, जिनकी कीमत 80,633 रूपये प्रति वर्गमीटर आरक्षित की गयी है। इसी तरह 7,180 वर्गमीटर क्षेत्रफल के व्यावसायिक भूखण्ड की आरक्षित दर 82,864 रूपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गयी है। इसके अलावा गोमती नगर के विपिन खण्ड (विस्तार) में 1090 चौराहे के पास 5 व्यावसायिक भूखण्ड व 1 हॉस्पिटल भूखण्ड ई-ऑक्शन में लगाया जाएगा। 51 वर्गमीटर से लेकर 11,175 वर्गमीटर क्षेत्रफल के व्यावसायिक भूखण्डों की आरक्षित दर 1,18,855 रूपये से लेकर 1,28,230 रूपये प्रति वर्गमीटर आरक्षित की गयी है। वहीं, 1615 वर्गमीटर क्षेत्रफल के हॉस्पिटल भूखण्ड की कीमत 97,413 रूपये प्रति वर्गमीटर आरक्षित की गयी है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि डालीबाग में बटलर पैलेस रोड पर स्थित ग्रुप हाउसिंग के 2 भूखण्ड भी इस बार के ई-ऑक्शन में लगाये जा रहे हैं। 2,026 वर्गमीटर और 2,097 वर्गमीटर क्षेत्रफल के इन दोनों भूखण्डों की कीमत 88,334 रूपये प्रति वर्गमीटर आरक्षित की गयी है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एलडीए ने डालीबाग में सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना लांच की थी। जिसमें बने 72 फ्लैटों के लिए 8 हजार से अधिक आवेदन आये थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि डालीबाग के इन ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों पर बनने वाले अपार्टमेंट्स की कितनी अधिक डिमाण्ड होगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक व हॉस्पिटल भू-उपयोग के इन सभी भूखण्डों की लोकेशन काफी प्राइम है। भूखण्डों के ई-ऑक्शन के लिए 15 दिसम्बर से पोर्टल खोला जाएगा। इसमें प्रतिभाग करने के इच्छुक लोग एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करा सकेंगे।



सचिवालय केतिलक हाल के नवीनभवन में आयोजित व्याख्यानमाला में दिए गए टिप्स।

# अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करने के लिए 15 तक करें आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान' (पीएम कुसुम) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के अन्नदाता किसानों को अनुदान पर 40521 सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसान 15 दिसंबर तक कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। केवल उन्हीं किसानों को अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त होगा जो इस वेबसाइट पर पहले से पंजीकृत हैं। किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए 20227.50 लाख (दो अरब दो करोड़ सत्ताइस लाख पचास हजार) रुपये की धनराशि भी स्वीकृत कर दी है, जो किसानों की समृद्धि में सहायक होगी। किसानों को 9 प्रकार के सोलर पंपों पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों की ओर से अनुदान के रूप में बड़ी छूट दी जा रही है। 2 एचपी डीसी/एसी सरफेस पंप पर कुल 98,593-98,593 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,00,215 रुपये और 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 99,947 रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621 रुपये और 3 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रुपये का अनुदान मिलेगा।

# 'यूपी मॉडल' से बदली खेत-खलिहान की तस्वीर

## कृषि बनी लाभकारी, आधुनिक व सुरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- मुख्यमंत्री के विजन में एथेनॉल उत्पादन में अव्वल बना यूपी, ड्रोन क्रांति व स्मार्ट खेती से बढ़ी किसानों की आय

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले साढ़े आठ वर्षों में कृषि क्षेत्र में बुनियादी बदलाव आया है। प्रदेश सरकार ने खेती को उन्नत बनाने के साथ ही ज्ञान, तकनीक, परामर्श व मार्केट एक्सेस से जोड़कर गांव-गांव तक इसका लाभ पहुंचाया है। फसल प्रबंधन, बीज चयन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, ड्रोन स्प्रे और आधुनिक सिंचाई जैसे क्षेत्रों में डिजिटल व वैज्ञानिक नवाचारों ने खेती को न केवल सुरक्षित बनाया बल्कि किसानों की लागत घटाकर उत्पादन व आय को भी बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के इस उत्तम मॉडल को विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा भी सराह चुके हैं। उन्होंने प्रदेश के योगी आदित्यनाथ की सरकार की इस कृषि-परिवर्तन यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने कृषि को आधुनिकता से जोड़ते हुए विश्व स्तर का मॉडल प्रस्तुत किया है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किसानों को वैज्ञानिक व स्मार्ट खेती की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए व्यापक प्रशिक्षण अभियान चलाया है, जिसमें युवा किसान और महिला किसान उत्पादक समूह विशेष रूप से शामिल रहे। हर गांव में कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय विशेषज्ञों के साथ परामर्श प्रणाली स्थापित की गई, जिससे फसलों की बीमारी, पानी, उर्वरक व बाजार से जुड़े प्रश्नों का समाधान इम्पैक्ट आधारित तरीके से सीधे खेत पर ही उपलब्ध हो रहा है। ड्रोन-स्प्रे, स्वचालित सिंचाई प्रणाली, मिट्टी के पोषक तत्वों की डिजिटल निगरानी तथा खेतों की डिजिटल सर्वेक्षण प्रणाली ने कृषि सेक्टर को आधुनिक उद्योग जैसी दक्षता प्रदान की है। फसल बीमा के दावों का त्वरित निपटारा, ऑनलाइन मंडियों और ई-नाम जैसी पहल ने किसानों को सही दाम और व्यापक बाजार उपलब्ध कराया है। गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान, नई चीनी मिलों की स्थापना, क्षमता बढ़ोतरी और एथेनॉल उत्पादन में यूपी का देश में शीर्ष स्थान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किसान-केंद्रित सोच को दर्शाता है। सिंचाई परियोजनाओं, 'हर खेत तक पानी' मिशन, बुंदेलखंड में केन-बेतवा लिंक और हर घर नल से जल जैसे अभियानों ने खरीफ और रबी दोनों सीजनों में फसलों की सिंचाई व पेयजल आपूर्ति को मजबूती दी है। इसी कड़ी में ग्रामीण सड़कों, स्टोरेज, मंडियों व कोल्ड चेन नेटवर्क के विस्तार ने कृषि को उद्योग की शक्ति प्रदान की है। वहीं एफपीओ, एग्री-ड्रोन ऑपरेटरों और जैविक खेती को प्रोत्साहन देकर किसानों को 'उत्पादक से उद्यमी' बनाने की दिशा में भी सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं जो धरातल पर अपना असर दिखा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक और प्रदेश सरकार ने मिलकर 'यूपी एग्रीज' परियोजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य राज्य में कृषि प्रणाली को तकनीकी और वित्तीय रूप से मजबूत बनाना है। इस परियोजना से लगभग 10 लाख छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बताया कि उत्तर प्रदेश का कृषि मॉडल छोटे किसानों समेत सभी के लिए बहुत अच्छा है।

# छोटे गांवों से उभर रहे स्टार्टअप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- राज्य में 21000 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप, इनमे से लगभग 22-25 प्रतिशत ग्रामीण या छोटे कस्बों से

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले साढे आठ सालों में प्रदेश सरकार ने ग्रामीण नवाचार को प्रोत्साहित करने को लेकर कई विशेष कदम उठाए हैं। जिनका सकारात्मक प्रभाव अब धरातल पर दिखने लगा है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 21,000 स्टार्टअप सक्रिय हैं, जिनमें से 22 से 25 प्रतिशत स्टार्टअप ग्रामीण और छोटे कस्बों से उभर रहे हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि अब ग्रामीण युवा भी तकनीक आधारित रोजगार के नए अवसर को प्राप्त कर रहे हैं। यह परिवर्तन केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज में उद्यमशीलता की नई भावना पैदा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप क्रांति अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही रही। अब यह छोटे गांवों और कस्बों में भी इनका प्रभाव देखने को मिल रहा है।

प्रदेश सरकार की ओर से जिस प्रकार से कदम उठाए जा रहे हैं, उससे यह स्पष्ट हो चुका है कि वर्ष 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश का स्वप्न ग्रामीण नवाचार और उद्यमिता से ही साकार होगा। गांवों से निकलते ये स्टार्टअप न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को दिशा दे रहे हैं बल्कि एक नए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का आधार भी तैयार कर रहे हैं। ग्रामीण उद्यमिता को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने सीड फंडिंग, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और मार्केट लिंकेज जैसे सभी महत्वपूर्ण तत्वों को एक साथ जोड़कर एक प्रभावी प्रणाली तैयार की है। इससे युवा केवल स्टार्टअप की शुरुआत ही नहीं कर रहे बल्कि उसे टिकाऊ और बाज़ार योग्य बनाने में भी सफल हो रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न इन्क्यूबेशन सेंटरों में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे किसानों और ग्रामीण उत्पादकों के लिए तकनीक आधारित समाधान विकसित हो रहे हैं, जिनमें स्मार्ट खेती, डिजिटल मार्केटिंग और उत्पाद गुणवत्ता सुधार जैसे क्षेत्र प्रमुख हैं। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण नवाचार को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया जाए जिससे गांवों में आर्थिक सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी जा सके। प्रदेश के 75 जिलों में लागू किया गया ओडीओपी प्लस स्टार्टअप मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई पहचान दे रहा है। यह मॉडल स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार, ब्रांडिंग और डिजिटल पहुंच प्रदान कर रहा है। पहले जहां छोटे गांवों के उत्पाद सीमित बाजारों तक ही पहुंच पाते थे वहीं अब ईकॉमर्स और लॉजिस्टिक्स आधारित समाधान ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचा दिया है। इससे न केवल बिक्री बढ़ी है बल्कि ग्रामीण उत्पादों की पहचान और मूल्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह मॉडल राज्य में आत्मनिर्भरता और स्थानीय रोजगार को मजबूत करने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में एफपीओ, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड चेन, मिट्टी के स्वास्थ्य और डिजिटल खेती जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में तकनीक आधारित स्टार्टअप तेजी से बढ़ रहे हैं। ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स एड टेक और एग्रो टेक जैसे सेक्टर ग्रामीण युवाओं को नए अवसर प्रदान कर रहे हैं। खासतौर पर कृषि आधारित स्टार्टअप ने किसानों को सीधे बाजार से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि उत्तर प्रदेश का विकास तभी संभव है जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं को अपने गांव में ही रोजगार और उद्यमिता के अवसर मिलेंगे। ग्रामीण स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के साधन विकसित होने से ग्रामीण स्तर पर पलायन भी कम हुआ है।

# लाइब्रेरी की विरासत को सुरक्षित रखने के लिए वैज्ञानिक प्रयासों की आवश्यकता: आनंदीबेन

## राजभवन में रामपुर रजा लाइब्रेरी की राज्यपाल ने की 53वीं बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि रामपुर रजा लाइब्रेरी भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसमें सदियों पुरानी दुर्लभ पांडुलिपियां, सुलेख, मिनिएचर पेंटिंग्स, ऐतिहासिक दस्तावेज तथा अन्य महत्वपूर्ण संग्रह संरक्षित हैं। लाइब्रेरी की विरासत को सुरक्षित रखने के लिए समर्पित, समयबद्ध और वैज्ञानिक प्रयासों की आवश्यकता है।

राज्यपाल एवं रामपुर रजा लाइब्रेरी की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल शुक्रवार को राजभवन में रामपुर रज़ा लाइब्रेरी की 53वी बैठक कर रही थी। बैठक में लाइब्रेरी के संरक्षण, प्रशासन, डिजिटलीकरण, शोध कार्य, अवसंरचना एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। राज्यपाल ने दुर्लभ पांडुलिपियों और पुस्तकों के वैज्ञानिक संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, डिजिटलीकरण कार्य की गति बढ़ाते हुए सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को ऑनलाइन उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने, लाइब्रेरी भवन के संरक्षण एवं संरचनात्मक मजबूती के लिए आवश्यक कार्य किए जाने, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी की सुविधा और पहुंच में सुधार, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के साथ सहयोग की संभावनाओं को बढ़ाये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया और कहा कि रामपुर रज़ा लाइब्रेरी को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से जोड़कर इसे एक वैश्विक शोध एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इस अनमोल धरोहर से लाभान्वित हो सकें। राज्यपाल ने स्पष्ट कहा कि केवल उपदेश देने से परिवर्तन नहीं आता, इसके लिए स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना आवश्यक है। शिक्षक नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ें, ताकि उनके व्यवहार से छात्रों में भी पढ़ने की प्रेरणा विकसित हो। उन्होंने बताया कि गुजरात में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से इस प्रकार की पहलें की गईं जिनके अत्यंत सकारात्मक परिणाम सामने आए। उन्होंने कहा कि बच्चों के भीतर अनेक रचनात्मक विचार और प्रेरणादायी दृष्टिकोण होते हैं; विद्यालयों में ऐसा वातावरण दिया जाए कि वे अपने विचार खुलकर प्रस्तुत कर सकें। विद्यालयों में इन नाटकों का छात्रों द्वारा प्रस्तुतीकरण कराया जाए, ताकि बच्चों में सीखने की रुचि बढ़े। उन्होंने कहा कि बाल साहित्य और किशोर साहित्य का समृद्ध संग्रह प्रत्येक लाइब्रेरी में अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की सभी लाइब्रेरी को रामपुर रज़ा लाइब्रेरी के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि ज्ञान-संपदा का व्यापक आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी स्वयं को इस प्रकार तैयार करें कि उन्हें हर विषय का व्यापक ज्ञान हो और वे तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप अपने कौशल का विकास कर सकें। यदि भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थान प्राप्त कराना है, तो प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि देश में यदि किसी प्रकार की नकारात्मकता या भ्रांतियां फैलती हैं, तो प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह उसका संयमित और तथ्यात्मक प्रतिकार करे तथा सकारात्मक वातावरण निर्मित करने में सहयोग दे।

## रूस ने सेवरस्क शहर पर कब्जे का किया दावा

**मास्को (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन के सेवरस्क पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया है, लेकिन यूक्रेन उसके दावे को खारिज किया है। गौरतलब है कि महीनों की जबरदस्त लड़ाई के बाद बुरी तरह तबाह हुआ यह शहर दोनों सेनाओं के लिए एक सामरिक मुद्दा बना हुआ है। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक जनरल स्टाफ चीफ वालेरी गेरासिमोव ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि सेना ने सेवरस्क पर कब्जा कर लिया है।

यह शहर रूस की लुहान्स्क और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के बॉर्डर वाले इलाकों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने की कोशिशों के लिए बहुत जरूरी माना जाता है। डोनेट्स्क इलाके के बाकी हिस्से पर कब्जा करने के रूस के अभियान में सेवरस्क लंबे समय से लक्ष्य पर रहा है। हालांकि, यूक्रेन ने रूस के दावे को खारिज किया है और कहा है कि शहर पर अभी भी उसका कब्जा है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के ऑपरेशन टास्क फोर्स ईस्ट ने फेसबुक पर लिखा, ह्लस्लोवियान्स्क दिशा शहर यूक्रेन के सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है।

संसद के शून्यकाल में राहुल गांधी ने उठाया प्रदूषण का मुद्दा

# प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए योजना बनाई जाए

एजेंसी। नई दिल्ली

- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार



लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद के शून्यकाल में प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार को इस पर विस्तृत चर्चा करनी चाहिए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस समस्या से निपटने के लिए हर शहर के लिए एक व्यवस्थित योजना सामने रखनी चाहिए।

**ज्यादातर शहरों पर पसरी हुई जहरीली हवा की चादर :** कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमारे ज्यादातर शहरों पर जहरीली हवा की चादर पसरी हुई है। लाखों बच्चों को फेफड़ों की बीमारियां हो रही हैं, उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है और लोगों को कैंसर हो रहा है। वृद्ध लोगों को सांस लेने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

**प्रदूषण एक वैचारिक मुद्दा नहीं :** राहुल ने कहा कि यह कोई वैचारिक मुद्दा नहीं है और मुझे यकीन कि यह एक ऐसा विषय है जिस पर सरकार और हमारे बीच सहमति होगी। सदन में हर कोई इस बात से सहमत है कि वायु प्रदूषण और इससे हमारे लोगों को जो नुकसान हो रहा है, वह ऐसी चीज है जिस पर हमें सरकार का सहयोग करना चाहिए।

**सरकार को बनानी चाहिए एक योजना :** राहुल ने कहा कि सरकार को देश के शहरों में वायु प्रदूषण से छुटकारा पाने के लिए एक योजना विकसित करनी चाहिए और विपक्ष को योजना विकसित करने में सरकार के साथ सहयोग करके खुशी होगी।

**लोगों के जीवन को आसान बना सके :** उन्होंने आगे कहा कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को प्रत्येक शहर के लिए एक व्यवस्थित योजना पेश करनी चाहिए, जो अगले 5 या 10 वर्षों में हमारे लोगों के लिए जीवन को आसान बना सके। राहुल गांधी की इस बात का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि यह विषय कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में उठा था और सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार है।

**सभी पार्टियां हो सकती हैं सहमत :** इसके बाद राहुल गांधी ने मीडिया से कहा कि मैंने प्रदूषण की बात की यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सभी पार्टियां सहमत हो सकती हैं।

## मणिपुर का समावेशी, स्थायी विकास राष्ट्रीय प्राथमिकता : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी। इंफाल



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को मणिपुर के नागा आदिवासी बहुल सेनापति जिले पहुंचीं, जहां उन्होंने एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर के समावेशी और स्थायी विकास को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय नेताओं, नागरिक समाज संगठनों और विभिन्न समुदायों के साथ मिलकर काम कर रही है।

नागा जनजाति बहुल सेनापति जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि विकास देश के हर कोने तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों में विकास को गति देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। मणिपुर की ताकत उसकी विविधता, संस्कृति, भाषाओं और परंपराओं में निहित है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, ह्लपहाड़ियां और घाटी हमेशा एक ही खूबसूरत भूमि के दो किनारों की तरह एक-दूसरे के पूरक रहे हैं। मैं सभी समुदायों से शांति, समझ और सुलह के प्रयासों को जारी रखने का आग्रह करती हूं।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार मणिपुर के लोगों की आकांक्षाओं को पहचानती है और आदिवासी समुदायों की गरिमा, सुरक्षा और विकास के अवसरों को प्राथमिकता देती है, जिससे राष्ट्र की प्रगति में उनकी अधिक भागीदारी सुनिश्चित होती है।

पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस मिशन के तहत की गई पहल आदिवासी समुदायों, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के जीवन को और बेहतर बनाएगी।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि माराम नागा जनजाति मणिपुर में एकमात्र कमजोर जनजातीय समूह है। मैं आपकी चिंताओं और शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की आपकी इच्छा को पूरी सहानुभूति के साथ समझती हूं। मैं मणिपुर के लोगों, जिसमें आदिवासी क्षेत्रों के लोग भी शामिल हैं, से कहना चाहती हूं कि आइए हम एक शांतिपूर्ण और समृद्ध मणिपुर के लिए मिलकर काम करते रहें।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनसे इस क्षेत्र में सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी और सामुदायिक बुनियादी ढांचे में सुधार होगा। हाल के सालों में, मणिपुर के पहाड़ी जिलों को नेशनल हाईवे, ग्रामीण सड़कों, स्वास्थ्य सुविधाओं, पीने के पानी और बिजली की सप्लाई और शैक्षिक बुनियादी ढांचे में किए गए खास निवेश से फायदा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोमालिया में विशेष सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 30 नागरिक मारे गये

**मोगादिशु (एजेंसी)।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु से 40 किमी. (24.8 मील) दूर अफगोये शहर के पास सोमाली विशेष बलों के एक अभियान के दौरान 30 से ज्यादा आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हुए हैं। सोमालिया के गारोवे अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि विशेष बलों ने मंगलवार शाम को आतंकवादियों को लक्षित करके एक अभियान चलाया था। लेकिन लोगों ने कहा कि इलाके में कोई आतंकवादी नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा बलों के अभियान में कुछ इमारतें तबाह हो गईं और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े। रिपोर्ट में बताया गया कि सोमालिया की सेना की दानब ब्रिगेड को पहले अमेरिका-अफ्रीका कमांड के प्रशिक्षक ने प्रशिक्षित किया था।

### पाक खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू में पुलिस चेकपोस्ट पर हमला, 5 पुलिसकर्मी घायल

**खैबर पख्तूनख्वा (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार देर रात को हमले की घटना सामने आई है। इस घटना में इलाके के पांच पुलिस वाले घायल हो गए। मामला खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू में हावैद पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले शेख लंडक इलाके का है, जहां पुलिस चेकपोस्ट पर ये हमला किया गया। इस इलाके में लगातार हमले होते रहे हैं। पाकिस्तानी पुलिस ने इस हमले का जिम्मेदार आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को ठहराया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के अनुसार, क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी के प्रवक्ता काशिफ नवाज ने हमले को लेकर बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया कि फितना अल खवारिज के लोगों ने गुरुवार देर रात पोस्ट पर हमला किया। बता दें, पाकिस्तानी सरकार तहरीक-ए- तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए फितना अल खवारिज शब्द का इस्तेमाल करती है।

### कैलिफोर्निया : गैस पाइपलाइन में धमाका, कई घायल, आसपास के घर तबाह

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** कैलिफोर्निया में गैस पाइप में धमाके की भयानक घटना सामने आई है। इसकी वजह से कई घर जल गए और लोगों के घायल होने की जानकारी भी है। वहीं, सोशल मीडिया पर धमाके की दिल दहला देने वाली वीडियो भी सामने आई, जिसमें देखा जा सकता है कि धमाके के दौरान आग और धुएं का गुब्बार कितना ऊपर उठा और मकान के परखच्चे उड़ गए। धमाका बे-एरिया शहर में गुरुवार को हुआ, जिसमें कई घर जल गए और कम से कम छह लोग घायल हुए। धमाके की वजह से आस-पड़ोस में आग लग गई। इस घटना में दो लोग अभी भी लापता हैं। 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' के अनुसार, गुरुवार दोपहर तक हेवर्ड शहर में एक रिहायशी सड़क पर कई घर जल रहे थे। जिस रिहायशी इलाके में यह धमाका हुआ, वहां लगभग 1.63 लाख लोगों की आबादी है।

### जापान में 6.7 तीव्रता के भूकंप के झटके, प्रशांत तट के लिए सुनामी का अलर्ट जारी

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान में शुक्रवार को 6.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसके बाद जापान की मौसम एजेंसी ने आओमोरी प्रांत में आए भूकंप के बाद उत्तरी जापान के प्रशांत तट के लिए सुनामी का अलर्ट जारी कर दिया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 11:44 बजे आओमोरी के पैसिफिक कोस्ट पर 20 किलोमीटर की गहराई में आया। इसकी तीव्रता जापान के 7 के सीस्मिक स्केल पर सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में 4 मापी गई।

साहिबजादों के बलिदान से नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए

## वीर बाल दिवस मनाने का फैसला : गजेंद्र शेखावत

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबजादों के बलिदान का सम्मान करने के लिए शहादत दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया।

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'भारत के इतिहास में कई ऐसी महान हस्तियां हुई हैं, जिन्होंने अपनी हिम्मत, बहादुरी और बलिदान से आने वाली पीढ़ियों को उन पर गर्व करने, उनका वंशज होने पर गर्व करने और उनके बलिदानों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया है। हम भी भारत के बेटे हैं, भारत के वारिस हैं, और उन महान लोगों के वंशज हैं। हम उन पर गर्व कर सकते हैं। भारत में ऐसे कई असाधारण चरित्र हुए हैं।

शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने साहिबजादों के अभूतपूर्व बलिदान और देश भर की आने वाली पीढ़ियां इससे प्रेरणा ले सकें, इस दृष्टिकोण से बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस मनाने का फैसला लिया है। आज पूरे देश में हजारों जगह कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है, जिससे लोगों को इससे प्रेरणा मिल सके। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं ने बहुत बड़े पराक्रम और बलिदान इस देश में किए हैं। गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों ने जो बलिदान दिया, इन्हें जिस तरह से अपने धर्म की रक्षा के लिए, अपने धर्म के पालन पर अडिग रहने के लिए, इसके भी बढ़कर उन लोगों ने बलिदान दिया है जिनकी उम्र 10 साल से कम रही है।

## बांग्लादेश में नहीं थम रही हिंसा, ढाका यूनिवर्सिटी में तीन शिक्षकों पर हमला

एजेंसी। ढाका



फाइल फोटो

बांग्लादेश में एक तरफ चुनावी शोर है, तो दूसरी ओर राजनीतिक हिंसा भी देखने को मिल रही है। हाल के कुछ दिनों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) में आए दिन आंतरिक कलह की वजह से हिंसा की खबरें सामने आ रही थीं।

ताजा रिपोर्ट में स्थानीय मीडिया की ओर से साझा जानकारी के अनुसार ढाका यूनिवर्सिटी के कम से कम तीन शिक्षकों को ढाका यूनिवर्सिटी सेंट्रल स्टूडेंट्स यूनियन (डीयूसीएसयू) के स्टूडेंट्स के एक ग्रुप ने कथित तौर पर परेशान किया और उन पर हमला किया। ये तीनों शिक्षक अवामी लीग के सपोर्टर टीचर्स पैनल 'नील दल' से जुड़े हैं।

यह मामला गुरुवार की दोपहर यूनिवर्सिटी के कैंपस से जुड़ा है, जब तीनों शिक्षकों ने कुलपति के ऑफिस में एक मेमोरेंडम दिया। इसमें क्लास लेने से रोके गए शिक्षकों को वापस बुलाने की मांग की गई थी।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर शेयर हुआ, जिसमें डीयूसीएसयू के सोशल वेलफेयर सेक्रेटरी एबी जुबैर फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज बिल्डिंग में ह्लनील दलह्व के कन्वीनर अबुल कासिम मोहम्मद जमाल उद्दीन को पकड़ता हुआ नजर आ रहा है। जब प्रोफेसर भागने की कोशिश कर रहे थे, जुबैर उनका पीछा कर रहा था और उन्हें कार में घुसने से रोकने की कोशिश कर रहा था।

बांग्लादेश के अखबार ह्यद डेली स्टारह्व ने जमालुद्दीन के हवाले से कहा, ह्लहमने कुलपति के ऑफिस में सात पॉइंट का मेमोरेंडम दिया, जिसमें क्लास लेने से रोके गए शिक्षकों को वापस बुलाने की मांग भी शामिल थी। इसके बाद, जब सभी शिक्षक लाउंज में चाय पी रहे थे, उस समय छात्रों का समूह अंदर आया, हमें फासिस्टों का साथी कहा और कहा कि वे हमें जाने नहीं देंगे। इसके अलावा जमालुद्दीन ने आरोप लगाया कि हाथापाई के दौरान उनका स्वेटर खींच लिया गया और उनका बैग, जिसमें चेक बुक, बैंक कार्ड और किताब थी, छीन लिया गया। बॉटनी डिपार्टमेंट के एक और शिक्षक अजमल हुसैन भुइयां को भी परेशान किया गया।

### 16 साल से कम के बच्चों सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक होगा

**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेन सरकार सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की न्यूनतम कानूनी उम्र 16 साल करने पर विचार कर रही है। इस कानून के तहत उन्हें माता-पिता की सहमति के बिना अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं होगी।

यह जानकारी स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सिविल सर्विस मंत्रालय ने उपलब्ध कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सरकार एक ऐसा विधेयक लाने पर विचार कर रही है जो माता-पिता की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए 'डिजिटल एज ऑफ मैजोरिटी' को 14 से बढ़ाकर 16 कर देगा। एआई पर अंतरराष्ट्रीय सलाहकार परिषद की बैठक के बाद स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मंत्री ऑस्कर लोपेज ने घोषणा की कि स्पेन उम्र प्रमाणन तकनीक का इस्तेमाल शुरू करने वाले पहले यूरोपियन युनियन (ईयू) देशों में से एक बन गया है।

### पाक : पुलिस चेकपोस्ट पर हमला, पांच पुलिसकर्मी घायल

**खैबर पख्तूनख्वा (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार देर रात को हमले की घटना सामने आई है। इस घटना में इलाके के पांच पुलिस वाले घायल हो गए। मामला खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू में हावैद पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले शेख लंडक इलाके का है, जहां पुलिस चेकपोस्ट पर ये हमला किया गया। पाक पुलिस ने इस हमले का जिम्मेदार आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को ठहराया है।

पाकिस्तानी मीडिया डॉन के अनुसार, क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी के प्रवक्ता काशिफ नवाज ने हमले को लेकर बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया कि फितना अल खवारिज के लोगों ने गुरुवार देर रात पोस्ट पर हमला किया।

## थाईलैंड के राजा ने चुनाव से पहले संसद भंग की

एजेंसी। बैंकॉक



थाईलैंड के राजा ने संसद के निचले सदन को भंग करने वाले एक शाही फरमान को मंजूरी दे दी है। रॉयल गजट में शुक्रवार को प्रकाशित एक घोषणा में इसकी पुष्टि की गई, जिससे यहां अगले साल की शुरूआत में आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है।

प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविरकुल द्वारा हस्ताक्षरित इस शाही आदेश में उनकी सरकार की स्थिति को 'अल्पमत सरकार' बताते हुए इसे भंग करने का प्राथमिक कारण बताया गया है। इसमें कहा गया है, 'वर्तमान प्रशासन (जिसने सितंबर 2025 में पदभार संभाला था) कई दलों के एक गठबंधन से बना था जो प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने में विफल रहा।' शाही आदेश में यह भी कहा गया है कि राष्ट्र के सामने कई महत्वपूर्ण चुनौतियाँ हैं जिनके समाधान के लिए एक स्थिर सरकार की आवश्यकता है। अल्पमत प्रशासन के रूप में जारी रहने से राजनीतिक अस्थिरता का जोखिम है। आदेश में कहा गया है, ह्लउचित समाधान यह है कि एक नया आम चुनाव आयोजित करने के लिए प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया जाए, जिससे राजनीतिक निर्णय लेने की शक्ति लोगों को वापस मिल जाए।

### म्यांमार सेना द्वारा बरसाए गए बम, अब तक 34 की मौत

**रखाइन (एजेंसी)।** म्यांमार की सैन्य ताकतों द्वारा किए गए हवाई हमले में एक अस्पताल पूरी तरह तबाह हो गया। यह अस्पताल एक प्रमुख विद्रोही सशस्त्र बल के नियंत्रण वाले क्षेत्र में था, जिसमें कम से कम 34 मरीजों और मेडिकल स्टाफ की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार रात पश्चिमी रखाइन राज्य के म्राउक-यू टाउनशिप में स्थित इस जनरल अस्पताल पर हुए हमले में करीब 80 अन्य लोग घायल हो गए। यह क्षेत्र जातीय अराकान सेना के नियंत्रण में है। सत्तारूढ़ सेना ने इस क्षेत्र में किसी भी हमले की कोई घोषणा नहीं की है।

## तबाह हुए पुलों और सड़कों को दोबारा बना रही है भारतीय सेना

एजेंसी। कोलंबो



विनाशकारी चक्रवात दितवाह से प्रभावित श्रीलंका की जनता को त्वरित मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए भारत ऑपरेशन ह्यसागर बंधुह्व चला रहा है। इसी अभियान के तहत भारतीय सेना की एक 48 सदस्यीय इंजीनियर टास्क फोर्स को श्रीलंका में तैनात किया गया है।

भारतीय सेना की यह विशेष टीम युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव से जुड़े काम कर रही है। राहत कार्यों के लिए की गई यह पहल भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप है। भारतीय सेना के मुताबिक टास्क फोर्स की प्राथमिक जिम्मेदारी चक्रवात से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण है। गौरतलब है कि चक्रवात, तेज बारिश और बाढ़ के कारण कई इलाकों में सड़क संपर्क टूट गया है। अब यहां टूटी हुई सड़कों की मरम्मत की जा रही है। भारतीय सेना की इस टीम में विशेष रूप से ब्रिजिंग एक्सपर्ट, सर्वेयर, वॉटरमैनशिप विशेषज्ञ और अनमैन्ड सिस्टम संचालन में दक्ष कर्मी शामिल हैं। सभी विशेषज्ञ मिलकर सटीक, तेज और प्रभावी इंजीनियरिंग सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।

## कारोबार

## भारत में बने रत्नों और आभूषणों की मांग बढ़ी

एजेंसी। नई दिल्ली

- नवंबर में निर्यात में 19 प्रतिशत का इजाफा हुआ

भारत में बने रत्नों और आभूषणों का निर्यात नवंबर में 19 प्रतिशत बढ़कर 2.52 बिलियन डॉलर हो गया है, जो कि एक साल पहले 2.09 बिलियन डॉलर था। इसकी वजह तराशे और पॉलिश किए गए हीरे, सोना, चांदी और प्लैटिनम के आभूषणों की मांग में इजाफा होना है।

इस साल नवंबर निर्यात में बड़ी बढ़ोतरी की वजह कम आधार होना है। पिछले साल दीपावली के नवंबर में पड़ने के कारण कई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स बंद रही थीं।

कई मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका और चीन में क्रिसमस की मजबूत मांग के कारण निर्यात में तेज वृद्धि देखी जा रही है।

अप्रैल-नवंबर की अवधि में निर्यात 18.86 बिलियन डॉलर के साथ सपाट रहा है, जबकि 2024 में यह 18.85 बिलियन डॉलर था।

अप्रैल-नवंबर के आंकड़ों से सीजनल मांग और वैश्विक बाजार के रुझानों के कारण धीरे-धीरे सुधार के संकेत मिले हैं।

विश्लेषकों ने बताया कि लैब में उत्पादित हीरे (एलजीडी) के आभूषणों की मांग में भी अच्छी वृद्धि देखी जा रही है। नवंबर में इनका निर्यात 10 प्रतिशत बढ़कर 76 मिलियन डॉलर हो गया, हालांकि, अप्रैल-नवंबर में यह 11 प्रतिशत घटकर 757 मिलियन डॉलर रह गया था।

## लाइफ-इंश्योरेंस सेक्टर ने किया कमाल, नवंबर में की जोरदार वापसी, एलआईसी सबसे आगे

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के लाइफ-इंश्योरेंस सेक्टर ने नवंबर में जोरदार वापसी की है, जिसमें नया बिजनेस प्रीमियम साल-दर-साल आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 31,119.6 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के मुताबिक, लाइफ-इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने लगातार तीसरे महीने दोहरे अंकों (डबल डिजिट) की मासिक वृद्धि दर्ज की। यह उछाल मुख्य रूप से व्यक्तिगत नॉन-सिंगल पॉलिसियों में तेजी और व्यक्तिगत व समूह दोनों सेगमेंट में अच्छी प्रदर्शन की वजह से रहा। रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी में छूट के बाद बाजार में आए सकारात्मक बदलाव और पिछले साल के कम बेस इफेक्ट ने भी इस उछाल में मदद की, जिससे इंडस्ट्री की ग्रोथ बनी रही है।

एलआईसी ने व्यक्तिगत व समूह दोनों सेगमेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर- के मार्केट में अपना नेतृत्व बनाए रखा, जबकि प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों ने भी दोहरे अंकों की वृद्धि जारी रखी। व्यक्तिगत नॉन-सिंगल प्रीमियम में अच्छी बढ़त देखने को मिली, जो कि लगातार आने वाले प्रीमियम की मजबूती को दिखाता है। ग्रुप बिजनेस को भी संस्थागत गतिविधियों में सुधार का फायदा मिला। हालांकि, पिछली बार के बेहद मजबूत बेस इफेक्ट के चलते इस साल समूह पॉलिसियों के रिन्युअल रेट में थोड़ी कमी देखी गई।

### अमन जैन बने मेटा इंडिया के पब्लिक पॉलिसी हेड



**नई दिल्ली।** मेटा इंडिया ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया और अमन जैन को पब्लिक पॉलिसी (सार्वजनिक नीति) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह अपना कार्यभार अगले साल की शुरूआत में संभालेंगे और सीधे मेटा के एशिया-प्रशांत क्षेत्र के पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट साइमन मिलनर को रिपोर्ट करेंगे। जैन इसके साथ ही मेटा इंडिया की लीडरशिप टीम का भी हिस्सा बनेंगे।

## रोजगार बढ़ाने के लिए कौशल प्रशिक्षण व छोटे उद्योग जरूरी

एजेंसी। नई दिल्ली

- भारत के लिए रोजगार बढ़ाने व सभी को साथ लेकर चलने का बड़ा अवसर है

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में ज्यादा रोजगार पैदा करने के लिए दो बातें सबसे जरूरी हैं, जिसमें लोगों को अच्छे कौशल (स्किल) देना और छोटे उद्योगों की क्षमता बढ़ाना शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अपने कामकाजी लोगों की संख्या और उनकी गुणवत्ता दोनों बढ़ाने की जरूरत है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अभी रोजगार बढ़ने का मुख्य कारण स्व-रोजगार में वृद्धि है, जबकि कुशल कामगारों की संख्या काफी धीमी गति से बढ़ रही है। वहीं अगर भारत कपड़ा, जूते, खाद्य प्रसंस्करण जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों और सेवा क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाए तो देश की जीडीपी लगभग 8 प्रतिशत की स्थिर गति से बढ़ सकती है, जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

एनसीएईआर के वाइस चेयरमैन मनीष सभरवाल ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। हालांकि इसकी प्रति व्यक्ति आय अभी 128वें स्थान पर है, लेकिन यह भारत के लिए रोजगार बढ़ाने और सभी लोगों को साथ लेकर चलने का बड़ा अवसर है।

### अदाणी ग्रीन एनर्जी दूसरे वर्ष भी शीर्ष पर

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की ओर से वित्त वर्ष 25 के लिए जारी की गई ताजा सस्टेनेबिलिटी रेटिंग में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड लगातार दूसरे वर्ष इंडस्ट्रियल कंपनियों में शीर्ष पर रही है। कंपनी का कुल सस्टेनेबिलिटी स्कोर 78 रहा है, जो कि पिछले साथ 74 था।

एजीईएल ने कहा कि देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी ने इंडस्ट्रियल फर्म में सबसे उच्चतम सस्टेनेबिलिटी स्कोर हासिल किया है। साथ ही, बिजली उत्पादन क्षेत्र में लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर रही है। एनएसई पर सूचीबद्ध शीर्ष 150 इंडस्ट्रियल कंपनियों में से एजीएल को सस्टेनेबिलिटी के मामले में सबसे अधिक अंक प्राप्त हुए।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार ,13 दिसंबर 2025



## संक्षिप्त समाचार

### एसए20 में प्रिटोरिया कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे केशव महाराज

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर स्पिनर केशव महाराज आगामी एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की।महाराज सीमित ओवरों की क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 38 विकेट दर्ज हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने एसए20 में 33 मैचों में 7.3 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं।एसए20 ने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक महाराज खेल के विभिन्न प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक अनुभव रखते हैं। इसके साथ ही संयम, स्पष्टता और दृढ़ संकल्प के साथ टीमों का नेतृत्व करने का उनका शानदार रिकार्ड रहा है। उनकी उपस्थिति से प्रिटोरिया कैपिटल्स की टीम को नए सत्र से पहले आवश्यक संतुलन और दिशा मिलती है।कैपिटल्स की नजरें एसए20 में अपने पहले खिताब पर टिकी हैं। वह 2023 में फाइनल में सनराइजर्स ईस्टर्न केप से हार गया था।

### भारतीय हॉकी टीम ने द.अफ्रीका को 4-1 से हराकर किया समापन

**स्टेलनबोश (दक्षिण अफ्रीका)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक भी मुकाबले में हार का सामना नहीं करना पड़ा जिसमें दो टेस्ट मैच और एक मैत्री मैच शामिल था। भारत ने रविवार को हुए पहले टेस्ट मैच में शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे और अमित रोहिदास के गोल की बदौलत 5-2 से जीत दर्ज की। सोमवार को खेला गया दूसरा टेस्ट 2-2 से ड्रॉ रहा जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे। वहीं बुधवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में भी भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से जीत हासिल की। इस मुकाबले में सुखजीत सिंह, अमित रोहिदास, हार्दिक सिंह और मनदीप सिंह ने गोल किए।

### स्पेन से हारकर दसवें स्थान पर रही भारतीय महिला जूनियर टीम

**सैंटियागो।** भारत को एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के अंतिम क्लासिफिकेशन मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से वह प्रतियोगिता में दसवें स्थान पर रहा। भारत की तरफ से एकमात्र गोल कनिका सिवाच ने 41वें मिनट में किया जबकि स्पेन की तरफ से नतालिया विलनोवा (16वें) और एस्थर कैनालेस (36वें) ने एक-एक गोल किया। पहले क्वार्टर में काफी रोमांचक खेल देखने को मिला। इस दौरान स्पेन एक समय गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने दो अवसरों पर शानदार बचाव करके गोल नहीं होने दिया। स्पेन को 14वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने एक बार फिर से बचा दिया।दूसरे क्वार्टर के शुरुआती क्षणों में स्पेन ने जवाबी हमला किया और नतालिया विलनोवा ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने इसके बाद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने उसकी एक नहीं चलने दी। भारत का तरफ से सोनम ने 36वें मिनट में गोल कर दिया था लेकिन स्पेन ने वीडियो रेफरल लिया जिसके बाद यह गोल रद्द कर दिया गया। स्पेन ने इसके बाद दूसरा गोल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली।भारत को 41वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। सिवाच ने स्पेनिश गोलकीपर को छकाकर भारत का खाता खोला। भारत ने अंतिम क्वार्टर में बराबरी का गोल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने कुछ शानदार बचाव करके अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए जीत हासिल की।

### एमआई एमिरेट्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर आसान जीत

**अबूधाबी।** फजलहक फारूकी की शानदार गेंदबाजी और जॉनी बेयरस्टो की उपयोगी पारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर सात विकेट से आसान जीत हासिल की।इस जीत से एमआई एमिरेट्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके अब चार अंक हो गए हैं और उसने अपने चार मैचों में से दो में जीत हासिल की है। नाइट राइडर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। उसकी तरफ से अलीशान शराफू ने 38 और सुनील नारायण ने 26 रन बनाए। फारूकी ने 14 रन देकर चार जबकि कामिंदु मेंडिस ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए।एमआई एमिरेट्स ने केवल 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। उसकी तरफ से मोहम्मद वसीम ने 12 गेंदों पर 27 रन, जॉनी बेयरस्टो ने 38 गेंदों पर नाबाद 49 रन और टॉम बैंटन 20 गेंदों में 29 रन बनाए।

### युवा एशियाई पैरा खेल 2025 में भारतीयों का चमकदार प्रदर्शन

**दुबई।** भारत के पैरा खिलाड़ियों ने शुक्रवार को यहां युवा एशियाई पैरा खेल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें बेबी सहाना रवि और विश्व विजय तांबे ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता।सहाना रवि ने पैरा टेबल टेनिस के क्लास एसएफ-9 (अंडर-23) वर्ग में फिलीपींस की ले मैरी मैंगिनसे को सीधे सेटों में हराकर स्वर्ण पदक जीता। विजय तांबे ने उत्तर कोरिया के क्वांग नाम सो के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद क्लास एसएम-10 वर्ग में भारत के खाते रजत पदक जोड़ा। दस से 13 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में 11 खेल स्पर्धाओं तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बोचया, गोलबॉल, पावरलिफ्टिंग, तैराकी, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, व्हीलचेयर बास्केटबॉल और पंजा में मुकाबला होगा।भारत ने 99 खिलाड़ियों का दल भेजा है जिसमें 61 पुरुष और 38 महिलाएं हैं जो आठ खेल स्पर्धाओं में मुकाबला करेंगे।

### स्क्वाश विश्व कप: भारत सेमीफाइनल में

**चेन्नई।** भारत ने स्क्वाश विश्व कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।अनुभवी जोशना चिनप्पा, उभरती स्टार अनाहत सिंह और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने क्वार्टर फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। अब भारत का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मिस्र से होगा। जोशना ने पहले महिला एकल में टीगन रसेल को महज 13 मिनट में 3-0 (7-4, 7-4, 7-2) से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दी।अभय ने डेवाल्ड वैन नीकर्क पर 3-0 (7-1, 7-6, 7-1) से जीत हासिल करके बढ़त दोगुनी कर दी।

---

अंडर-19 एशिया कप | उद्घाटन मैच में भारत ने यूएई को 234 रन के बड़े अंतर से हराया

# सूर्यवंशी की रिकॉर्डतोड़ पारी

**एजेंसी। दुबई**

वैभव सूर्यवंशी की 95 गेंद में 171 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने अंडर-19 वनडे एशिया कप के अपने शुरुआती मैच में शुक्रवार को यहां यूएई को 234 रन के बड़े अंतर से हराया।इस 14 साल के खिलाड़ी ने 14 छक्के लगाकर अंडर-19 वनडे क्रिकेट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके भी जड़े। सूर्यवंशी की आतिशी पारी के अलावा विहान मल्होत्रा (55 गेंद में 69) और आरोन जॉर्ज (73 गेंद में 69) की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने 50 ओवर में छह विकेट पर रिकॉर्ड 433 रन बनाये। यह अंडर-19 वनडे में भारत का सर्वाधिक स्कोर होने के साथ एशिया कप इतिहास का भी सर्वोच्च स्कोर है। यूएई की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी भारत को टक्कर देने की स्थिति में नहीं दिखी। टीम ने पृथ्वी मधु (50) और उद्धिश सूरी (नाबाद 78) की अर्धशतकीय पारियों से सात विकेट पर 199 रन बनाये। सूर्यवंशी की 171 रन की पारी अब युवा वनडे में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह रिकॉर्ड अंबाती रायुडु के नाम है जिन्होंने 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 177 रन बनाये थे। यह अंडर-19 वनडे में नौवा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सूर्यवंशी ने क्रीज पर आते ही यूएई के गेंदबाजों की खबर लेनी शुरू कर दी। उन्होंने 30 गेंद में अपना




**171 रन 95 गेंद में नौ चौके और 14 छक्के की मदद से बनाए वैभव सूर्यवंशी ने**

अर्धशतक और फिर 56 गेंद में शतक पूरा किया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने जॉर्ज के साथ दूसरे विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की। वह 33वें ओवर में स्पिनर सूरी की गेंद पर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद मध्य क्रम ने लय बनाए रखी, जिसमें वेदांत त्रिवेदी (34 गेंद में 38 रन), अभिज्ञान कुंडू (17 गेंद में नाबाद 32) और कनिष्क चौहान (12 गेंद में नाबाद 28) ने रनों का प्रवाह जारी रखते हुए भारत को 400 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। यूएई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 53 रन तक छह विकेट गंवा दिये। सूरी और मधु ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 144 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर टीम के हार को अंतर को कम किया। सूरी ने एक छोर संभाले रखा जिससे भारतीय टीम ने नौ गेंदबाजों के इस्तेमाल के बावजूद यूएई को ऑल आउट नहीं कर सकी।

---

# टीम चाहती है कि गिल आईपीएल की तरह बल्लेबाजी करें : टेन डोएशे

**एजेंसी। मुल्लांपुर**

भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा कि स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने टी20 में वापसी के बाद से खुद पर बहुत अधिक बोझ ले लिया है और टीम चाहती है कि वह आईपीएल की तरह ही खुलकर बल्लेबाजी करें। गिल ने सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी की थी। उन्होंने शीर्ष क्रम में संजू सैमसन की जगह ली, लेकिन वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिससे अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठने लग गए हैं।

भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में हार के बाद टेन डोएशे संवाददाताओं से कहा कि गिल को सबसे छोटे प्रारूप में थोड़ा सहज होने की जरूरत है और उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिर में इसके संकेत दिखाए थे।टेन डोएशे ने पीटीआई के एक सवाल के जवाब में कहा, इंग्लैंड में जिस तरह से उन्होंने कप्तानी संभाली



भारत व द.अफ्रीका के बीच होने वाले तीसरे टी20 मैच के लिए हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा हवाई अड्डे से बाहर निकलते शुभमन गिल।

और जिस तरह से उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया उसकी कुछ झलक टी20 टीम में उनके इरादों में दिखती है। उन्होंने कहा, अगर कुछ था तो वह कुछ ज्यादा ही परवाह करने वाले खिलाड़ी हैं और अपनी भूमिका को लेकर शायद कुछ थोड़ा ज्यादा सख्त हो गए। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिर में हमारी बातचीत उस जिम्मेदारी को कम करने और स्वच्छंद होकर खेलने से जुड़ी थी। विशेषकर उस भूमिका में जहां आपको लगता है कि आपको टीम में अपनी जगह को सही साबित करने की जरूरत है। टेन डोएशे ने कहा, हम नहीं चाहते कि वह ऐसा करे। हम चाहते हैं कि जिस तरह से उन्होंने आईपीएल में खुलकर बल्लेबाजी की थी, यहां भी वह इस तरह की आजादी से खेलें। हमें उसकी प्रतिभा पर भरोसा है और हमें विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सूर्या (कप्तान सूर्यकुमार यादव) के साथ भी ऐसा ही है।नीदरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने सूर्यकुमार का भी समर्थन किया, जो पिछले साल कप्तानी संभालने के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।टेन डोएशे ने कहा, ''सूर्या बेहतरीन खिलाड़ी हैं और हमें उन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं। अगर आप भारत की तरफ से नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना चाहते हैं, तो आप पर रन बनाने का दबाव होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, काफी समय से वह उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा कि हम उनसे अपेक्षा कर रहे हैं लेकिन हमारे लिए यह चिंता का विषय नहीं है।

---

# मेस्सी भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार

**एजेंसी। कोलकाता**

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी की 2011 के बाद शनिवार से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा। मेस्सी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। तब फीफा मैत्री मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया था और 85,000 से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में जमा हुए थे। कुछ दर्शक तो स्टैंड के किनारों पर भी बैठे थे।

आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेस्सी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को यहां शुरू होगा और सोमवार को नयी दिल्ली में समाप्त होगा।फिर भी एक ऐसे शहर के लिए यह बेहद खास है, जिसने कभी माराडोना तो कभी पेले



सिर आंखों पर बिठाया तो कभी अपने फुटबॉल प्रेम से डुंगा को चकाचौंध किया और रोनाल्डिन्हो को गले लगाया। इसे देखते हुए फुटबॉल नहीं खेलने के बावजूद यह शहर मेस्सी को अपने सिर आंखों पर बिठाने के लिए तैयार है।आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए 78,000 सीटें सुरक्षित रखी हैं। यहां मेस्सी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7,000 रुपये तक है। यह देखना हालांकि बाकी है कि फुटबॉल प्रेमी इस कार्यक्रम के प्रति कितना उत्साह दिखाते हैं। मेस्सी भारत में 72 घंटे से भी कम समय बिताएंगे, लेकिन इस दौरान वह चार महानगरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का दौरा करेंगे। अपनी इस संक्षिप्त दौरे के दौरान उनके कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज, बॉलीवुड हस्तियां और यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ निर्धारित बैठक भी शामिल है।

मेस्सी के प्रशंसकों में से एक भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का भी 14 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले टी20 मैच के बाद उनसे मिलने की उम्मीद है।मेस्सी का पिछला भारत दौरा फुटबॉल प्रेमियों की स्मृतियों में आज भी जीवंत बना हुआ है, जब उन्होंने तीन सितंबर, 2011 को अपने पांवों का जादू दिखाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया था। भले ही वह उस मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन उन्हें अपने सामने खेलते हुए देखना भी बहुत बड़ा रोमांच था। मेस्सी के वर्तमान दौरे का मुख्य आकर्षण रविवार को मुंबई में होने वाला 45 मिनट का फैशन शो होगा जिसमें यह दिग्गज फुटबॉलर लंबे समय तक अपने साथी रहे लुई सुआरेज़ और अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल के साथ भाग लेगा।

---

# गुलवीर, संजीवनी कोलकाता 25 के में पेश करेंगे चुनौती

**कोलकाता।** राष्ट्रीय 10,000 मीटर और 5,000 मीटर रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन संजीवनी जाधव 21 दिसंबर को कोलकाता में टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर दौड़ स्पर्धा) में भारतीय एलीट वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए चुनौती पेश करेंगे। देश के सबसे तेज लंबी दूरी के धावक और 5000 मीटर की दौड़ को 13 मिनट के अंदर पूरा करने वाले पहले भारतीय बने गुलवीर सिंह इस आयोजन के 10वें सत्र के मुख्य आकर्षण होंगे। इस स्पर्धा में कुल 142,214 डॉलर की पुरस्कार राशि है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि है। शीर्ष तीन भारतीय एलीट धावकों को क्रमशः तीन लाख रुपये, ढाई लाख रुपये और दो लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगे। इसके साथ ही नया रिकॉर्ड कायम करने वाले भारतीय खिलाड़ी को एक लाख रुपये का बोनस भी मिलेगा। पुरुषों के वर्ग में कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन और 2023 टाटा स्टील वर्ल्ड स्वर्ण पदक विजेता सावन बरवाल भी शामिल हैं। मौजूदा राष्ट्रीय 5000 मीटर और 10,000 मीटर चैंपियन अभिषेक पाल, महाराष्ट्र के उभरते हुए सितारे किरण महात्रे और गौरव माथुर भी पुरुष वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। दो बार की विजेता संजीवनी (2022, 2024) ने लंबे समय तक लंबी दूरी की दौड़ में देश में दबदबा बनाया है। एशिया की कई स्पर्धाओं में शीर्ष तीन में जगह बना चुकी संजीवनी ने कहा, एशियाई खेल नजदीक है, इसलिए मैं यहां अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। संजीवनी की प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों में 2025 दिल्ली हाफ मैराथन में भारतीय एलीट वर्ग की विजेता और दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता सीमा हैं। लिली दास और निरमाबेन ठाकोर भी खिताब के लिए मजबूत चुनौती पेश करेंगी।

---

# उन्नति, तस्नीम, रौनक सेमीफाइनल में

**एजेंसी। कटक**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तस्नीम मीर, इशारानी बरुआ, किरण जॉर्ज और रौनक चौहान ने ओडिशा मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पुरुष एकल में दूसरे वरीय किरण ने रित्विक संजीव को 33 मिनट में 21-11, 21-17 से हराकर अपना दमखम बरकरार रखा। अब उनका मुकाबला रौनक से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त हमवतन शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 41 मिनट के कड़े मुकाबले में 21-19, 22-20 से हराकर उलटफेर किया। इंडोनेशिया के मोहम्मद यूसुफ ने शीर्ष वरीयता प्राप्त थारुन मन्नेपल्ली को 49 मिनट में 21-9, 22-20 से हराया।

महिला एकल क्वार्टर फाइनल में भी कुछ चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले जहां सेमीफाइनल में चारों भारतीय खिलाड़ियों के पहुंचने से खिताब भारत के नाम पक्का हो गया। तान्या हेमंत ने तीसरी वरीयता प्राप्त और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को 39 मिनट में 21-18, 21-17 से हराकर चौंका दिया। उनका मुकाबला शानदार लय में चल रही साथी हमवतन ईशारानी बरुआ से



होगा। बरुआ ने छठी वरीयता प्राप्त अनमोल खरब को 41 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर अपनी शानदार लय बरकरार रखी। शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा ने अनुपमा उपाध्याय को 21-16, 21-15 से हराकर अंतिम में प्रवेश किया। तस्नीम मीर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की सातवीं वरीयता प्राप्त तुंग सिउ-टोंग को आसानी से मात देकर महिला एकल में सेमीफाइनल में पक्की की। महिला युगल में अश्विनी भट और शिखा गौतम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी वरीयता प्राप्त कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को 21-12, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पुरुष युगल में भार्गव राम अरिगेला एवं विश्व तेज गोब्बुरु और पृथ्वी कृष्णमूर्ति एवं साई प्रतीक की जोड़ियां अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से हार गईं।

---

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया

**एजेंसी। वेलिंगटन**

जैकब डफी की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। डफी ने 38 रन देकर पांच विकेट लिए। यह श्रृंखला में दूसरा अवसर था जबकि उन्होंने पारी में पांच विकेट लिए। उनके साथी तेज गेंदबाज माइकल रे ने 45 रन देखकर तीन विकेट हासिल किए जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 128 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह से न्यूजीलैंड को 56 रन का लक्ष्य मिला और उसने केवल 10 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 205 रन बनाए थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 278 रन बनाकर 73 रन की बढ़त हासिल की थी। इन दोनों टीमों के बीच पहला




टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से शुरू होगा।

न्यूजीलैंड ने छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान टॉम लैथम (09) का विकेट गंवाया। डेवोन कॉनवे 28 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि केन विलियमसन (नाबाद 16 रन) ने एंडरसन फिलिप की गेंद पर चौका लगाकर चाय के ब्रेक से कुछ मिनट पहले टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।तेज गेंदबाज माइकल रे और विकेटकीपर-बल्लेबाज मिच हे ने भी न्यूजीलैंड की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिन्हें कई खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के कारण टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला था। मिच हे ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में सर्वाधिक 61 रन बनाए थे जबकि माइकल रे ने मैच में 106 रन देकर छह विकेट हासिल किए।

### भारतीय टीम छठे पायदान पर लुढ़की

**दुबई।** वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में एक स्थान फिसल कर छठे पायदान पर पहुंच गयी। इस शानदार जीत से तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड की टीम तालिका में संयुक्त रुप से तीसरे स्थान पर आ गयी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआती दो चक्र की उपविजेता रही भारतीय टीम को पिछले महीने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से हार का सामना करने के बाद बड़ा खामियाजा उठाना पड़ा था। टीम तब तालिका ने पांचवें स्थान पर खिसक गयी थी जबकि उस समय न्यूजीलैंड छठे स्थान पर था। बेसिन रिवर्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की बड़ी जीत के बाद तालिका में उलटफेर देखने को मिला।पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 100 प्रतिशत अंकों (जीत-हार प्रतिशत) के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

---

लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने के लिए

# विनेश फोगाट ने संन्यास से वापसी की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को कहा कि उनका जोश और जज्बा अब भी पहले की तरह कायम है और वह 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने के लिए संन्यास से वापसी करेगी। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में मिली निराशा के बाद खेल से दूरी बना ली थी।

पेरिस ओलंपिक में उन्हें महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले निर्धारित वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था।उन्होंने खेल पंचाट (सीएएस) में संयुक्त रूप से रजत पदक देने की मांग की थी, लेकिन फैसला नहीं बदला गया, जिसके चलते उन्होंने संन्यास की घोषणा की और राजनीति में प्रवेश किया। वह हरियाणा के जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुनी गईं। विनेश ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा, लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस में ही मेरे सफर का अंत हो गया है। लंबे समय तक



मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपनी महत्वाकांक्षाओं से भी दूर रहने की जरूरत थी। कई वर्षों में पहली बार मैंने चैन की सांस ली। उन्होंने कहा, मैंने अपने सफर के महत्व को समझने के लिए समय लिया। चरम पर पहुंचना, दिल टूटने के पल, मेरे बलिदान और मेरे वो रूप जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा। उस आत्मचिंतन में कहीं न कहीं मुझे इस सच्चाई का एहसास हुआ कि मुझे अब भी यह खेल पसंद है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं। इस बीच विनेश जुलाई में एक बेटे की मां भी बनी।

विनेश ने कहा, उस सन्नाटे में मुझे एक ऐसी बात का एहसास हुआ जिसे मैं भूल चुकी थी। यह था कि वह जोश कभी खत्म नहीं हुआ है। यह केवल थकान और शोर के कारण नेपथ्य में चला गया था। अनुशासन, दिनचर्या, संघर्ष, यह सब मेरे भीतर मौजूद हैं। मैं चाहे कितनी भी आगे निकल जाऊं, मेरा एक हिस्सा हमेशा मैट पर ही रह जाता है।विनेश ने कहा कि वह नए जोश और जज्बे तथा अपने बेटे के साथ लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अपने सफ़र को शुरू करेगी। उन्होंने कहा, इसलिए मैं आज यहां पर मौजूद हूं तथा पूरी निडरता और दृढ़ संकल्प के साथ लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तरफ कदम बढ़ा रही हूं। इस बार मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा भी मेरी टीम में शामिल हो रहा है। वह मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक के इस सफर में मेरा छोटा सा चीयरलीडर है। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर पहले ही इतिहास रच दिया था। तीन बार की ओलंपियन विनेश ने एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों दोनों में स्वर्ण पदक जीते हैं।

---

# अरोड़ा का शतक बेकार, झारखंड ने पंजाब को हराया, एमपी भी जीता

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

**अम्बी (महाराष्ट्र)।** सलिल अरोड़ा ने पंजाब के लिए 125 रन की शानदार शतकीय पारी खेली लेकिन झारखंड ने बल्लेबाजों के एकजुट प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग ग्रुप ए मैच में छह विकेट से जीत हासिल की। अरोड़ा ने 45 गेंद की पारी के दौरान नौ चौके और 11 छक्के जड़े। उन्होंने 39 गेंद में शतक जड़ दिया जिससे पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट पर 235 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जबकि टीम ने 28 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। अरोड़ा ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा की गेंदों को धुना और पारी के अंतिम ओवर में तीन छक्के और एक चौका जड़कर पंजाब को बड़ा स्कोर बनाने में मदद की।अरोड़ा का यह प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी को निश्चित रूप से आकर्षित करेगा क्योंकि चार दिन बाद ही लीग की मिनी नीलामी होगी।अरोड़ा विकेटकीपर-बल्लेबाज की भी भूमिका निभा सकते हैं लेकिन इस दिन पंजाब के कप्तान प्रभसिमरन सिंह ने विकेटकीपिंग की। लेकिन कुमार कुशाग्र (नाबाद 82), कप्तान ईशान किशन (47 रन), अनुकूल रॉय (37 रन) और पंकज कुमार (39 रन) की बदौलत झारखंड ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 237 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। एक अन्य मैच में भारत के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने आंध्र के लिए 25 रन बनाए और तीन विकेट लिए लेकिन उनका प्रदर्शन टीम के काम नहीं आ सका जिससे मध्य प्रदेश इस कम स्कोर वाले मुकाबले में चार विकेट से जीत दर्ज करने में सफल रहा। आंध्र की टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर सिमट गई जिसमें केएस भरत के 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। मध्य प्रदेश ने 17.3 ओवर में छह विकेट पर 113 रन बनाकर जीत दर्ज की जिसमें ऋषभ चौहान ने 47 और राहुल बाथम ने नाबाद 35 रन बनाए।वहीं ग्रुप बी के मैच में राजस्थान की टीम हरियाणा से सात विकेट से हार गई।



सलिल अरोड़ा 125 रन बनाए।

अगर आप भी अपने कलीग या दोस्तों के साथ क्रिसमस पार्टी के लिए जानें वाली हैं, तो अब आप अपने लुक को खास और डिफरेंट बना सकती हैं। आज हम आपको कुछ लेटेस्ट और डिजाइनर आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिसे आप पार्टी में पहन सकती हैं।



# क्रिसमस पार्टी के लिए चुनें ऐसे वेस्टर्न आउटफिट

दिसंबर का महीना शुरू होते ही अधिकतर महिलाएं क्रिसमस पार्टी और ईयर एंड की पार्टी को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाती हैं। ऐसे में वह कुछ दिनों पहले से ही क्रिसमस पार्टी के लिए आउटफिट खरीदना शुरू कर देती हैं। अगर आप भी क्रिसमस पार्टी पर अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट वेस्टर्न ड्रेस बताएंगे, जिन्हें आप क्रिसमस पार्टी पर पहनकर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं।



**वेलवेट फूल स्लीव वी नेक ड्रेस:** अगर आप भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो अब आप क्रिसमस पार्टी के दौरान इस तरह की खूबसूरत वेलवेट फूल स्लीव वी नेक ड्रेस को शामिल कर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी, जो आपकी खूबसूरती को बढ़ा देगी।

**पफ स्लीव वेलवेट बरगंडी मिडी ड्रेस:** हर साल की तरह इस साल भी अगर आप क्रिसमस पार्टी को यादगार बनाना चाहती हैं, तो एक जैसे कपड़े पहनने के बजाय आप इस तरह की खूबसूरत वेस्टर्न पफ स्लीव वेलवेट बरगंडी मिडी ड्रेस को पहनकर अपनी खूबसूरती को दोगुना कर सकती हैं। ऐसे वेस्टर्न आउटफिट इन दिनों काफी चलन में हैं, जो अधिकतर महिलाओं को पसंद आ रहे हैं। आप इसे क्रिसमस या न्यू ईयर पार्टी के दौरान पहन सकती हैं।

**वी-नेक पफ स्लीव वेलवेट टॉप और स्प्लिट थाई स्कर्ट सेट:** क्रिसमस पार्टी के खास मौके पर पहनने के लिए आप इस तरह का खूबसूरत वी-नेक पफ स्लीव वेलवेट टॉप और स्प्लिट थाई स्कर्ट सेट भी ट्राई कर सकती हैं। यह आपके लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। ऐसी वेस्टर्न ड्रेस न सिर्फ आपके लुक अट्रैक्टिव बनाएगी, बल्कि इसे पहनकर आप कंफर्टेबल भी महसूस कर सकती हैं। आप चाहे तो इस ड्रेस के साथ स्टॉकिंग भी शामिल कर सकती हैं।

**बरगंडी कलर फ्लोरल रेड बॉडीकॉन ड्रेस:** क्रिसमस पार्टी को मजेदार और खास बनाने के लिए आप इस तरह की बरगंडी कलर फ्लोरल रेड बॉडीकॉन ड्रेस को भी शामिल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं। इसके साथ आप मिनिमल मेकअप कर अपने लुक को कम्पलीट कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। यह ड्रेस ईयर एन्ड पार्टी के लिए भी बेस्ट हो सकती हैं। आपको इस ड्रेस में और भी कलर मिल जाएंगे।



## विंटर लिप केयरः चुकंदर के बिना पाएं गुलाबी होंठ

सर्दियों में होंठों का फटना, ड्राई होना और डार्क दिखना आम समस्या है। बीटरूट पिंक लिप्स पाने के लिए फेमस है, लेकिन हर किसी के पास यह हमेशा उपलब्ध नहीं रहता या फिर सूट नहीं करता। ऐसे में आप कुछ आसान घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं जो बिना बीटरूट के भी होंठों को नेचुरली पिंक, सॉफ्ट और हाइड्रेटेड बनाते हैं। ये उपाय पूरी तरह नेचुरल हैं और नियमित इस्तेमाल से होंठों की डलनेस और ड्राइनेस दोनों दूर होती हैं।

**गुलाब की पंखुड़ियां और दूध:** गुलाब की पंखुड़ियों में नेचुरल पिगमेंट, विटामिन अ और एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो होंठों की डार्कनेस कम करते हैं और हल्का गुलाबी रंग लाते हैं। दूध लैक्टिक एसिड से एक्सफोलिएशन करता है और होंठों को मुलायम बनाता है।

**कैसे तैयार करें:** 5-6 ताजी गुलाब की पंखुड़ियां लें। इन्हें 2 चम्मच ठंडे दूध में 10-15 मिनट के लिए भिगो दें और फिर पीसकर महीन पेस्ट बना लें। हल्के हाथों से मसाज करते हुए रोजाना लगाएं। इससे होंठों पर हल्का गुलाबी टिंट आता है और ड्राईनेस तुरंत कम होती है।

**देसी घी और शहद:** देसी घी में फैटी एसिड्स, जबकि शहद में एंटीबैक्टीरियल और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं। दोनों मिलकर होंठों की फटी परतों को ठीक करते हैं।

**कैसे तैयार करें:** आधा चम्मच देसी घी लें और इसमें 3-4 बूंद शहद मिलाएं। अच्छी तरह मिक्स करें और रात में होंठों पर मोटी लेयर लगाकर सो जाएं, सुबह हल्के हाथों से साफ करें। इससे होंठ बेहद सॉफ्ट, फटे हिस्से ठीक और पिगमेंटेशन धीरे-धीरे कम होता है।

**हल्दी और दूध:** हल्दी में करक्यूमिन होता है जो स्किन लाइटनिंग में मदद करता है। वहीं, दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड डेड सेल्स हटाता है।

**कैसे तैयार करें:** एक छोटी कटोरी में चुटकी भर हल्दी डालें, फिर उसमें कुछ बूंद दूध मिलाकर पेस्ट बनाएं। होंठों पर 5-7 मिनट के लिए लगाएं, फिर हल्के हाथों से मसाज करते हुए साफ कर दें। इससे डार्कनेस कम होती है और होंठ साफ, ब्राइट और सॉफ्ट दिखते हैं।

## बढ़ती ठंड में पाएं गर्माहट
# वूलन पैंट्स को करें स्टाइलिश तरीके से कैरी

सुंदर दिखना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में हम अक्सर कुछ ऐसे डिजाइंस वाले कपड़े खरीदते हैं, जिसे पहनकर ठंड कम लगे, लेकिन जब बॉटम वियर की बात आती है, तो इसके लिए हम जींस या गर्म लेगिंग्स को ही वियर करते हैं। पैंट्स में आपको कई सारे डिजाइंस मिल जाएंगे, जिससे आपका लुक अच्छा नजर आएगा।

**बूटकट वूलन पैंट करें स्टाइल**

अगर आपको लुक स्टाइलिश क्रिएट करना है, तो ऐसे में आप बूटकट डिजाइन वाली पैंट को स्टाइल कर सकती हैं। बूटकट पैंट पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इस तरह की पैंट के साथ आप क्रॉप टॉप और जैकेट को वियर करके लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं। आप इस तरह की पैंट को अपनी पसंद के रंग में खरीदें और ऑफिस से लेकर खास इवेंट पर स्टाइल करें।

**लूज फिट वूलन पैंट करें स्टाइल**

अगर आपको सिंपल ऑफिस लुक क्रिएट करना है, तो ऐसे में आप लूज फिट वूलन पैंट को स्टाइल करें। इस तरह की पैंट पहनने बाद अच्छी लगेगी। इसके साथ आप शर्ट से लेकर टी-शर्ट दोनों जैकेट या ब्लेजर के साथ वियर कर सकती हैं।

**वूलन पैंट करें स्टाइल**

अगर आपको कुछ अलग तरह के डिजाइन वाली वूलन पैंट को स्टाइल करना है, तो ऐसे में आप इस फोटो में नजर आने वाली पैंट को वियर कर सकती हैं। कैजुअल लुक के लिए इस तरह के पैंट काफी अच्छी और अट्रैक्टिव नजर आती हैं। इसमें नीचे की तरफ कटवर्क वाला डिजाइन दिया जाता है। ऐसे में आप ऊपर का टॉप सिंपल वियर कर सकती हैं, ताकि लुक अच्छा लगे।

**वाइड लेग डिजाइन वूलन पैंट**

खूबसूरत दिखने के लिए आप वाइड लेग डिजाइन वाली वूलन पैंट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की पैंट में किसी तरह का डिजाइन नहीं होता है। बस इसके नीचे की मोहरी चौड़ी होती है, जिसकी वजह से ये पहनने में काफी कम्फर्टेबल रहती है। ऐसे में इस बार सर्दी के मौसम में इस तरह की पैंट स्टाइल कर सकती हैं, ताकि आपका लुक अच्छा नजर आए।



## ऑफिस में विंटर लुक को बनाना है खास, तो शामिल करें ऐसे इयररिंग्स

सर्दियों में अगर आप भी रोजाना ऑफिस जाती हैं और अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं, तो अब आप कुछ नए और लेटेस्ट गोल्डन इयररिंग्स को ट्राई कर अपने विंटर लुक को खास बना सकती हैं।



**लीफ डिजाइन हूप इयररिंग्स:** अगर आप सर्दियों में अपने ऑफिस लुक को खास और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो अब आपके लिए इस तरह के खूबसूरत गोल्डन लीफ डिजाइन हूप इयररिंग्स एक बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। ऐसे इयररिंग को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स को आप अपने ऑफिस में पहनकर जा सकती हैं। यह आपकी खूबसूरती को दोगुना कर सकते हैं।

**ट्राएंगल शेप डेंगल इयररिंग्स:** अगर आप अपने विंटर लुक को खास और अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं साथ ही ऑफिस में गॉर्जियस लुक क्रिएट कर जाना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह के ट्राएंगल शेप डेंगल इयररिंग्स को शामिल कर अपने लुक को बेहतर बना सकती हैं। ऐसे इयररिंग्स आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं। इन्हें आप किसी भी तरह के वूलन आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।

**गोल्डन क्नॉट शेप इयररिंग डिजाइन:** अगर आप अपने ऑफिस में भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह की खूबसूरत गोल्डन क्नॉट शेप इयररिंग डिजाइन को शामिल कर सकती हैं। इस तरह के गोल्डन ईयररिंग डिजाइंस को आप किसी भी ऑउटफिट के साथ शामिल कर अपनी खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।

**गोल्डन ड्राप इयररिंग्स:** आप चाहे तो विंटर लुक को खास और बेहतर बनाने के लिए तरह की खूबसूरत गोल्डन ड्राप इयररिंग्स को पहनकर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। ऐसे गोल्डन ईयररिंग्स इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं, जो आपकी खूबसूरती को बढ़ाने में भी मदद करेंगे साथ ही आपके लुक को डिफरेंट बना देंगे आप इन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**गोल्डन क्लासिक लीफ डिजाइन इयररिंग्स:** आप चाहे तो सर्दियों में अपनी खूबसूरती को दोगुना करने के लिए इस गोल्डन लीफ डिजाइन इयररिंग्स को भी शामिल कर सकती हैं।

## खुशियों की ओर चार कदम

हम सभी घर, ऑफिस और अन्य जिम्मेदारियों के बीच कई बार खुद को खोया महसूस करते हैं। अगर इस बीच खुद से मुलाकात कराने वाला कोई मौका सामने आता है तो मन फूला नहीं समाता। तो आइए, ऐसे ही कुछ आसान मौके अपने लिए खुद बनाना सीखें।

- छोटी-छोटी चीजें आपके तनाव को कम करने में बहुत कारगर होती हैं। जैसे कि बॉडी स्पा जाना, बालों का स्पा करवाना, अपने लिए सुंदर सा टी मग खरीदना, खुद का कोई फेवरिट फूड आइटम रेस्तरां में जाकर खाना या अपने कमरे में कोई नई तस्वीर लगाना आदि।
- डांस करें। डांस करना बिगड़े मूड को बना देता है। इसके लिए डिस्को थेक जरूरी नहीं। बस कमरा बंद करें, गाने का वॉल्यूम बढ़ाएं और शीशे के सामने ही कुछ वक्त तक डांस करें। आप किसी खास तरीके का डांस सीख कर उसका इस्तेमाल एक्सरसाइज के रूप में भी कर सकती हैं।
- कोई खेल आप में जितनी ऊर्जा भर सकता है, उसकी तुलना किसी और चीज से नहीं की जा सकती। अपने मूड को बदलने के लिए स्पोर्ट्स का रुख करें। बैडमिंटन, साइकलिंग से लेकर एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे बंजी जम्पिंग, राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग आदि अच्छे विकल्प साबित हो सकते हैं।
- आप भी कभी न कभी तनाव दूर करने के लिए अकेले टहलने गई होंगी। क्यों न इसे अपने लाइफस्टाइल का हिस्सा बना लें। असर आप खुद महसूस करेंगी। टहलने के दौरान गहरी सांस लें। टहलने के लिए सुबह का वक्त चुनें, ताकि प्रदूषण से दूर रह सकें।

## सर्दियों में रूसी से भर गया है सिर, तो आजमाएं घरेलू नुस्खे

**सर्दियां शुरू होते ही बालों में रूसी हो जाती है। बालों की सतह ड्राई होने लगती है और ऐसे में ये डैंड्रफ बनकर झड़ने लगता है। रूसी से खुजली भी खूब होती है और इससे कई बार शर्मिंदगी का सामना करना पड़ सकता है। बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के शैंपू का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन आप कुछ घरेलू तरीकों से इससे छुटकारा पा सकते हैं। चलिए आपको इन नुस्खों के बारे में बताते हैं।**



**1- कपूर-नारियल तेल:** रूसी और खुजली की समस्या से परमानेंट छुटकारा पाने के लिए कपूर और नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। नारियल तेल बालों में नमी देगा और खुश्की को खत्म करेगा। नारियल तेल में कपूर को पीसकर मिलाकर लगाएं। रातभर के लिए छोड़ दें और फिर सुबह हेयर वॉश करें।

**2- दही हेयर मास्क:** दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो बालों को सॉफ्ट, शाइनी और डैंड्रफ फ्री बनाता है। दही का फेस मास्क बालों में लगाएं और आधे घंटे के बाद बाल धो लें। इससे भी डैंड्रफ की समस्या से परमानेंट छुटकारा मिल जाएगा।

**3- नींबू का रस:** नारियल तेल में नींबू का रस मिलाकर बालों में आधे घंटे लगाकर छोड़ दें। फिर बालों को धो लें। इसके अलावा आप बाल धोने से पहले गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर भी लगा सकते हैं। फिर शैंपू करें, इससे भी रूसी खत्म हो जाएगी।

**4- कपूर का तेल:** कपूर का तेल बालों के लिए वरदान माना जाता है, इसमें कई ऐसे तत्व होते हैं। जो बालों को चमकदार, मजबूत बनाते हैं और गंदगी भी साफ करते हैं। कपूर के तेल को बालों में लगाकर 1 घंटे के लिए छोड़ दें। फिर पानी-शैंपू से साफ करें।

**5- ग्रीन टी:** ग्रीन टी के 2 बैग्स लें और इसे हल्के गुनगुने पानी में डालकर भिगो दें। आधे घंटे बाद इस पानी से बाल धोएं और रगड़ें। ग्रीन टी से भी डैंड्रफ से राहत मिल जाएगी।

# गर्भवती महिलाओं के लिये व्यायाम

**प्रेगनेंसी के दौरान सही ब्रीदिंग बहुत जरूरी है। इसके पीछे कारण यह है कि बच्चे के पूर्ण विकास के लिए और शरीर के सुचारू कार्य के लिए ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति बहुत जरूरी है। ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति से बच्चे का विकास तेजी से होता है और भ्रूण को आवश्यक पोषण मिलता है। इसलिए ब्रीदिंग तकनीक को सही और संशोधित करना बहुत जरूरी है।**

शरीर में ऑक्सीजन की पूर्ण सप्लाई के लिए हम आपको बता रहे हैं कुछ साधारण ब्रीदिंग एक्सरसाइजेज पेट से सांस लेना इसे बैली ब्रीदिंग भी कहते हैं। अपने पैरों को मोड़कर आरामदायक मुद्रा में बैठें। अपने जबड़ों, कन्धों और नितम्बों समेत अपने पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें। अपना एक हाथ अपने पेट पर रखें और दूसरा इसके ऊपर रखें। निचले हिस्से से गहरी सांस लें और पेट को हवा से भर लें इसके बाद 8 तक या जितने में आप सहज महसूस करें उतनी गिनती गिनें। उतनी ही काउंटिंग करते हुए इसे धीरे धीरे छोड़ दें। जब तक यह सहज रूप से ना हो जाएं तब तक इसे रोजाना 10 मिनट तक करें। यदि भारी पेट के कारण आप ऐसा नहीं कर पा रही हैं तो आप यह प्रक्रिया घुटनों पर हथेलियों को रखकर भी कर सकती हैं।



छाती से सांस लेना सीधे खडें हों और अपने पैर एक दुसरे के सामानांतर रखें। अपने मुह को बंद रखें और 10 तक गिनते हुए गहरी सांस लें। अपने हाथों को छाती पर रखें। लेकिन ध्यान रखें इन्हे छाती पर जोर से नहीं दबाएं। सांस लेते हुए जैसे-जैसे आपके फेफड़े फूलें वैसे ही अपने हाथों को फैलाएं। कुछ समय तक सांस रोकें और फिर धीरे-धीरे छोड़ दें। जितना समय सांस लेने में लिए उतना ही सांस छोड़ने में लें। आप दोनों क्रियाओं में समान रूप से गिनती गिनते हुए भी ऐसा कर सकती हैं। फायदे के लिए इस व्यायाम को 10 बार करें। सातवे माह के बाद यह एक्सरसाइज थोड़ी कठिन हो जाती है, इसका ध्यान रखें और जितना आप आराम से कर सकें, उतना ही करें। उथले सांस लेना (शैलो ब्रीदिंग) ध्यान रखें कि शैलो ब्रीदिंग दिन भर करना ठीक नहीं है क्यों कि इससे बच्चे को ऑक्सीजन की सही आपूर्ति नहीं होती है। फिर भी दिन में कुछ मिनटों के लिए इसे करना फेफड़ों के लिए अच्छा है।

इसे करने का सही तरीका है कि आप अपने घुटनों को मोड़ते हुए पीछे की ओर झुक जाएं और फिर पैरों को सामानांतर रखते हुए सीधे खड़े हों। इसके बाद अपना मुह पूरा खोलें और जितना जल्दी आप ले सकें उथली सांसें लें। यह आपके फेफड़ों के लिए एक अच्छी एक्सरसाइज है। दिन में कम से कम पांच मिनट के लिए यह एक्सरसाइज रोजाना करें। वैकल्पिक रूप से गहरी और उथली सांसें लेना आरामयक स्थिति में बैठ जाएं। या तो पैरों को मोड़कर बैठ जाएं या पैरों को सीधे सामानांतर करके खड़े हो जाएं। अपने जबड़े, हाथ, घुटने, नितम्ब और कन्धों समेत पूरे बदन को ढीला छोड़ दें। इसके बाद गहरी सांस लें और इसे कुछ सेकण्ड्स के लिए रखें। इतना ही समय लेते हुए इसे छोड़ दें। फिर अपना मुह चैड़ा खोलें और पांच तक गिनते हुए हवा अंदर खीचें। इसके बाद मुह को बाद कर के गहरी सांस लेने की क्रिया को पुनः करें। इस क्रिया को थोड़ा बढ़ाते हुए पांच बार करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।